






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 54

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12+1 (वेब संस्करण)

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

मंगलवार | 05 दिसंबर, 2023


## संसद सत्रः सांसदों ने पीएम का तालियां बजाकर किया स्वागत, लोकसभा में नारे लगे

# तीसरी बार मोदी सरकार

### बाहर की पराजय का गुस्सा सदन में न दिखाएं, संसद के शीत सत्र को लेकर पीएम मोदी की विपक्ष को नसीहत

### डाकघर और अधिवक्ता संसोधन विधेयक पास, दोनों सदन आज तक स्थगित, राघव चड्ढा 115 दिन बाद संसद लौटे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार 4 दिसंबर से शुरू हो गया। यह सेशन 22 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिन के दौरान दोनों सदनों में 15 बैठके होंगी। लोकसभा में पीएम नरेंद्र मोदी के पहुंचते ही एनडीए के सांसदों ने उनका जोरदार स्वागत किया। सांसदों ने नारे लगाए- बार-बार मोदी सरकार। तीसरी बार मोदी सरकार। सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष से अपील की। उन्होंने कहा कि बाहर मिली पराजय का गुस्सा सदन में मत निकालिए। सदन में सकारात्मक चर्चा कीजिए। लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने बैनर लहराए। इस पर स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि सदन में प्लेकार्ड्स नहीं ला सकते। सदन नियमों के मुताबिक ही चलेगा। उधर, राज्यसभा ने आप सांसद राघव चड्ढा का निलंबन रद्द कर दिया। वे अगस्त 2023 से निलंबित चल रहे थे। इसके लिए भाजपा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव ने प्रस्ताव रखा था।

#### ये चार महत्वपूर्ण जातियां

उन्होंने कहा, 'सभी समाजों और सभी समूहों की महिलाएं, युवा, हर समुदाय और समाज के किसान और मेरे देश के गरीब, ये चार ऐसी महत्वपूर्ण जातियां हैं, जिनके सशक्तिकरण, उनके भविष्य को सुनिश्चित करने वाली ठोस योजनाएं और अंतिम व्यक्ति तक पहुंच के उसूलों पर जो चलता है।

#### सर्दी धीमी गति से आ रही

ऐसे में, पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सर्दी बहुत धीमी गति से आ रही है, लेकिन राजनैतिक गर्मी बड़ी तेज से बढ़ रही है। कल ही चार राज्यों के चुनाव के नतीजे सामने आए हैं। परिणाम बहुत ही उत्साहजनक हैं। खासकर उन लोगों के लिए उत्साहजनक हैं, जो देश के आम लोगों के कल्याण और देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं।



#### मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगेः अठावले

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि भाजपा को तीन राज्यों में बड़ी सफलता मिली है। जनता को हम पर विश्वास है। हमने लोगों के लिए काम किया था, इसलिए 3 राज्यों में सत्ता मिली है, इसका मतलब साफ है कि 2024 में मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, एनडीए की सरकार आएगी।

#### 'लोकसभा चुनाव के लिए बहुत सकारात्मक संकेत'

भाजपा सांसद दीया कुमारी ने कहा कि निश्चित रूप से केंद्र सरकार की योजनाएं और केंद्र सरकार के विकास के कार्यों को देखकर ही जनता ने भाजपा पर विश्वास जताया है। ये लोकसभा चुनाव के लिए बहुत सकारात्मक संकेत है। पिछली बार से भी अधिक सीटें आने की उम्मीद है।

#### राज्यसभा में मेरा निलंबन समाप्त हुआ और न्याय हुआः राघव

आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि 115 दिन बाद मेरा निलंबन समाप्त हुआ। मैं सुप्रीम कोर्ट और राज्यसभा सभापति का धन्यवाद करता हूं। मैं 115 दिन सदन के बाहर रहा, इस दौरान मैं लोगों के हक की बात नहीं कर पाया, उनके अधिकार की लड़ाई नहीं लड़ पाया, लेकिन देर आए दुरुस्त आए।

#### सत्र शुरू होने से पहले इंडिया ब्लॉक की मीटिंग हुई

सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ मीटिंग की। इसमें सदन की कार्यवाही को लेकर रणनीति तैयार की गई।

#### राज्यसभा में वाइस चेयरपर्सन पैनल में अब 50 प्रतिशत महिलाएं

सभापति जगदीप धनखड़ ने 8 सदस्यीय वाइस चेयरपर्सन पैनल में 4 महिलाओं को नियुक्त किया है। इनमें कांग्रेस की फूलो देवी नेताम और भाजपा की फेंगनॉन कोन्याक, दर्शना सिंह और सोनल मानसिंह को शामिल किया गया है। वहीं, 4 पुरुष सांसदों में बीजेडी के सस्मित पात्रा, वाईएसआरसीपी के विजयसाई रेड्डी, टीएमसी के सुखेंदु शेखर रे और निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा हैं।

#### वे बिल जो पहली बार इस सत्र में टेबल किए जाएंगे

- **जम्मू-कश्मीर रीऑर्गेनाजेशन (अमेंडमेंट) बिल 2023:** इसके तहत जम्मू-कश्मीर विधानसभा की एक तिहाई सीट महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी।
- **द गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज (अमेंडमेंट) बिल 2023:** पुडुचेरी विधानसभा में महिलाओं के लिए सीट आरक्षित करने का प्रावधान होगा।
- **द नेशनल कैपिटल टैरिटरी ऑफ डेल्ही लॉज (स्पेशल प्रोवीजन) सेकंड (अमेंडमेंट) बिल 2023:** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाने की अवधि को तीन साल के लिए बढ़ाया जाएगा। बिल के पास होने पर 31 दिसंबर 2026 तक कार्रवाई पर रोक लग जाएगी।
- **द सेंट्रल यूनिवर्सिटी (अमेंडमेंट) बिल 2023:** ये बिल तेलंगाना में सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी बनाने के लिए लाया जा रहा है।
- **द बॉयलर्स बिल 2023:** ये बिल स्टीम बॉयलर्स को रेगुलेट करने वाले बॉयलर्स एक्ट की जगह लेगा।

#### अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023' को मंजूरी

लोकसभा ने 'अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023' को ध्वनिमत से मंजूरी दी। इसके बाद सदन की कार्यवाही कल सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई।

#### जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने संबंधी विधेयक लोकसभा में पेश

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तेलंगाना में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने संबंधी एक विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश किया। केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 के उद्देश्यों के अनुसार सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना आने वाले वर्षों में क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करेगी।

#### विपक्ष के प्रस्तावों पर चर्चा के लिए तैयार है सरकार

सत्र की शुरुआत से ठीक पहले 2 दिसंबर को सर्वदलीय बैठक हुई। जिसमें 23 दलों के 30 नेता शामिल हुए। विपक्षी नेताओं ने क्रिमिनल लॉ के अंग्रेजी नामकरण की मांग, महंगाई, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और मणिपुर के मुद्दों को भी उठाया। मीटिंग के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा था कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। बशर्ते विपक्ष चर्चा के लिए माहौल बना रहने दे।

#### अधीर रंजन ने कसा तंज

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि कुछ दिन पहले कर्नाटक-हिमाचल प्रदेश में चुनाव हुए थे, उस समय मोदी जी का ज्ञान कहां था? वे समय-समय पर अपने ज्ञान निकालते हैं। भाजपा के पास प्रधानमंत्री के आलावा और कोई चेहरा नहीं है तो यह भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद की नहीं मोदी जी की जीत है।

## चक्रवात 'मिचौंग' आज नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच टकराएगा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



दक्षिण बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरे दबाव का क्षेत्र 'चक्रवाती तूफान' में तब्दील हो गया है। जिसे 'मिचौंग' नाम दिया गया है। इसके आज सुबह तक आंध्र प्रदेश के नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच पहुंचने की आंशका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

#### 'मिचौंग' की स्थिति पर मौसम विभाग ने क्या कहा

विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गंभीर चक्रवाती तूफान मिचौंग आज भारतीय समयानुसार ढाई बजे दक्षिण बंगाल की खाड़ी के ऊपर चेन्नई से करीब सौ किलोमीटर उत्तर पूर्व और नेल्लोर से 120 किलोमीटर दक्षिण पूव में केंद्रित था। यह धीरे-धीरे तेज होगा और उत्तर की ओर बढ़ेगा और गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में पांच दिसंबर की दोपहर बापटला के करीब नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच दक्षिण आंध्र प्रदेश तट को पार करेगा।

#### इन राज्यों में 'भारी से बहुत भारी' बारिश की आशंका

इस बीच, चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' चेन्नई से करीब 90 किलोमीटर पूर्व-उत्तरपूर्व में आज सुबह 8 :30 बजे भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया। मौसम विभाग ने उत्तर-तटीय तमिलनाडु और पुडुचेरी में चार और पांच दिसंबर को भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। चार और पांच दिसंबर को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका है, जबकि तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है।

#### भारी बारिश से जलमग्न हुए चेन्नई के कई इलाके

चेन्नई के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लगातार हो रही भारी बारिश के चलते ओमनदुरार सरकारी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के बाहर वालाजाह रोड, माउंट रोड, अन्ना सलाई, चेपॉक सहित कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। भारी बारिश के चलते चेन्नई के लोकप्रिय मरीना बीच पर पानी भर गया और जलभराव के कारण माउंट रोड से मरीना बीच तक की सड़कें अवरुद्ध हो गईं।

#### तमिलनाडु के इन जिलों में सार्वजनिक अवकाश घोषित

तमिलनाडु सरकार ने चक्रवात को देखते हुए चेन्नई, चेंगलपट्टू, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिलों में मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। 1881 के परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। राज्य के चार जिलों चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू में सार्वजनिक उपक्रमों और निगमों, बोर्डों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के कार्यालयों सहित सभी स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक संस्थान और सरकारी कार्यालय राज्य में मौसम की खराब स्थिति के कारण बंद रहेंगे।

#### सामान्य रूप से जारी रहेंगी ये सेवाएं

हालांकि, सभी आवश्यक सेवाएं जैसे पुलिस, अग्निशमन सेवा, स्थानीय निकाय, दूध और पानी की आपूर्ति, अस्पताल और चिकित्सा दुकानें, बिजली आपूर्ति, परिवहन, ईंधन आउटलेट, होटल और रेस्तरां आदि सामान्य रूप से काम करेंगे। आपदा प्रतिक्रिया, राहत और बचाव गतिविधियों में लगे कार्यालय भी सामान्य रूप से काम करेंगे। तमिलनाडु सरकार ने लोगों से एहतियाती कदम उठाने को कहा है, क्योंकि मौसम विभाग ने राज्य में 'रेड अलर्ट' जारी किया है। आईएमडी ने चेन्नई और आसपास के इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान जताया है।

#### शाह ने तमिलनाडु और पुडुचेरी के मुख्यमंत्री से की बात

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी से बात की। चक्रवात मिचौंग के कारण चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति से निपटने के लिए किए गए उपायों का जायजा लिया। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, लोगों की जान बचाने के लिए उन्हें मोदी सरकार की ओर से सभी जरूरी सहायता का आश्वासन दिया है। एनडीआरएफ की पर्याप्त तैनाती पहले ही की जा चुकी है। आगे की सहायता के लिए अतिरिक्त टीमें तैयार हैं।

#### आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री से भी तैयारियों पर चर्चा की

शाह ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के साथ भी मिचौंग से निपटने को लेकर तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, लोगों के जीवन को बचाना हमारी प्राथमिकता रही है। केंद्र सरकार आंध्र प्रदेश को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। एनडीआरएफ पहले से ही तैनात है और अतिरिक्त टीमों को स्टैंडबाय पर रखा गया है।

## मणिपुर में उग्रवादियों के दो समूहों के बीच गोलीबारी, 13 लोगों की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर-म्यांमार सीमा के तेंगनौपाल जिले के एक गांव में सोमवार 13 लोगों के शव मिलने से हडकंप मच गया। हालांकि, मारे गए लोगों के पास किसी तरह के हथियार बरामद नहीं हुए हैं। खबर लिखे जाने तक किसी की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस और सुरक्षाबल मौके पर पहुंच गए हैं। आगे की जांच जारी है। अभी तक किसी भी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, दक्षिण में म्यांमार की सीमा से लगे मणिपुर के तेंग्नौपाल जिले में हिंसा की ताजा घटना में कम से कम 13 लोग मारे गए, लेकिन वारदात की जगह से कोई हथियार नहीं बरामद हुए। सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने कहा कि सोमवार की दोपहर के आसपास, तेंगनौपाल जिले के सैबोल के पास लेटिथु गांव में दो उग्रवादी समूहों के बीच गोलीबारी की जानकारी मिली थी। जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों की एक टीम इलाके में पहुंची। सेना को लीथू गांव में 13 शव मिले, जो सैबोल गांव से लगभग 10 किमी उत्तर पश्चिम में स्थित है, जहां हाल ही में आईईडी हमले के जरिए असम राइफल्स के गश्ती दल को निशाना बनाने का प्रयास किया गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि अभी तक मृत व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। हालांकि, पुलिस ने कहा कि मामले की जांच चल रही है।

## तीन युवकों की सड़क हादसे में मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पिलखुवा**

रविवार की रात असम में हुए सड़क हादसे में सिखेड़ा के तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। मृतक तीनों युवक हादसे से समय अपने एक मित्र को एयरपोर्ट छोड़कर कार से वापस जा रहे थे। घटना के बाद से गांव में कोहराम मचा है। सिखेड़ा निवासी चांद, शादाब और कादिर मूल रूप से मेरठ के जांसड़ एवं वर्तमान में सिखेड़ा ससुराल निवासी यूनुस आसाम स्थित एक टावर कंपनी में नोकरी करते थे। बीते रविवार देर रात चारों युवक कार से अपने एक साथी को असम स्थित एयरपोर्ट पर छोड़कर वापस घर जा रहे थे। रास्ते में उनकी कार घोड़ा गाड़ी से टकरा गई, जिसमें चांद, यूनुस और शादाब की मौत हो गई, जबकि कादिर घायल हो गया। असम पुलिस ने कादिर को चिंताजनक हालत में उपचार के लिए वहीं अस्पताल में भर्ती कराया है। असम पुलिस द्वारा मृतकों के परिजनों को सूचना भेजी गई है। जिसके बाद से मृतकों के घर में कोहराम मचा है, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। तीनों के शव सोमवार देर रात तक गांव पहुचंने का संभावना जताई जा रही है।

## कैंसर इंस्टीट्यूट में शार्ट सर्किट से लगी आग



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

सुशांत गोल्फ सिटी स्थित कैंसर इंस्टीट्यूट के दूसरे फ्लोर पर स्थित सर्वर रूम में आग लग गई। बताया जा रहा है कि लिफ्ट में हुए शार्ट सर्किट से आग लगी। आग की लपटों ने सर्वर रूम को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते धुआं पूरे अस्पताल में फैल गया। सूचना पाकर मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार, एफएसओ मामचंद बड़गुजर, एसीपी गोसाईंगंज धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी, प्रभारी निरीक्षक सुशांत गोल्फ सिटी ज्ञानेद्र सिंह व एचसीएल चौकी प्रभारी सन्दीप शर्मा आधा दर्जन दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। सहायक पुलिस आयुक्त धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी के मुताबिक दोपहर एक बजे कैंसर इंस्टीट्यूट मे आग लगने की सूचना मिली। अग्निशमन अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर तत्काल रेस्क्यू कर वहां भर्ती मरीजों को बाहर निकाल कर दूसरी बिल्डिंग में शिफ्ट कराया गया। आग से दूसरे तल के सर्वर रूम में रखी बैटरियों समेत सारा सामान जलकर राख हो गया है फिलहाल कोई जनहानि नहीं हुई।


**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** वाराणसी दौरे के दौरान कांग्रेस और बसपा पर तंज करते हुए कहा कि तीन राज्यों का परिणाम आ गया है और अहंकार भी खत्म हो गया है

## तीन राज्यों में भाजपा की जीत के बहाने अखिलेश ने कांग्रेस और बसपा को दिखाया आईना

- मध्य प्रदेश और राजस्थान चुनाव में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ चुनाव में भाजपा को मिली है भारी जीत
- कांग्रेस इन तीनों राज्यों में सरकार बनाने का पुरजोर दावा कर रही थी
- कहा कि वे हार से निराश नहीं हैं, 2024 का लोकसभा चुनाव 'हर घर बेरोजगार, मांगे रोजगार नारे के साथ 'लड़ा जाएगा

**जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा**



#### अभी कांग्रेस की परिस्थितियां अलग थीं, लोकसभा चुनाव में अलग होंगी

कांग्रेस से गठबंधन के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि एमपी में गठबंधन को लेकर बात नहीं बन पाई थी। उनकी परिस्थितियां अलग थीं, लोकसभा चुनाव में अलग होंगी।

**लखनऊ।** मध्य प्रदेश और राजस्थान चुनाव में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बहाने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस और बसपा पर निशाना साधते हुए दोनों पार्टियों को आइना दिखाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों का परिणाम आ गया है और अहंकार भी खत्म हो गया है। वाराणसी के दौरे पर पहुंचे अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में संघर्ष बड़ा है और समाजवादियों को बड़े फैसले लेने हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि वे हार से निराश नहीं है। 2024 का लोकसभा चुनाव 'हर घर बेरोजगार, मांगे रोजगार इसी नारे के साथ 'लड़ा जाएगा। हालांकि इस दौरान इशारों ही इशारों में उन्होंने इंडिया गठबंधन को लेकर बड़ी बात कह दी। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों का परिणाम आ गया है और अहंकार भी खत्म हो गया है।

#### जो दल जहां मजबूत है, उसको दूसरे दल सहयोग करें

पत्रकारों से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए कांग्रेस और बसपा पर निशाना साध दिया। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव के बहाने उन्होंने कहा कि तीन राज्यों में परिणाम आ गया और अहंकार खत्म हो गया। समाजवादियों का उत्तर प्रदेश में संघर्ष बड़ा है। समाजवादियों को फैसले बड़े लेने हैं। गठबंधन को लेकर कहा कि जहां से बात शुरू हुई थी, जो दल जहां मजबूत है, उसको दूसरे दल सहयोग करें। राजनीति में इस तरह के परिणाम आते रहते हैं। हम परिणाम को स्वीकार करते हैं। लड़ाई अभी लंबी है।

#### कांग्रेस को भारी पड़ा सनातन का विरोध!

अखिलेश यादव ने इस दौरान कांग्रेस के सनातन विरोध पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम सब लोग सनातन धर्म को मानने वाले हैं। तीन राज्यों में कांग्रेस की हार की वजह सनातन विरोध को भी बताया जा रहा है। खुद कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने भी हार के लिए कांग्रेस का सनातन विरोध बताया है। हालांकि अखिलेश यादव स्वामी प्रसाद मौर्य पर कुछ नहीं बोले।

# जीआईसी की जर्जर हालत को सुधारने के लिये विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन

*** अभाविप राष्ट्रवादी छात्र संगठन ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन**

जन एक्सप्रेस । बांदा



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज में 20 वर्षों से जर्जर पड़ी इमारत के नव निर्माण के लिए नगर मंत्री आशीष पांडे के नेतृत्व में सोमवार को प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी छात्र संगठन है जो राष्ट्र के पुनर्निर्माण के ध्येय के साथ लगातार आगे बढ़ रहा है विद्यार्थी परिषद द्वारा छात्र हितों को दृष्टिगत रखते हुए राजकीय इंटर कॉलेज जो कि 20 वर्षों से अधिक समय से जर्जर पड़ा हुआ है उसके निर्माण को लेकर सभी छात्राओं के साथ जीआईसी से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च किया गया जिसमें सभी छात्राओं ने बढ़ चढ़कर विद्यार्थी परिषद की इस मांग पर स्वीकृति जाहिर की एवं एबीवीपी के साथ कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन एवं नारेबाजी की। विभाग संगठन मंत्री बृजनंदन राय ने बताया कि जिले के केंद्र में स्थित जिले का प्रमुख कॉलेज राजकीय इंटर कॉलेज है उसमें जिले के दूर-दूर से गरीब एवं निम्न वर्ग का छात्र पढ़ने के लिए आ रहा है परंतु लगभग 20 वर्षों से विद्यालय की इमारत बहुत ही जर्जर स्थिति में है और उसी जर्जर इमारत में छात्रों की कक्षाएं सुचारू रूप से चलाई जा रही हैं जिससे कि छात्रों के जीवन पर संकट मंडरा रहा है और कभी भी कोई भी घटना घटित हो सकती है इसलिए जल्द से जल्द जीआईसी का नव निर्माण होना चाहिए। जिला संयोजक नीतीश निगम ने बताया की छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए विद्यार्थी परिषद इस राजकीय इंटर कॉलेज का निर्माण चाहती है इतनी सर्दी में छात्र मैदान में बैठकर शिक्षा लेने को मजबूर है जल्द से जल्द मांग पूरी हो ताकि आने वाली पीढ़ियों को अच्छी शिक्षा मिल सके गरीब वर्ग के छात्र-छात्राओं को प्राइवेट कॉलेज की ओर न जाना पड़े और समाज के हर वर्ग को विद्यालय से उचित शिक्षा मिल सके। इस मौके पर विभाग संगठन मंत्री बृजनंदन राय, जिला संयोजक नीतीश कुमार निगम, प्रांत कार्यसमिति सदस्य दिव्यांशु मिश्रा नगर मंत्री आशीष पांडे, तहसील संयोजक सुभाष त्रिपाठी, नगर सह मंत्री राज सिंह, सह मंत्री कार्तिकेय गुप्ता, दिव्यांशु त्रिवेदी, आशीष अवस्थी, आयुष शुक्ल, उत्तम मिश्र, सतेंद्र, राघव एवं विद्यालय के छात्र सूरज, करण, प्रकाश, शुभम, पवन, अंशुमान, शिवम, यस आदि सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बांदा



राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रीड़ा की दो छात्राओं मणिकांती एवं कृत्यांजलि के राज्य स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता में गोल्ड और कांस्य पदक प्राप्त करने हेतु सम्मान समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता के द्वारा की गई। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि रहे मुख्य विकास अधिकारी वेदप्रकाश मौर्य रहे। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन समारोहिका डॉ0 सबीहा रहमानी ने किया।

सर्वप्रथम सम्मानित अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन भी किया गया। तत्पश्चात मणिकांती एवं कृत्यांजलि ने अतिथियों के समक्ष अपने विचार साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार प्राचार्य प्रो0 दीपाली गुप्ता के सहयोग से वह आज स्टेट खेल कर आयीं हैं साथ में स्वर्ण पदक और कांस्य पदक जीत कर आये हैं। कार्यक्रम की अगली कड़ी छात्राओं को मुख्य अतिथि के द्वारा मेडल और मोमेंट प्रदान किया गया। मणिकांती को राज्य स्तरीय हैमर प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल करने के लिए सम्मानित किया गया। कृत्यांजलि को बाधा दौड़ में राज्य स्तरीय स्वर्ण पदक प्राप्त करने हेतु सम्मानित किया गया। प्राचार्य प्रो0 दीपाली गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं की हौसला- अफज़ाई करते हुए कहा कि हमें दंगल फिल्म की तरह क्रीड़ा के क्षेत्र में संघर्ष करना चाहिए। उन्होंनें छात्राओं को एक प्रेरणादायक कविता भी सुनाई। प्राचार्य ने कहा कि हम तत्पर हैं छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए। डॉ0 सबीहा रहमानी छात्राओं को बुंदेलखंड का गौरव कहकर संबोधित किया। प्रो0 जितेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम में शामिल लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# पति ने ही किया था मेमा यादव का कत्ल, पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में एसआईटी टीम द्वारा थाना मारकुण्डी क्षेत्र अन्तर्गत डांडी अहिरान के खेत में हुई महिला की हत्या की घटना का अनावरण कर हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि बीती 7 अगस्त को वादी धीरज यादव पुत्र राजा यादव निवासी डांडी अहिरान ने थाना मारकुण्डी में सूचना दी कि खजांची पंडित के खेत के पास ग्राम छेरिहा खुर्द में अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरी मां मेमा यादव की उनकी पहनी हुयी साड़ी से गला घोटकर हत्या कर दी गयी है। सूचना के आधार पर थाना मारकुण्डी में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर विवेचना तत्कालीन थानाध्यक्ष उप निरीक्षक अनिल कुमार ने प्रारम्भ की। पुलिस अधीक्षक ने अपराध की गंभीरता को देखते हुये अग्रिम विवेचना एसआईटी का गठन कर उसे सुपुर्द की। विवेचना में आरोपी राजा यादव पुत्र शम्भू यादव निवासी कल्याणपुर को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी राजा ने बताया कि मृतका मेमा की शादी पहले उसके चचेरे भाई छंगू यादव से हुयी थी। मृतका के पहले पति छंगू के नाम 8 बीघा जमीन थी, उस जमीन को मृतका अपनी बेटी को देना चाहती थी। जिसका आरोपी अकसर विरोध करता तथा मृतका से अपने बेटे धीरज को भी उस जमीन से हिस्सा देने को कहा, लेकिन वो मना कर देती थी। इसी बात को लेकर मृतका मेमा दूसरे गांव डांडी अहिरान में रहने लगी थी। जमीन को हाथ से जाता देख आरोपी विचलित सा रहता था और दिन-प्रतिदिन मृतका मेमा के प्रति नफरत बढ़ती गयी और मेमा को रास्ते से हटाने की बात मन में ठान ली थी। घटना वाले दिन जब जानकारी हुयी कि मेमा की भैंस गुम हो गयी है और वह उसे ढूंढने गयी है तो आरोपी भी भैंस ढूढ़ने के बहाने निकला। मेमा डांडी अहिरान गांव बस्ती से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर खजांची द्विवेदी के खेत के पास मेड़ पर सुनसान स्थान पर बारिश से भीगी हुयी अकेली मिली, जहां उचित मौका पाकर उसी की साड़ी से गला दवाकर उसकी हत्या कर दी।

## गैंगेस्टर मामले में दोष सिद्ध होने पर चार आरोपियों को सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** गैंगेस्टर के मामले में दोष सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने चार आरोपियों को पांच-पांच वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को पांच हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 11 नवम्बर 2010 को तत्कालीन बरगढ़ थाना प्रभारी ने बरगढ़ थाने के बोझ फार्म निवासी शंकर उर्फ विनोद उर्फ अद्धा पुत्र शिव प्रसाद, हरदी कला गांव के निवासी नत्थू पुत्र पूनी कुम्हार, मनीष पुत्र अर्मतलाल कोल, राजेन्द्र कोल पुत्र भुलई और ललई गांव के निवासी तुलसीदास दुबे पुत्र शंकर लाल के विरूद्ध गैंगेस्टर की कार्यवाही की थी। साथ ही मामले की विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मुकदमें के विचारण के दौरान एक आरोपी शंकर उर्फ विनोद उर्फ अद्धा की मृत्यु हो गयी थी। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सोमवार को विशेष न्यायाधीश सुशील कुमार वर्मा ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी नत्थू, मनीष, राजेन्द्र व तुलसीदास को पांच-पांच वर्ष कठोर कारावास के साथ पांच-पांच हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए संस्थाओं का योगदान सराहनीय : जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । मानिकपुर, चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन समसामयिक स्वास्थ्य संगोष्ठी एवं स्वास्थ्य मेला का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मानिकपुर में फीता काटकर शुभारंभ किया।

जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, स्वच्छता एवं पोषण पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को पुरस्कार दिया। इसके बाद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्रा रुकसाना तथा लक्ष्मी से मोबियश फाउंडेशन द्वारा संचालित स्मार्ट क्लास का फीता कटवाकर शुभारंभ कराया। जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने कंप्यूटर शिक्षक से छात्राओं को कम्प्यूटर शिक्षा ग्रहण कराने के निर्देश दिए। साथ ही छात्राओं से कम्प्यूटर के बारे में जानकारी भी की। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि पठन-पाठन की व्यवस्था में सुधार कराया जाए। उन्होंने वार्डेन को सख्त हिदायत दी कि सुधार किया जाए नहीं तो आपके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शौचालय को ठीक कराया जाए। छात्राओं के छात्रावास के निरीक्षण के दौरान खिड़की में पर्दे लगाने, प्रकाश व्यवस्था भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मेले के उद्घाटन के बाद डीएम ने कहा कि सरकार के साथ स्वयंसेवी संस्थाएं भी शिक्षा के स्तर को बढ़ाने का काम करती हैं। उन्होंने मोबियश फाउंडेशन द्वारा विद्यालय में ज्ञान कन्या शक्ति परियोजना के अन्तर्गत चलाए जा रहे पारस्परिक संवादात्मक कक्षाओं की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए संस्थाओं का योगदान सराहनीय है। जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा बालिकाओं के कराए जा रहे नेत्र परीक्षण का भी अवलोकन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का भी अवलोकन किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने कहा कि उनकी प्रेरणा से यह कार्यक्रम आयोजित कराया जा रहा है ताकि छात्राओं का अच्छी तरह से स्वास्थ्य परीक्षण हो सके। उन्होंने कहा कि जनपद की सभी चारों कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में यह कैंप आयोजित किए जाएंगे। मोबियष फाउंडेसन की कार्यक्रम प्रबंधक पूनम परिहार ने सभी लोगों का स्वागत और आभार प्रदर्शन किया।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर राम जन्म यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, खंड शिक्षा अधिकारी मानिकपुर मिथिलेश कुमार, वार्डन नीति श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने की कायाकल्प अभियान और मनरेगा कार्यों की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में सोमवार को कायाकल्प अभियान, मनरेगा कार्य, अमृत सरोवर, ग्राम पंचायतों में लाईब्रेरी की स्थापना, नीति आयोग अंतर्गत ग्राम पंचायतों में लाईब्रेरी की स्थापना,खेल मैदान, मनरेगा पार्क, एफपीएस, एसएलडब्ल्यूएम, पंचायत भवन एवं अन्त्येष्टि स्थल तथा क्षेत्र पंचायतों के कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों से कहा कि आपरेशन कायाकल्प में विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्र के कार्यों को सभी पैरामीटर्स पर तेजी से कराया जाए। इसी प्रकार लाईब्रेरी अमृत सरोवर खेल के मैदान आदि विभिन्न विकास कार्यों में प्रगति कराए। उन्होंने कहा कि जिन विकास कार्यों के निर्माण के लिए जमीन की समस्या हो तो सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों से कहा कि ग्राम पंचायतों में पार्क खेल मैदान आदि के लिए शासकीय जमीन चिन्हित कर सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से कहा कि मनरेगा के कार्यों को तेजी से कराया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र को निर्देश दिए कि पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल, लाईब्रेरी की स्थापना के कार्यों में प्रगति कराए। साथ ही जिन गांवों में लाईब्रेरी की स्थापना हो चुकी है, उनका संचालन कराया जाए। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में स्थित सभी विद्यालयों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के लिए कनेक्शन अवश्य करा लें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि जो विद्यालय जर्जर हालत में है, उनकी नीलामी कराकर ध्वस्त कराकर नये विद्यालयों के निर्माण के लिए शासन से धनराशि की मांग की जाए। खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपरेशन कायाकल्प के सभी पैरामीटर्स के कार्यों में प्रगति होना चाहिए, अगर जिन ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान व सचिव रुचि नहीं ले रहे है तो जिला पंचायत राज अधिकारी उनके खिलाफ कार्यवाही सुरक्षित कराएं। विद्यालयो के शौचालय में टाइल्स लगाए जाने के कार्य में प्रगति अत्यंत खराब है इसमें प्रगति कराई जाए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर राम जन्म यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ आदि मौजूद रहे।

## खरीदारी कर रहे मॉ-बेटे की सड़क हादसे मे दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र मे सढक हादसे मे हुई मॉ-बेटे की दर्दनॉक मौत से क्षेत्र मे मातम छा गया। बेटे की शादी के लिए मॉ बेटे के साथ शादी की खरीददारी करके घर लौट रही थी। वही अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार कर हसी-खुसी के महौल को मातम मे बदल दिया। घटना के बाद मौके पर बडी सख्या मे लोग एकत्रित हो गये। के मवइया मोड़ के पास उसे वक्त हुआ, जब बाइक सवार मां-बेटे फतेहपुर से लौट रहे थे कि तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। ब्ताया जाता है कि शादी की खरीदारी कर मां को बाइक पर लेकर वापस गांव लौटते समय थाना क्षेत्र के मवइया मोड़ के पास दर्दनाक हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार बेटे की दिसंबर में ही शादी रही और उसी की शादी की खरीददारी करके दोनों मां बेटे बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। वही मवइया मोड़ के पास जैसे ही पहुंचे सामने से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाईक को टक्कर मार दिया।

# समूह की महिलाओं ने आयुक्त को दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । बांदा



समूह की महिलाओं ने आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल के माध्यम से प्रधानमंत्री सहित मुख्यमंत्री युवा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। ब्लॉक बिसंडा, बड़ोखर, नरैनी, तिंदवारी बबेरू, जसपुरा, कमासिन, महुआ में राष्ट्रीय आजीविका मिशन की महिलायें 3 साल से लगभग समूह की महिलाओं ने सरकार के द्वारा जो काम दिया गया था इस कार्य को हमने जिम्मेदारी से उठाया है और समूह की महिलाओं ने बताया कि हमारी मजदूरी नही दी गयी। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं संबंधित विभाग के अधिकारियों के लगभग ढाई वर्ष से चक्कर काट रही है। लेकिन विभाग के अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के पति जो मजदूरी करके लाते हैं इस मजदूरी से हम सरकार का काम करें। लेकिन सरकार हमारी ध्यान नहीं दे रही है।

हमने जो मेहनत किया है उसकी मजदूरी समय से दे। समूह की महिलाओं ने प्रधानमंत्री से मांग किया है कि हमारी मजदूरी का भुगतान जल्द से जल्द किया जाए अन्यथा की स्थिति में सन 2024 की लोकसभा चुनाव में हम वोट का बहिष्कार करेंगे और सरकार के द्वारा जो हमको कार्य दिया गया है उस कार्य को हम नहीं निभा पाएंगे। संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा हमको धमकी दी जाती है कि आपके ऊपर मुकदमा लिखवा देंगे और हमको अभद्र शब्दों का प्रयोग किया जाता है और समूह की महिलाओं ने एन आर एल एम मिशन के तहत काम करने वाली महिलाओं की मजदूरी जल्द से जल्द भुगतान किया जाए एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों पर आवश्यक कार्रवाई की भी मांग की है और दो सप्ताह के अंदर समूह की महिलाओं की मजदूरी नही मिली तो समस्त महिलाएं इको गार्डन लखनऊ में अनशन करेंगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी भारत सरकार एवं राज्य की उत्तर प्रदेश सरकार की होगी। ज्ञापन में शालिनी सिंह पटेल प्रदेश अध्यक्ष जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ यूपी, रामबाई प्रजापति, चंद्रकाती पटेल, सीमा देवी, गुड़िया, सुशीला, गोमती, श्यामा, आशा आदि शामिल रही।

# तीन राज्यों में मिली जीत पर भाजपा कार्यालय में रहा जश्न का माहौल

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल के नेतृत्व में राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक जीत को लेकर विजय जश्न मनाया गया। पदाधिकारियों ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर विजयश्री का जश्न मनाया। पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ता ढोल ताशा के बीच गगनभेदी आतिशबाजी करवाते हुए जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पार्टी की नीतियों समेत राष्ट्रीय अध्यक्ष को देते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव हेतु शुभ संकेत बताया। हाल ही मे पॉच राज्यो मे विधान सभा चुनाव सम्पन्न हुये जिसमे मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित छत्तीसगढ राज्य मे भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत हुई। जिसका जस्न आज भाजपा कार्यलय मे एक-दूसरे को मिष्ठान कराके मनाया गया। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि यह तीन राज्यो मे ऐतिहासिक जीत से प्रमाणित हो रहा है कि आगामी होने वाले संसदीय चुनाव भारतीय जनता पार्टी के हक मे होगा और पार्टी एक बार फिर केन्द्र मे पार्टी की ही सरकार बनेगी और लोप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी देश के प्रधान मंत्री बनेगे। वहीं हम सभी पार्टी के कार्यकर्ताओ की जिम्मेदारी बढ गयी है कि जन-जन तक देश के नेता नरेन्द्र मोदी की गारंटी पहुॅचाना है और केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओ को जन-जन तक पहुॅचाना है। जिससे विपक्ष भ्रमित न कर पाये। इस अवसर पर पार्टी के नेताओ सहित बडी सख्या मे कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जेल मे दिव्यांगो की हुई खेलकूद प्रतियोगिता

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** जिला जेल मे दिव्यांग कैदियो के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जेल मे विभिन्न अपराध मे दिब्यांग बन्दियो के बीच कैरम, दौड, गोला फेक आदि खेलकूद का आयोजन हुआ जिसमे दिब्यांगो ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया। वही विजेताओ को प्रसस्ति प्रमाण पत्र वितरण करके दिब्यांगो को प्रोत्साहित किया गया। जेल अधीक्षक अकरम खान ने बताया कि जेल मे विभिन्न अपराधो मे दिब्यांग दस बन्दी है। जिनके बीच दिब्यांग दिवस के अवसर पर खेलकूद का आयोजन कि जेल मे कराया गया। जिसमे सभी दिब्यांग कैदियो ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया। वही जिन दिब्यांगो के पास दिब्यांग प्रमाण पत्र नही थे जिला अस्पताल की टीम बुलाकर उसके दिब्यांग प्रमाण पत्र बनवाये गये। जेलर ने बताया कि इसके पूर्व भी दिब्यांग कैदियो के लिए कृतिम अन्गो का वितरण कराया गया था। वही इस वर्ष दिब्यांग कैदियो के बीच खेलकूद का आयोजन कराके दिब्यांगो के बीच आम जनो की तरह ही जीवन यापन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# अभियान खोखला, बिना मान्यता के बेखौफ चल रहे विद्यालय

जन एक्सप्रेस । सरोज पाण्डेय

**फतेहपुर।** योगी सरकार शिक्षा सुधार के लिए लगातार प्रयारत है और शिक्षा अधिकारियो को शिक्षा नीतियो मे बदलाव निर्देष जारी किया जा रहा है। वही बिना मान्यता के अबैध रुप से ग्रामीणान्चल सहित शहरो कस्बो मे संचालित हो रहे विद्यालयो पर रोक लगाने के लिए शासन के निर्देष पर अभियान चलाया गया लेकिन विभागीय हीलाहवाली के चलते बिना मान्यता के विद्यालयो का संचालन किया जा रहा है।

अबैध रुप से संचालित विद्यालयो सहित आम जनो को मद्देनजर विद्यालयो की मनमानी फीस पर अंकुस लगाने जैसे तमाम अहम् कदम शासन द्वारा उठाये जा रहे है लेकिन निजी विद्यालयो संचालको के रवैये मे कोई परिवर्तन नही आ रहा है। जहॉ फीस के नाम पर अभिभावको से मोटी रकम वसूली जा रही है। वही वाहन सहित स्कूली ड्रेस, कापी, किताब आदि के नाम पर भी मनमानी किया जा रहा है। वही विभाग के अधिकारी जानकर भी अनजान बन रहे है। देश अजादी के लगभग साढे 7 दशको से अधिक समय का आन्नद ले रहा है लेकिन शिक्षा और चिकित्सा जैसे मूल अधिकार से आम नागरिक बंचित जैसा ही है। जब कि बंचित कहना उचित नही है लेकिन पूर्ण अधिकार नही मिल पा रहे है। सरकारे परतन्त्रता की दोहरी नीति को जड से नही उखाड फेक पा रही है। चिकित्सा, शिक्षा ही नही अन्य मौलिक अधिकारो मे भेद-भाव प्रदर्शित हो रहा है। सरकार की दोहरी शिक्षा नीति से शिक्षा माफियॉओ की पौबारह हो रही है। एक तरफ प्रतिबन्धित विद्यालय मे सरकारी अफसरानो एवं राजनेताओ सहित धन सम्पन्न लोगो के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे है। तो वही आम नागरिक का बच्चा बिसंगतियो भरे सरकारी स्कूलो मे शिक्षा ग्रहण करने के नाम पर अनुदान पर जीवन यापन परम्परा सीख रहे है। अपनी अतीत को पलट कर देखे तो गुरुकुल शिक्षा परम्परा मे जहॉ शिक्षा के समय समानता का व्यवहार और गुरु शिष्य के सम्बन्ध सहित प्रकृति की गोद मे पूरे जीवन का यर्थाथ शिक्षा ही सार्वोपरि रही है। सर्व शिक्षा अभियान के तहत बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार 6 से 14 वर्ष के बच्चे को निशुल्क शिक्षा देने की नीति तैयार तो किया गया है लेकिन समान शिक्षा सम्बन्धित कोई भी नीति नही तैयार किया गया। जिससे सरकारी स्कूलो मे मुफ्त शिक्षा के साथ ही मुफ्त किताब, स्कूली पोसाक एवं दोपाहर का भोजन तो दिया जा रहा है। वही शिक्षा का स्तर दिनो-दिन गिरता जा रहा है। वही निजी विद्यालय के संचालक शिक्षा का व्यवसायीकरण करके विद्यालय खोलते जा रहे है। जिनमे सामान्य परिवार का बच्चा नही पढ पा रहा है और सरकार की नीतियॉ निजी स्कूलो की मानक के अनुसार ही प्रतियोगिता तैयारी कर रही है।

सरकारी स्कूलो का आलम यह है कि सर्वशिक्षा अधिनियम के तहत शिक्षा समितियॉ बच्चे तो एकत्रित कर दिया लेकिन शिक्षक के नाम पर मानक से बहुत कम है। जर्जर स्कूलो के भवन तो बना दिये गये है। लेकिन उनकी सफाई की व्यवस्था नही है और शौचालय तो शो पीस ही मात्र बनकर ही रह गये है और उन पर ताला लटक रहा है। वही मध्यान्ह भोजन का हाल किसी से नही छुपा कि आये दिन मिड्डेमिल खाकर दर्जनो बच्चे बीमार ही नही मौत हो रही है। चल रही दोहरी शिक्षा नीति मे कितना बदलाव होता है कि न्यायालय का आदेश राजनैतिक भॅवर मे घूमता रह जाता है कि कोई अभूतपूर्ण परिर्वतन ला पाता है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण दिनाँक 04-05 दिसम्बर,2023 को तेज हवाओं के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 28.4 (+2.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 14.0 (+1.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 96 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 50 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# केडीए से सांठ गांठ कर संजय जायसवाल सील बिल्डिंग में करवा रहा अवैध निर्माण, जनता ने लगाया दबंगई का आरोप

- दर्जनों परिवारों ने लगाया गुंडागर्दी करने का आरोप
- शिकायत करने के बाद भी केडीए के जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी
- जोन एक के चंद्र नगर चरारी लाल बंगला में स्थित है अवैध निर्माण

जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर



**कानपुर नगर।** कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक स्थित लाल बंगले क्षेत्र में मानक विहीन अवैध निर्माणों की भरमार हो गई है, अब इन अवैध निर्माणों के खिलाफ जनता भी खुलकर सामने आने लगी है, ऐसे ही एक अवैध निर्माण के खिलाफ चंद्र नगर चरारी लाल बंगला के निवासी मैदान में उतर आए हैं, इस अवैध इमारत के अगल-बगल रहने वाले दर्जनों लोगों का आरोप है कि पूर्व में सील की जा चुकी बिल्डिग में अभी भी अवैध निर्माण अभी भी हो रहा है। अधिकरण के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद दिखावे के लिए बाहर से कम बंद है लेकिन अंदर ही अंदर काम चल रहा है जबकि उक्त बिल्डिंग पूर्व में ही सील की जा चुकी है और पूर्ण रूप से इसका नक्शा भी पास नहीं था। कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक स्थित लाल बंगले के चंद्र नगर चरारी के राधा कृष्ण धाम में रहने वाले दर्जनों परिवारों ने संजय जायसवाल नाम के अवैध निर्माणकर्ता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है, यहां पर रहने वालों का आरोप है कि संजय जायसवाल ने गैर कानूनी तरीके से भूखंड संख्या 1136/3 वा 1136/4 पर केडीए से बिना नक्शा स्वीकृत कराए लगभग 5 मंजिला इमारत तान दी थी, इस संबंध में लगभग 3 वर्ष पहले केडीए में जब शिकायत की गई तो अवैध निर्माण को सील कर दिया गया था, लेकिन अब केडीए के क्षेत्रीय जिम्मेदारों से सांठ गांठ करके बिल्डर निर्माण कर रहा है, जब क्षेत्रीय नागरिकों ने इसका विरोध किया तो निर्माण बाहर से बंद हो गया लेकिन अंदर-अंदर अभी भी निर्माण जारी है, नागरिकों का यह भी कहना है कि इस अवैध निर्माण से उनका काफी नुकसान भी हो रहा है और अराजकता भी बढ़ी है, क्षेत्रीय जनता के बुलाने पर जन एक्सप्रेस की टीम भी पहुंची थी इस दौरान टीम ने सभी से बात की और उनका हाल जाना।



"मेरी समस्या यह है कि जब मैंने यहां पर जगह ली थी तो मुझे बोला गया था कि 6 फीट राइट से और 6 फीट लेफ्ट से जगह मिलेगी और यहां केवल 12 प्लॉट बने हैं और केवल 12 लोग ही यहां आ जा सकते हैं, और यह सामने बंद प्लॉट पड़ा हुआ था और इसमें अब अवैध निर्माण किया जा रहा है, जब हम लोगों ने इसका विरोध किया तो हम लोगों से झगड़ा करने लगते हैं और हमारे सोसाइटी का सीवर लाइन तोड़कर अपने में जोड़ लिया है कुछ कहने पर झगड़ा पर उतारू हो जाते हैं, और दिन रात आवा गमन करते रहते हैं और हमारे घर के सामने गाड़ियां खड़ी करते हैं और धूल मिट्टी उड़ाते रहते हैं और यहां पर पता नहीं कितने लोगों का आना-जाना रहता है जिससे हम लोगों के घर का सामान चोरी होता है और सबसे बड़ी बात यह है कि यहां आने वाले लोग दारू पीकर आते हैं और सोसाइटी में आने जाने वालों को घूरते हैं, विरोध करने पर यह लोग हावी होकर झगड़ा करने लगते हैं मानो जैसे इन्हीं का यहां पर राज चल रहा हो शिकायत करने पर भी हम लोगों की कोई सुनवाई ही नहीं है। जब इसकी शिकायत मैने केडीए में की तो निर्माण बंद कर दिया गया लेकिन अंदर ही अंदर काम चल रहा है।

-विनीता महेश्वरी



"यह लाल बंगला राधा कृष्ण सोसायटी है और हम लोग इस सोसाइटी में अभी नए-नए आए हैं जिस तरह से यह काम हो रहा है और आए दिन यहां नए-नए लोग आते हैं घर से सामान चोरी होते हैं यहां पर बिल्कुल सेफ्टी नहीं है इस सोसाइटी में जितने लोग भी रहते हैं सबको इन्हीं लोग से प्रॉब्लम होती है जब से इन लोंग यहां पर निर्माण कर रहे हैं तब से कुछ ना कुछ यहां पर होता ही रहता है नए-नए लोग आए दिन आते रहते हैं और बड़ी-बड़ी गाड़ियां समिति के अंदर आ जाती है मना करने पर झगड़ा करने की बात कहते हैं।

-अर्चना



"सबसे बड़ी समस्या या है कि यह लोगों ने यहां पर बड़े-बड़े गड्ढे खोद दिया है जिससे लोग गिरकर चोटिल हो जाते हैं मना करने पर झगड़ा करते हैं बच्चे खेल कर चोटिल हो जाते हैं मना करने पर यह लोग जबरदस्ती की लड़ाई करते हैं और हम लोगों पर उल्टा हावी हो जाते हैं।

-मनोज चौधरी

## आप के एक सैकड़ा पदाधिकारी व कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष व किदवई नगर विधानसभा के प्रत्याशी रहे विवेक द्विवेदी सहित एक सैकड़ा कार्यकर्ताओं को फूल माला व पटका पहनाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र पर विश्वास करती है। यहां बूथ अध्यक्ष भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। भाजपा केवल विकासवाद की राजनीति कर रही है। भाजपा राजनैतिक संगठन के साथ एक परिवार है। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि देश में समाज के सभी वर्गों को बिना भेदभाव के समान रूप से सरकार की सभी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओ से देश को विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा को मजबूत करने में सहयोगी बनने की बात कही। विवेक द्विवेदी ने कहा कि पार्टी की रीतियों, नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत बनाने के संकल्प से प्रभावित होकर मैंने आम आदमी पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने का निर्णय लिया है। आगामी लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए संकल्पित हूं। इस अवसर पर पूनम द्विवेदी, मोहित पांडेय, अनूप अवस्थी, गणेश शुक्ला, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## बेमौसम बरसात आलू को दे सकती है झुलसा रोग

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के कृषि वैज्ञानिक डॉ.खलील खान ने बेमौसम हो रही बारिश में किसानो के लिए एडवाइजरी जारी की। डॉ.खान ने बताया कि मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले 48 घंटे तक बादलों की आवाजाही बने रहने के साथ ठंडी हवाएं सिहरन पैदा करती रहेगी तथा हल्की बूंदाबांदी के भी आसार हैं। उन्होंने बताया कि गेहूं की फसल जिसका जमाव हो चुका है उसके लिए वर्षा लाभकारी है परन्तु मौसम के 2 से 3 दिन तक ऐसा बने रहने पर आलू फसल में झुलसा रोग लगने की प्रबल संभावना है। उन्होंने बताया कि वैसे ये वर्षा खाद्यान्न, तिलहन, दलहन तथा सब्जी फसलों के लिए फायदेमंद है लेकिन तोरिया की फसल में फूल झड़ सकते है। डॉ.खान ने किसानो को फसल वाले खेतों में पानी जमा ना होने देने व जल निकासी की व्यवस्था करने की सलाह दी।

## तेज धमाके के साथ फटा घरेलू सिलेंडर, टला बड़ा हादसा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



साढ़ः गैस सिलेंडर फटने की खबर अक्सर सुनने को मिलती है ऐसा ही एक वाक्या साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव का सामने आया है जहां पर गैस सिलेंडर फटने से लोगो के दिल दहल गए है, बताते चलें कि साढ़ थाना क्षेत्र के दौलतपुर नर्वल ग्राम पंचायत के ईटारोरा गांव के मजरा सिरम्मनपुर एक मकान में रविवार देर शाम खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर अचानक फट गया। जिससे आग लग गई। आग की चपेट में आने से पूरे घर की गृहस्थी धू-धूकर जलने लगी। और चारो ओर धुंआ फैल गया। इस दौरान आग की चपेट में आने से मकान मालिक की बहू पूजा व नातिन बाल-बाल बच गए। देखते ही देखते गैस सिलेंडर फटने से चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों के साथ सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सिरम्मनपुर गांव निवासी छोटे लाल दिवाकर का मकान गोपालपुर मंदिर के पास है। मकान का पिछला हिस्सा कच्चा होने के चलते आगे के कमरा मे पूरी गृहस्थी भरी थी। बीती शाम लगभग आठ बजे जब बहू पूजा पत्नी राज कुमार गैस मे खाना बना रही थी, तभी अचानक गैस सिलेंडर फट गया और देखते ही देखते पूरे घर को चपेट मे ले लिया। तेज धमाका के साथ सिलेंडर फट गया, सिलेंडर फटने से घर में आग लग गई। आग की चपेट में आने से गृहस्थी का समान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया है। वहीं आग की चपेट में पानी गरम कर रही महिला और उसकी बेटी घर में फंस गईं, जिन्हें बचाने में पड़ोसी मामूली झुलस गया तीनों ने प्राथमिक उपचार निजी क्लीनिक में कराया है।

## समाज कल्याण विभाग में पेंशन ना आने पर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंचे वृद्ध

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे



कानपुर नगर। बीते लगातार छह माह से वृद्धावस्था पेंशन ना आने से परेशान बुजुर्गों ने विकास भवन स्थित समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय का घेराव किया वृद्ध जनों का कहना था कि बीते छह माह से वृद्धावस्था पेंशन नहीं आई है, जिसकी वजह से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आपको बताते चलें कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा 60 साल से ऊपर उम्र वाले बुजुर्गों के लिए वृद्धावस्था पेंशन योजना विगत कई वर्षों पूर्व लागू की गई थी इसके बाद से लगातार वृद्धावस्था पेंशन बुजुर्गों के खाते में पहुंच रही थी अब जबकि नए नियमों के अनुसार वृद्धावस्था पेंशन पत्रों को आधार कार्ड फीडिंग करना अनिवार्य है जिनका आधार कार्ड फीड नहीं है उनके खातें में पेंशन नहीं पहुंच रही है जिसको लेकर बरसात व ठंड के बावजूद एक दर्जन से अधिक बुजुर्गों ने विकास भवन के समाज कल्याण कार्यालय में जाकर अधिकारियों से मुलाकात की और अपनी वेदना सुनाईं। जन एक्सप्रेस समाचार पत्र के संवाददाता के द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी से टेलिफोनिक वार्ता करने पर उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से लगातार वृद्धा पेंशन पात्रों के खाते में भेजी जा रही है कुछ ऐसे पात्र जिन्होंने आवेदन करते वक्त कुछ अनियमिताएं बरती होगी। जिसकी वजह से उनके खातों में पेंशन नहीं पहुंची।

## पड़ोसी ने काटा दोस्त का कान, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बाबू पुरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दोस्त द्वारा उधार न देने पर पड़ोसी ने युवक का दातों से कान काट दिया, इस दौरान युवक ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी, जानकारी मिलने पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचे मामले की जॉच पड़ताल की आरोपी के खिलाफ मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस दौरान मिलन दोस्तों के साथ 112 पर सूचना दी इसके बाद उसने शताब्दी हास्पिटल में जा कर इलाज कराया। बाबूपुरवा थाना प्रभारी ने बताया पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में ट्रक चालक की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चौबेपुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गिट्टी से भरा ट्रक पलट गया जिसमें दबकर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं से चालक घटना में बाल बाल बच गया। एन0 एच 91 हाईवे पर मरियानी के पास यू0 पी0 91 एटी 1496 जो गिट्टी लोड कर कबरई से हरदोई जा रहा था। मरियानी के पास गाड़ी अनियंत्रित होने के कारण समय करीब 5 बजे पलट गई। जिसमें चालक भोला उर्फ अमर सिंह पुत्र पुत्तन सिंह निवासी पचखुरा खुर्द थाना बरुआ सुमेरपुर जनपद हमीरपुर उम्र लगभग 32 वर्ष गाड़ी में ही दमने से मृत्यु हो गई। चालक पंकज उर्फ शिबलखनपुत्र भगवान दास निवासी उपरोक्त को मामूली चोटे आई हैं मौके से गाड़ी को क्रेन के माध्यम से हटवाकर ड्राइवर भोला उर्फ अमर सिंह को निकल गया है जिनको सीएससी में भिजवाया गया आवश्यक कार्रवाई की जा रही है परिवारी जनों को सूचित कर दिया गया है जो आ रहे हैं।

## मायके आई विवाहिता प्रेमी संग फुर्र

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




15 दिन पूर्व हुई शादी के बाद मायके वापस आई विवाहिता अपने प्रेमी संग फरार हो गई, परिजनों की तलाश के बाद विवाहिता टाटमिल में मिली, परिजनों ने प्रेमी पर होटल में ले जाकर दुष्कर्म का आरोप लगाकर पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने पूछताछ की तो विवाहिता ने दुष्कर्म की बात सिरे से नकारते हुए प्रेमी संग रहने की बात कह डाली, करीब 3 घंटे चले इस हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद विवाहिता के परिजन प्रेमी संग शादी को राजी हुए हैं। नौबस्ता थाना क्षेत्र निवासी 22 वर्षीय युवती का विवाह 15 दिन पूर्व हुआ था 4 दिन पहले विवाहिता ससुराल से मायके आ गई थी रविवार को विवाहिता के ससुरालीजन उसे लेने के लिए आने वाले थे तभी विवाहिता मौका देखकर घर के पास रहने वाले प्रेमी संग फरार हो गई ससुरालीजन विवाहिता को लेने पहुंचे लेकिन वह घर पर नहीं मिली जिसके बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू की काफी देर तक तलाक करने के बाद भी न मिलने पर विवाहिता के परिजन उसके प्रेमी के घर पहुंचे घर पर युवक कहना मिलने पर विवाहिता के परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया काफी तलाश के बाद विवाहिता अपने प्रेमी संग टाटमिल में मिली ,विवाहिता के परिजन दोनों को लेकर नौबस्ता थाने पहुंचे और युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। पुलिस ने पूछताछ की तो विवाहिता ने दुष्कर्म की बात ना करते हुए परिजनों पर जबरन शादी करने का आरोप लगाया है, विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसका युवक से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था लेकिन परिजनों ने जबरन शादी करा रदी थाना प्रभारी जगदीश कुमार पांडे ने बताया कि दुष्कर्म की बात गलत है युवती के प्रेम संबंध थे दोनों पक्षों में बातचीत के बाद समझौता हो गया है।

## गैंगस्टर के मुकदमे में पेशी के लिए महाराजगंज से कानपुर कोर्ट लाया गया विधायक इरफान सोलंकी

जन एक्सप्रेस। विष्णु राठौर





**कानपुर नगर।** बीते दिन जनपद महाराजगंज से सपा विधायक इरफान सोलंकी को कानपुर कोर्ट कई मामलों में पेशी के लिए लाया गया। इस दौरान हमेशा की तरह जैसे ही इरफान गाड़ी से उतरा उसने मिडिया वालों को देखते ही कहा इंसाफ होकर रहेगा और आगे बढ़ गया। इरफान और उसके साथ अन्य फाईलियों की बीते दिन कई मामलों में पेशी हुई जिसमें से एक आचार संहिता मामले में आगामी 8 दिसंबर को फाइनल बहस होनी है। ज्ञातव्य हो कि बीते वर्ष 2022 में सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भाई रिजवान सोलंकी समेत उसके गैंग के सदस्यों को बेवा नजीर फातिमा का घर फूंकना महंगा पड़ गया था। विधायक इरफान उसके भाई रिजवान समेत सभी के विरुद्ध अग्निकांड का मुकदमा कोतवाली जाजमऊ में दर्ज होने के बाद विधायक और उसके भाई के साथ उसकी अपराधियों वाली पूरी फौज को जेल जाना पड़ा था, बीते दिन सोमवार को जनपद महाराजगंज से कानपुर कोर्ट इरफान सोलंकी लाया गया था, इस दौरान उसके साथ मुकदमों के अन्य आरोपी भी कानपुर जेल से आए थे और जो लोग जमानत पर रिहा हो गए हैं उनकी भी पेशी हुई थी।

### गैंगस्टर मामले में बचाव और अभियोजन पक्ष में हुई कानूनी बहस

बीते दिन एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 में सपा विधायक इरफान और उसके भूमाफिया भाई रिजवान समेत अन्य की अग्निकांड मामले के दर्ज हुए गैंगस्टर मामले में पेशी हुई, इस दौरान बचाव पक्ष के विद्वान अधिवक्ता सईद नकवी और शिवाकांत दीक्षित द्वारा कोर्ट में प्रार्थना पत्र देते हुए कहा गया कि बचाव पक्ष को गैंगस्टर मामले की संपूर्ण नकलें नहीं मिली हैं,इस दौरान अभियोजन पक्ष के विद्वान अधिवक्ता एडीजीसी भास्कर मिश्र ने कोर्ट को बताया कि जो मुख्यत: नकलें थी वह बचाव पक्ष को उपलब्ध कराई जा चुकी हैं चूंकि केस डायरी बल्क में है कोर्ट उन्हें देखने की अनुमति बचाव पक्ष को दे सकता है, मामले में विद्वान न्यायाधीश द्वारा दोनों पक्षों को सुनने के बाद अगली सुनवाई आगामी 18 दिसंबर के लिए नियत कर दी है।

### क्या बोले बचाव पक्ष के अधिवक्ता



वरिष्ठ अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत अन्य की कई मामलों में पेशी हुई जिसमें से ए सी एम एम थर्ड एमपी एमएलए कोर्ट में अकील अहमद खान द्वारा दर्ज कराए गए रंगदारी मामले के साथ साथ फर्जी आधार कार्ड पर हवाई यात्रा वा एक आचार संहिता के मामले में पेशी हुई है, यह भी बताया कि आचार संहिता मामले में फाइनल बहस आगामी 8 दिसंबर को होनी है, श्री दीक्षित के द्वारा यह भी बताया गया कि इसके बाद इरफान रिज़वान समेत अन्य की पेशी एमपी एमएलए एडीजे 11 सेशन कोर्ट में गैंगस्टर के मामले में हुई है, जिसमें कोर्ट ने 18 दिसंबर तारीख सुनवाई के लिए नियत की है।

### अग्निकांड मामले में जल्द फैसला आने की उम्मीद

आपको बताते चलें कि सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत अन्य पर बेवा नजीर फातिमा द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे की सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 में लगभग अंतिम निर्णायक दौर में पहुंच चुकी है, कानूनी जानकारों के बीच यह चर्चा आम होती जा रही है कि दिसंबर या जनवरी माह की पंद्रह तारीख तक अन्तिम फैसला आ सकता है, जैसे-जैसे कोर्ट की सुनवाई निर्णायक दौर में पहुंच रही है वैसे वैसे कानपुर नगर के सर्वाधिक मुस्लिम क्षेत्रों में निर्णय को लेकर के लोगों की दिल की धड़कन तेज होती जा रही हैं।

# अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग कर्मचारियों को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष पर परियोजना के दिव्यांग कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उनके लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने दिव्यांग कर्मियों से बातचीत की और उनके द्वारा किए गए बेहतरीन कार्यों की प्रशंसा की व सभी को स्मृति चिन्ह भेंट किया।



श्री छाबड़ा ने कहा कि मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारे दिव्यांग कर्मियों की क्षमताएं ही उनकी पहचान हैं। उन्होंने विद्युत क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के सरकार के संकल्प से जुड़ते हुए एनटीपीसी में निरंतर अपना योगदान देने का प्रयास किया है। हमें गर्व है कि आप सब एनटीपीसी का हिस्सा हैं। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) आलोक कुमार त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं) चन्द्रशेखर मधुकर बुरलावर, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विजय कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) दिशा अवस्थी, उप महाप्रबंधक (टाउनशिप सिविल) राजेश शर्मा, उप महाप्रबंधक (प्लांट सिविल) सुदेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) कृष्ण प्रताप सिंह तोमर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) मेघा घई ने किया।

# सैनिक स्कूल में मनाया गया भारतीय नौसेना स्थापना दिवस

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

भारतीय नौसेना का तिरपनवा स्थापना दिवस सोमवार को सैनिक स्कूल अमेठी में मनाया गया।इस अवसर पर सैनिक स्कूल में अध्ययनरत सैन्य छात्रों द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया।तथा भविष्य में भारत की तीनों सेनाओं के अधिकारी के रूप में तैनात होकर देश सेवा करने का संकल्प लिया गया।प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल गीता महाडीक ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि कमाण्डर रवि मिश्रा यूपी




नवल एनसीसी यूनिट प्रयागराज द्वारा स्कूल में अध्ययनरत सैन्य छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया। तथा अपने अनुभवों को छात्रों के साथ साझा करते हुए सभी सैन्य छात्रों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर सिद्धार्थ शेखर नेहरा प्रशासनिक अधिकारी सैनिक स्कूल अमेठी सहित सैनिक स्कूल के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।


# राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीज को बाहर से लिखी जा रही जांच व दवा, डॉक्टर का असिस्टेंट बाहर पैथालॉजी तक लेकर जा रहा है मरीज

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीजों की जांच और दवा भले ही मुफ्त हो लेकिन डॉक्टर खुलेआम बाहर से पर्चे लिख रहे। आलम यह है कि बाकायदा डॉक्टर का पर्चा लेकर उनका प्राइवेट आदमी मरीज को लेकर पैथालॉजी तक जा रहा है। ये स्थिति तब है जब प्रिंसिपल व्यवस्था स्वयं चुस्त दुरुस्त करने का दावा कर रहे हैं।

बताते चलें कि राजकीय मेडिकल कॉलेज से जुड़े जिला अस्पताल को सांसद ने गोद ले रखा है। बावजूद इसके स्थिति यह है कि यहां ओपीडी में तैनात डॉक्टर मरीजों की जांच बाहर से करा रहे हैं। जांच के लिए पर्चा लिखकर डॉक्टर का प्राइवेट आदमी मरीज को अपने साथ लेकर पैथालॉजी तक जा रहा है। फिर आराम से कमीशन डॉक्टर तक पहुंच रहा है। यहां तैनात फिजीशियन डॉक्टर अनिल कुमार का ऐसा ही मामला सामने आया है। जहां ओपीडी में मरीज गुलजार (पर्चा नंबर 237388) पहुंचा तो डॉक्टर ने उसे आधा दर्जन दवाओं का पर्चा बाहर से लिखा। यही नहीं जांच भी बाहर से लिखी। पर्चा लेकर डॉक्टर का असिस्टेंट अस्पताल के बाहर एसके पैथालॉजी पर पहुंचा।

हालांकि जब इस मामले में सीएमएस से शिकायत हुई तो डॉक्टर ने गर्दन ना फंसे इसके लिए चालाकी दिखाते हुए मरीज का पर्चा लेकर स्वयं रख लिया। लेकिन तब तक




मरीज ने पर्चे की फोटो मोबाइल में खीच ली थी। इस मामले में सीएमएस एसके गोयल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मनबढ़ डॉक्टरों की आए दिन शिकायतें मिल रही हैं। इन पर नकेल कसी जाएगी।

## कूड़े के ढेर के पास मिला महिला का शव, दाहिने गाल पर सिगरेट से दागने के मिले एक दर्जन निशान

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** अयोध्या–प्रयागराज नेशनल हाइवे पर अलहदादपुर के पास एक महिला की लाश मिली है। चेहरे पर सिगरेट से दागने के निशान मिले, और कान से रिसता हुआ खून। इससे प्रतीत हो रहा है कि हत्याकर शव फेंका गया है। कई घंटों की लंबी जद्दोजहद के बाद शव की पहचान हो सकी है। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के अलहदादपुर के निकट डंप किए गए कूड़े के ढेर के पास अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। डेड बॉडी देखने से प्रतीत हो रहा है कि उसके साथ क्रूरता की गई है। लाल जोड़ा, मांग में सिंदूर, चेहरे को सिगरेट जैसे चीज से दागने के निशान मौजूद हैं। यह नियोजित हत्या लग रही है।मृत महिला के कान से रक्तश्राव भी हुआ है। चरवाहों की सूचना पर कोतवाली नगर व देहात कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंची। दिन से रात हो गई और पुलिस महिला की पहचान में जुटी रही। रात को पता चला कि महिला कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के छतौना की निवासी रेखा है। लेकिन उसके साथ ऐसा क्यों हुआ कौन उसे वहां ले जाकर फेंका अभी यह सभी पहलू पहेली बने हुए हैं।

# नगर में पहुंची वंदे भारत पदयात्रा, डीएम को पौधा देकर लिया पर्यावरण बचाओ का संकल्प

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

वंदे भारत पद यात्रा के जरिए पर्यावरण संरक्षण एवम शिक्षा में सुधार की मांग को लेकर जिले के धम्मौर थाना क्षेत्र के लेखई पांडेयपुर कूड़धाम निवासी आशुतोष पांडेय पुत्र राजेन्द्र पांडेय अब तक 9900 किलोमीटर की पदयात्रा कर चुके हैं। पर्यावरण संरक्षण की मांग को लेकर उनकी माता लीलावती पांडेय के नेतृत्व में दर्जनों पर्यावरण प्रेमियों ने डीएम को एक ज्ञापन सौंपा।

वो उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरला, कर्नाटका, गोवा व महाराष्ट्र राज्य की यात्रा पूरी करके गुजरात पहुंचे हैं।उन्होंने 50,000 बच्चों के साथ सेमिनार करके लगभग 2300 पेड़ लगाया है। वंदे भारत यात्रा मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के बाद 2025 में अयोध्या स्थित हनुमान गढ़ी पर समाप्त होगी। 26 जनवरी 2026 को अयोध्या में एक लाख पेड़ लगाने का संकल्प भी




लिया है। उन्होंने अपने इस पदयात्रा में नीम, पीपल तथा तुलसी के पेड़ लगाए हैं।

सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्री व राज्यपाल को मांगपत्र भी दिया जा रहा है। डीएम को दिए गए ज्ञापन में लिखा है कि पर्यावरण बचाने के लिए शिक्षा व्यवस्था में नई पालिसी लाने, जल संरक्षण के लिए धरातल पर कार्य करने के लिए, युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़कर रोजगार देने, कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों को वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया जाये। अयोध्या में 26जनवरी 2026 को एक लाख पेड़ लगाने में सहयोग किया जाय की मांग की गई है।

ज्ञापन देने वालों में आशुतोष पांडेय की माता लीलावती पांडेय, ग्राम प्रधान कानूपुर टिकरिया लक्ष्मी नारायन तिवारी, रजनीश, अभिषेक, आनंद चैतन्य महराज, पुजारी सीताकुंड विनोद तिवारी, अशोक कुमार पांडेय, अनुज कुमार, विनीता तिवारी, कल्पना पांडेय, उत्कर्ष, अनुभव, गौरी, गुड़िया, सुमन श्रीवास्तव, पिंकी सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष शामिल रहे।

## ए0सी0एस0 ग्लोबल स्कूल में हुआ बाबू अमरेश चंद्र श्रीवास्तव स्मृति खेलकूद का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** एम्स क्षेत्र के ख्याति प्राप्त स्कूल, ए0सी0एस0 ग्लोबल स्कूल में बाबू अमरेश चंद्र श्रीवास्तव स्मृति खेलकूद का शुभारंभ बाबू अमरेश चंद्र श्रीवास्तव जी को श्रद्धांजलि से शुरू किया गया। खेलकूद का शुभारम्भ रायबरेली के प्रतिष्ठित सी0ए0 शिशिर त्रिपाठी एवं ब्राह्मण चेतना परिषद उ0प्र0 के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशोक बाजपेई द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। अतिथियों का स्वागत और सम्मान और आभार प्रबंधक अनिमेष श्रीवास्तव, एडवोकेट द्वारा किया गया। आज विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जिनमे सर्वप्रथम नर्सरी से बालक बटरफ्लाई रेस हुई, जिसमें क्रमशः प्रणव, आरव यादव प्रथम, उत्कर्ष, नुमैर द्वितीय तथा अहम (फर्स्ट), अर्णव(2) तृतीय स्थान जोड़ी रही, बालिका में कुंजल, तान्या प्रथम, अहम(2), मानवी मौर्य द्वितीय और आरवी, सारिका तृतीय स्थान पर जोड़ी रही। एल0के0जी मे बालिका हर्डल रेस में श्रेया प्रथम श्रद्धा द्वितीय और आराध्या तृतीय रहे, बालक हर्डल रेस में प्रथम ऋषभ, द्वितीय सत्यार्थ और तृतीय आरुष

# पैंतीस लीटर अवैध शराब बरामद, तीन पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी के निर्देशन एवम जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में सोमवार को जनपद के क्षेत्र तीन थाना कमरौली के अन्तर्गत ग्राम बरसंडा व बनभरिया के अंतर्गत दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।और करीब तीन कुंतल लहन मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में तीन अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही गाँव के लोगो को अवैध



शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर सूचना देने की अपील की गई।कार्यवाही में थाना कमरौली के पुलिस स्टाफ तथा चन्द्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 व आबकारी स्टॉफ सम्मलित रहे। साथ ही दुकानों का निरीक्षण भी किया गया।

# इंडिया एंटी करप्शन फोर्स ने आयोजित किया भोज कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

सामाजिक संगठन इंडिया एंटी करप्शन फोर्स ने पुनः एक सराहनीय कार्य करते हुए वनवासी आश्रम सीता कुंड के बच्चों के लिए भोज कार्यक्रम का आयोजन किया। संगठन के मार्गदर्शक एवं संरक्षक योगी अरुण जी के सहयोग से यह सार्वजनिक भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वनवासी बच्चों के साथ संगठन के पदाधिकारी के साथ-साथ वनवासी आश्रम के लोगों ने भी भोजन किया। भोजन शुरुआत करने से पहले सभी लोगों ने भोजन मंत्र



एवं महामृत्युंजय मंत्र को भी पढ़ा। संगठन के महासचिव विपिन मिश्र एडवोकेट ने मीडिया को बताया कि संगठन ऐसे ही अनेकों सराहनीय कार्य करता रहेगा। इस मौके पर संगठन के उपाध्यक्ष राजीव तिवारी संगठन मंत्री प्रमोद पांडे, मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी,पंकज तिवारी, रमाशंकर पांडे, संतोष मिश्रा ,संजय तिवारी शिवकुमार तिवारी, रत्नेश चंद्र मिश्र एवड्डु सुरेंद्र जी के साथ-साथ अनेक लोग उपस्थित रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर की गई संघन चेकिंग

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन में जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु रविवार की शाम को अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर तथा पुलिस बल के साथ शहर के सुपर मार्केट, घण्टाघर चौराहा, कैपरगंज, सर्राफा मार्केट सहित प्रमुख स्थानों पर भ्रमणशील रहकर आमजनमानस से संवाद स्थापित करते हुये पैदल गश्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग गयी।

# चिकित्सा नाऊ एवं रायबरेली कोचिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में चिकित्सा शिविर हुआ सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जनपद की ख्याति प्राप्त चिकित्सा संस्था चिकित्सा-नाऊ एवं रायबरेली कोचिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने निःशुल्क मधुमेह, रक्तचाप, हड्डी, स्किन, नाक, कान, गला आदि से सम्बन्धित परामर्श प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि चिकित्सा-नाऊ संस्था आए दिन इस तरह के आयोजन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कैम्प लगाकर करती रहती हैं, जिसमें लोगों को निःशुल्क जाँच एवं दवाईयाँ वितरित की जाती है। संस्था के इस अनुकरणीय कार्य की प्रशंसा शहर में चहुँओर हो रही है। इस अवसर पर चिकित्सा-नाऊ के संचालक पल शुक्ला ने कहा कि बुनियादी और विशिष्ट चिकित्सा सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाना हमारा उद्देश्य है। स्वास्थ्य सम्बन्धी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाते हैं और बीमारी के प्रसार को रोकने में मदद कर सकते है। स्वास्थ्य असमानतों को दूर करने और हमारे समाज के समग्र स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए चिकित्सा शिविर एक मूल्यवान उपकरण है।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई.–निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | निविदा सं. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 20/डब्ल्यू/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल.के.ओ/2023-24 | एआरटी/एलकेओ के ऊपर ढकी हुई शेड सड़क का निर्माण, टीटीएम कार्यशाला, लखनऊ में नए शेड के प्रावधान और मौजूदा शेड (2 नंबर) के विस्तार के लिए स्टील संरचना के निर्माण और निर्माण से संबंधित कार्य, एडीईएन/बीएसबी के तहत पुल संख्या 9, 12, 14 और 26 के पहुंच मार्गों पर हाइगेट गेज का प्रावधान, पुल कार्यशाला चारबाग, लखनऊ में प्लेटफॉर्म नंबर 2 के मौजूदा शेड का विस्तार, सीआईएल यार्ड में पुल संख्या 116 के निर्माण के लिए गतिशील (600*600*1800) आकार के स्टील सीसी सीआरआईबी का निर्माण और उपलब्ध कराना और आरबीएल-यूसीआर के बीच एलसी संख्या 18/सी पर एलएचएस के पहुंच द्वार पर शेड के निर्माण और निर्माण से संबंधित कार्य |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 72788698.19 |
| 3 | बोली सुरक्षा राशि | रु. 514000.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 15.12.2023 |
| 6 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 29.12.2023 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेगें एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्तें: |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदाकार ने पिछले 07 (सात) वर्षो के दौरान निम्न लिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलता पूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो **या** दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो **या** एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या "V" (वी) जो भी कम हो; जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञाप्ति मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | कोई भी स्टील निर्माण का कार्य अथवा एफ ओ बी अथवा पीपी शेल्टर अथवा औद्योगिक शेड अथवा स्टील/कम्प्रोजिट गर्डर ब्रिज अथवा चैनल स्लीपर के माइक्रोवेव/एचटी टावर का निर्माण और स्थापन का कार्य। |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/से. कर्म., उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ |

**नोट :** 1. ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम और शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है 3. मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.– 20/डब्ल्यू/बी.डब्लू.एस./सी.बी./2023–24 दिनांक 30.11.2023

3785/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राइजिंग चाइल्ड में हुई खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने किया अपनी–अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल मे खेल दिवस का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण मे सम्पन्न हुआ। दो चरणों में संपन्न हुई खेल प्रतियोगिताओं के प्रथम चरण का उदघाटन जिला अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट द्वारा आये हुए अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। प्रथम चरण में प्री–प्राइमरी के बच्चों के मध्य हुई हर्डल रेस, स्पून रेस, फ्रेंडशिप रेस, ईट एंड रन रेस, फ्रूट रेस, बकेट रेस, जंपिंग रेस मे क्रमशः मोक्षिता, भव्य, शिवांग, आदविक, वाग्मी, अयंतिका, गुरीक, फातिमा ने बाजी मारी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पूजा मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विजयी बच्चों को पुरुस्कृत करते हुए कहा कि बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने और शिक्षा को मनोरंजक तरीके से प्रस्तुत करने में राइजिंग चाइल्ड स्कूल बखूबी कार्य कर रहा है।

# कोचिंग टीचर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

चार दिन पूर्व अयोध्या-प्रयागराज रेल ट्रैक पर युवती की डेडबॉडी मिलने के मामले में एफआईआर दर्ज हुई है। मृतका के पिता ने कोचिंग टीचर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कराया है। मृत्यु से पहले रात में कोचिंग टीचर और युवती की मोबाइल पर 17 मिनट बात हुई थी। शुक्रवार को कूरेभार थाना अंतर्गत अयोध्या-प्रयागराज रेलमार्ग पर फूलपुर गांव में अज्ञात युवती की लाश पाई गई थी। ट्रेन की टक्कर से उसकी मौत हुई है ऐसा कहा जा रहा था। पुलिस को घटनास्थल से थोड़ी दूरी पर एक फटी हुई डायरी पेड़ के नीचे से मिली थी। जिस पर किसी शुभम नाम के लड़के का नाम लिखा था। धोखा शब्द का भी उल्लेख डायरी पर था। यही नहीं फोन नंबर भी उस पर लिखा था जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही थी। उसी दिन रात को शव की पहचान हुई और अगले दिन शव का पोस्टमार्टम हुआ। मृतका की पहचान अयोध्या जिले के हैदरगंज थाना अंतर्गत मोती तिवारी पछियाना निवासी शिल्पा मिश्रा पुत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी के रूप में हुई है। पिता वीरेंद्र ने कूरेभार थाने में तहरीर दिया कि एक दिसंबर को उसकी बेटी सुबह 8 बजे स्कूल के लिए निकली और वो घर नहीं लौटी। हमने छानबीन शुरू किया तो पता चला कि जाना बाजार गेट के पास दुर्गालाल (गुप्ता किराना स्टोर) की दुकान के पास उसकी साइकिल व बैग पड़ा मिला है। एक दिन पहले मेरे घर के नंबर पर रात 11 बजे एक नंबर से कॉल आया था जिस पर 17 मिनट बात हुई थी।

# पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक, युवतियां ओ लेबल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए 17 दिसम्बर तक कर सकते हैं आवेदन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उत्तर प्रदेश शासन पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक, युवतियों के लिए संचालित 'ओ' लेबल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना को वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी ऑनलाइन संचालित की जा रही है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया है कि योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक युवक, युवतियों को 05 दिसम्बर से 17 दिसम्बर 2023 तक पुनः ऑनलाइन आवेदन का अवसर प्रदान किया गया है। योजनान्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था ''नीलिट'' से मान्यता प्राप्त एवं निदेशालय द्वारा चयनित 'ओ' लेवल, सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराने वाली संस्थाओ मे माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक, युवतियाँ जिनके माता-पिता, अभिभावक की वार्षिक आय रू0 1.00 लाख तक है, द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश, की बेवसाइट पर दिये गये लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 17 दिसंबर, 2023 तक किया जा सकता है।

प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षिक अर्हता इंटरमीडिएट निर्धारित है। प्रशिक्षणार्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो तथा वह किसी शिक्षण संस्थान से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहा हो।

प्रशिक्षणार्थियो द्वारा ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति का प्रिंट आउट प्राप्त कर समस्त अभिलेखों, विवरणों को संलग्न करते हुए उसकी हार्डकापी 02 प्रतियो में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन रायबरेली के कार्यालय में 17 दिसम्बर, 2023 के सायं 05:00 बजे तक उपलब्ध कराये जाने पर ही आवेदन मान्य किया जायेगा।

तत्पश्चात जनपद स्तरीय चयन समिति द्वारा चयन की कार्यवाही की जायेगी। विस्तृत दिशा-निर्देश, समय-सारणी उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दी गई है।

# भागवत कथा आत्मसात करने से होता है मन का शुद्धिकरण : स्वामी दयानंद सरस्वती

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिले के मिनी स्टेडियम घोरहा महामाई मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथावाचक महामंडलेश्वर स्वामी दयानंद सरस्वतीमहाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण का नाम, रूप, गुण व लीलाएं सच्चिदानंद हैं।कलियुग में हरिनाम द्वारा भवसागर से पार हुआ जा सकता है। हरि नाम ही सभी पापों का अंत करने वाला है।और भगवत प्राप्ति कराने वाला है। उन्होंने कहा कि कलियुग में बहुत दोष हैं। फिर भी एक महान गुण है।जो भी हरिनाम महामंत्र का जाप करता है। वह सभी दोषों से मुक्त हो जाता है। और भगवत को प्राप्त करता है।भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है।और शांति व मुक्ति मिलती है। श्रीमद भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है।जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं। कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जाग्रत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है। जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। भगवान की विभिन्न कथाओं का सार श्रीमद्भागवत मोक्ष दायिनी है। इसके श्रवण से परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई और कलियुग



में आज भी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिलते हैं।सत्संग व कथा के माध्यम से मनुष्य भगवान की शरण में पहुंचता है।वरना वह इस संसार में आकर मोह माया के चक्कर में पड़ जाता है।

इसीलिए मनुष्य को समय निकालकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। बच्चों को संस्कारवान बनाकर सत्संग कथा के लिए प्रेरित करें। भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला के दर्शन करने के लिए भगवान शिवजी को गोपी का रूप धारण करना पड़ा था।वास्तव में भगवान की कथा के दर्शन हर किसी को प्राप्त नहीं होते। कलियुग में भागवत साक्षात श्रीहरि का रूप है। पावन हृदय से इसका स्मरण मात्र करने पर करोड़ों पुण्यों का फल प्राप्त हो जाता है। स्वामी महाराज ने कहा कि भगवान बालकृष्ण ने पूतना का उद्धार किया। और पूतना का अर्थ अविधा है।जो दसों इंद्रियां और चार अंतकरण मन चित बुद्धि अहंकार में आकर बैठती है। जिसके हृदय में बालकृष्ण का ध्यान है वहां से अविधा रूपी पूतना का उद्धार हो जाता है।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सभी भक्तों को गोवंश की रक्षा करना चाहिए।भारत के संत मौजूदा हिंदूवादी सरकार से गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग कर रहें हैं। कथा में मुख्य यजमान अमृतलाल बरनवाल, आचार्य गिरीशपति शास्त्री, महाराज सूबेदार, पंडित गोपाल सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 24°C | 16°C |
| कानपुर | 24°C | 16°C |
| देहरादून | 22°C | 12°C |
| नई दिल्ली | 24°C | 12°C |

# ईको पर्यटन स्थलों को मिलेगा बढ़ावा

## कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने इंग्लैंड, अमेरिका के टूर एंड ट्रेवेल वालों से बात की

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



यूपी सरकार ईको पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देगी। इसके लिए कई देशों के टूर एंड ट्रेवेल वालों से सोमवार को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से बात की। लखनऊ के ताज होटल में मीडिया से बात करते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ईको पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि कई पर्यटन स्थलों को प्रकृति का सीधे आशीर्वाद प्राप्त है। इन स्थानों को विश्व पटल पर प्रचारित–प्रसारित करना हमारा संकल्प है।

### पर्यटन में यूपी पहले स्थान पर है

उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से इंग्लैंड, अमेरिका, हालैंड और जर्मनी के टूर एंड ट्रेवेल्स आपरेटर्स को फैम ट्रिप कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन के मामले में देश में पहले स्थान पर है। सरकार का प्रयास है कि विदेश से आने वाले सैलानियों के मामले में भी पहले स्थान पर हों। इसलिए पर्यटन के संभावित सभी आयामों पर तेजी से काम हो रहा है। यहां ईको पर्यटन की असीम संभावनाएं है। परिणामस्वरूप इन स्थलों का लगातार विकास किया जा रहा है और पर्यटक सुविधाएं समृद्ध की जा रही हैं। देश–विदेश के पर्यटकों को इन स्थलों की ओर आकर्षित करने के लिए जरूरी है कि उन्हें इन स्थलों और यहां की खूबियों से परिचित कराया जाए। इन्हीं उद्देश्य से पर्यटन विभाग फैम ट्रिप में सहयोग कर रहा है। एक दिसंबर से यह यात्रा चंबल वेटलैंड से शुरू होकर सूरसरोवर पक्षी विहार होते हुए चार दिसंबर को लखनऊ पहुंची है। यहां से दुधवा नेशनल पार्क लखीमपुर जाएंगे और वहीं ठहरेंगे। यहीं से किशनपुर वन्य अभयारण्य, कतरनिया घाट बहराइच और पीलीभीत टाइगर रिजर्व का भ्रमण करेंगे।

### ईको पर्यटन स्थल से स्थानीय लोगों का विकास होगा

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने उत्तर प्रदेश के समग्र पर्यटन, पर्यटन स्थल और यहां के विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम केवल ईको पर्यटन स्थलों का ही नहीं, अपितु वहां के स्थानीय लोगों के भी विकास का प्रयास कर रहे हैं। पर्यटन उद्योग में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से इन्हें जोड़ा जाएगा। इससे इनकी आय बढ़ेगी। इसी क्रम में युवाओं को टूरिस्ट गाइड बनाने की तैयारी है। निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा ने कहा कि विभिन्न देशों से आने वाले टूर एंड ट्रेवेल्स आपरेटर जब यहां के ईको पर्यटन स्थलों से प्रभावित होंगे तो वे पर्यटकों के लिए बनने वाले यात्रा विवरण में इसे शामिल करेंगे। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। टूर एंड ट्रेवेल्स आपरेटर ने प्रदेश में चार दिन तक भ्रमण का अनुभव भी साझा किया। कहा कि चंबल वेटलैंड में घड़ियाल और मगरमच्छ देखा। वहां का नैसर्गिक सौंदर्य अद्भुत है।

# चुनावी नतीजे विचित्र और रहस्यमयी, दस दिसंबर को पार्टी नतीजों को लेकर करेगी मंथन : मायावती

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने चार राज्यों के चुनावी नतीजों को विचित्र और रहस्यमयी करार दिया है। सोमवार को एक्स पर जारी अपने बयान में उन्होंने कहा कि चार राज्यों के हालिया विधानसभा चुनाव के परिणाम एक पार्टी के पक्ष में एकतरफा होने से सभी लोगों का शंकित, अचंभित व चिंतित होना स्वाभाविक है। चुनाव के पूरे माहौल को देखते हुए ऐसा विचित्र परिणाम लोगों के गले के नीचे उतर पाना बहुत मुश्किल है। उन्होंने आगे कहा कि पूरे चुनाव के दौरान माहौल एकदम अलग व कांटे के संघर्ष जैसा दिलचस्प रहा। हालांकि चुनाव परिणाम उससे बिल्कुल अलग होकर पूरी तरह से एकतरफा हो गये। यह ऐसा रहस्यात्मक मामला है, जिस पर गंभीर चिंतन व उसका समाधान जरूरी है। लोगों की नब्ज पहचानने में भयंकर 'भूल-चूक' चुनावी चर्चा का नया विषय है। बसपा के सभी लोगों ने पूरे तन, मन, धन व दमदारी के साथ यह चुनाव लड़ा। जिससे माहौल में नई जान आई, लेकिन उन्हें ऐसे अजूबे परिणाम से निराश कतई भी नहीं होना है और डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन संघर्षों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का प्रयास करते रहना है। इस चुनावी परिणाम के संदर्भ में जमीनी रिपोर्ट लेकर आगे लोकसभा चुनाव की नए सिरे से तैयारी पर विचार-विमर्श के लिए पार्टी की ऑल इंडिया बैठक आगामी 10 दिसंबर को लखनऊ में बुलाई गयी है। चुनाव परिणाम से विचलित हुए बिना आंबेडकरवादी मूवमेंट आगे बढ़ने का हिम्मत कभी भी नहीं हारेगा।

## अवैध प्लॉट पर चला बुलडोजर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सोमवार को अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान चलाया। सोमवार को चिनहट के जुग्गौर में किसान पथ के पास लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि अजयवीर व अन्य द्वारा बीबीडी थानाक्षेत्र में मजरा-जुग्गौर के अंतर्गत ग्राम-दुधरा व कुम्हारनपुरवा के बीच किसान पथ से लगी हुई है। उन्होंने बताया कि लगभग 15 बीघा जमीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट पास नहीं कराया गया। उसको स्वीकृत कराए बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए।

# ओटीएस योजना का दूसरा चरण शुरू, किसानों के निजी नलकूपों के बिल 1 अप्रैल 2023 से माफ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के किसानों को यूपी सरकार ने बड़ा तोफा दिया है। 1 अप्रैल 2023 के बाद किसानों के किसानों के निजी नलकूपों का बिल माफ कर दिया गया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सोमवार को बयान जारी करते हुए यह जानकारी दी। हालांकि उससे पहले के बिल का पैसा किसानों को देना पड़ेगा। किसानों के 31 मार्च 2023 के पहले के बिल पर सरचार्ज माफ किया गया है। दूसरी तरफ बिजली उपभोक्ताओं के बकाए बिलों में सरचार्ज पर छूट के लिए एकमुश्त समाधान योजना का दूसरा चरण 1 से 15 दिसम्बर तक चलेगा। ओटीएस के दूसरे चरण में भी एक किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को बिलों के में शत-प्रतिशत छूट के साथ किश्तों में भुगतान की सुविधा दी जाएगी। हालांकि इन दोनों के अलावा अलग - अलग श्रेणी के उपभोक्ताओं को पहले चरण में मिली छूट के सापेक्ष इस चरण में 10 प्रतिशत कम छूट के साथ किश्तों में भुगतान की सुविधा मिलेगी। ओटीएस के पहले चरण 8 से 30 नवम्बर तक छूट लेने वाले उपभोक्ताओं को सर्वाधिक लाभ मिला। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बकाएदार उपभोक्ताओं से अपील की है कि ओटीएस के दूसरे चरण में दी जा रही छूट का लाभ लेने तथा अपने बकाए बिलों के झंझटों से हमेशा के लिए मुक्त होने के लिए शीघ्र पंजीकरण कराएं। नवम्बर 22 की तुलना में नवम्बर 23 में राजस्व में 45 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। नवम्बर 22 में 3718 करोड़ रुपए आए थे जबकि नवम्बर 23 में 5400 करोड़ रुपए की वसूली हुई है।

### किसान जमा कर सकते बिल

31 मार्च , 2023 से पहले के बकाए बिलों में सरचार्ज पर शत–प्रतिशत की छूट दी जा रही है। किसान के योजना के तहत लाभ लेकर अपने बकाए का भुगतान कर कसते है। मंत्री ने आदेश दिया है कि योजना के तहत अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ मिले, इस सम्बंध में योजना की सही से जानकारी उपलब्ध कराएं और कार्यों में तेजी लाएं। बड़े बकायेदारों से सम्पर्क करने का भी प्रयास किया जाय।

### 20 लाख लोगों ने उठाया फायदा

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि ओटीएस के प्रथम चरण में 20 लाख उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ उठाया और इससे 2000 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। इसमें से 17.75 लाख छोटे घरेलू उपभोक्ता, 95 हजार वाणिज्यिक, 80 हजार किसान और 50 हजार बिजली चोरी व आरसी के मामले शामिल हैं।

# सरकार ने नवंबर में 11,489 सामूहिक विवाह करवाए दिसंबर–जनवरी में 50,000 शादियों का रखा लक्ष्य



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश भर में स्थित जनपदों में सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए प्रदेश भर में 109883 बेटियों के विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। इस लक्ष्य के सापेक्ष नवंबर में हुए समारोह में शुभ मुहूर्त में प्रदेश भर में 11,489 सामूहिक विवाह संपन्न करवाए गए हैं, जबकि दिसंबर और जनवरी में 50,000 शादियां करवाया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सभी जनपदों को बजट भी आवंटित कर दिया गया है। अभी तक लगभग 68,825 आवेदन आ चुके हैं। वहीं ऑनलाइन पोर्टल पर हर दिन करीब 1000 आवेदन आ रहे हैं।

### जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ विवाह

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जरूरतमन्द निराश्रित/निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या/विधवा/परिव्यक्ता/तलाकशुदा महिलाओं का विवाह करवाया गया है। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के, अल्पसंख्यक वर्ग और सामान्य वर्ग के जोड़ों को लाभान्वित कराया गया है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण विभाग असीम अरुण की उपस्थिति में कन्नौज में, सांसद मेनका गांधी की उपस्थिति में सुल्तानपुर में, सांसद घनश्याम सिंह लोधी व कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख की उपस्थिति में रामपुर में, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा द्वारा शामली में, केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी की उपस्थित में महराजगंज में, गाजीपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, चंदौली, मऊ समेत कई जनपदों में वर-वधु का विवाह संपन्न हुआ। जनप्रतिनिधियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रत्येक वर-वधू को उपहार सामग्री एवं प्रमाण-पत्र वितरित किया।

### ये दी गई सहायता

सामूहिक विवाह समारोह में दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना के लिए कन्या के खाते में 35000 रुपये सहायता राशि अंतरित की गई। वहीं विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री जैसे कपड़े, बिछिया, पायल, बर्तन आदि पर 10 हजार रुपये खर्च किए गए। विधवा, परित्यक्ता/तलाकशुदा के मामले में 5000 रुपये तक की वैवाहिक सामग्री दी गई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए 6000–/ प्रति जोड़ा व्यय किया गया।

### ऐसे कर सकते हैं आवेदन

योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत लाभ पाने के लिए लाभार्थी आधार डेमोग्राफिक प्रमाणीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदक अपना आवेदन पत्र जन सुविधा केंद्र (कॉमन सर्विस सेंटर), जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, साइबर कैफे, निजी इंटरनेट केंद्र अथवा विभाग वेबसाइट से भर सकते हैं। आवेदक द्वारा आवेदन विवाह की निर्धारित तिथि के न्यूनतम एक सप्ताह पहले ही करना होगा। आवेदन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर स्वीकार होगा।

### पूरी पारदर्शिता से संचालित हो रही योजना

समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने योजना की पारदर्शिता के लिए ऑफलाइन आवेदन को खत्म कर ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था शुरू की है। इससे जहां पात्रों को सहूलियत हो रही है, वहीं बिचौलियों का काम भी खत्म हो गया है। वहीं विवाह के लिए लाभार्थी के मोबाइल पर ही विवाह की तारीख और सूचना एसएमएस से भेजी जा रही है। यही वजह है कि पोर्टल बनने के बाद अगस्त से अभी तक 68,825 आवेदन ऑनलाइन आ चुके हैं। इस योजना के तहत कन्या का बैंक खाता होना अनिवार्य है। इन खातों को आधार कार्ड से लिंक करवाया जा रहा है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया पार्क, क्षेत्र पंचायत निधि से कराया गया था पार्क का निर्माण कार्य





जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी विकासखंड क्षेत्र के कठवारा गांव में स्थित माँ चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में क्षेत्र पंचायत निधि से वर्ष 2023 में पार्क का जीर्णोद्धार आठ लाख रुपए से अधिक धनराशि कागजों पर दिखाकर कराया गया है, जबकि मौके पर पार्क के जीर्णोद्धार के नाम पर मात्र खानापूर्ति करके जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार व अधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है। आपकों बता दें कि बख्शी का तालाब विकास खण्ड के कठवारा ग्राम पंचायत स्थित चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में क्षेत्र पंचायत निधि से पार्क का जीर्णोद्धार दिखाकर ठेकेदार द्वारा बड़े पैमाने पर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया था। जानकारी के मुताबिक, चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में क्षेत्र पंचायत निधि से वर्ष 2023 में एक पार्क का जीर्णोद्धार 8 लाख रुपए से अधिक धनराशि कागजों पर दिखाकर कराया गया था। जबकि मौके पर पार्क के जीर्णोद्धार के नाम पर मात्र खानापूर्ति करके जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत से ठेकेदार लाखों रुपए डकार गए। आपको बता दें कि चंद महीने पहले बना यह पार्क अब खंडहर में तब्दील होने लगा है, तथा वहीं ठेकेदार द्वारा जमीन के ऊपर ही 2 फिट की मानक विपरीत पीला ईंट व घटिया निर्माण सामग्री से दिवारी बना दी गई और उसके ऊपर एक फिट ऊंची स्टील की रेलिंग लगाकर महज खानापूर्ति कर भारी भरकम बजट को निकाल लिया गया है। स्थानीय पुजारी व लोगों के मुताबिक पार्क करीब 600 स्क्वायर फिट में बनाया गया है, जो किसी के उपयोग में नहीं आ रहा बल्कि धन का दुरुपयोग किया गया है। विहिप जिलाध्यक्ष राम प्रकाश सिंह ने बताया कि महिनों पूर्व में उन्होंने तहसील दिवस में शिकायत देकर पार्क निर्माण में हुए भृष्टाचार की जांच कराने की गुहार लगाई थी।

## भाई की हत्या के प्रयास में चाकू से वार करने वाले दो व्यक्ति गिरफ़्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा कस्बे में शनिवार को पीड़ित सुरेंद्र की हत्या के प्रयास में भाई ने चाकू मार कर घायल कर दिया। वहीं पुलिस ने सुरेन्द्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। आपको बता दें कि भाई की हत्या के प्रयास किये जाने के सम्बन्ध में थाना इटौंजा पर मु0 अ0 सं0 269/2023 धारा 504/506/307 पंजीकृत कराया था। जिसमें उ0नि0 बजरंगी गौतम, हे0का देवेन्द्र सिंह ने पुलिस टीम साथ कड़ी मेहनत के बाद घटना से सम्बन्धित दो व्यक्ति लल्लन पुत्र राजू निवासी आलमबाग थाना आलमबाग लखनऊ पिन नं0 226005 उम्र करीब 25 वर्ष व राजा पुत्र रामखेलावन निवासी वार्ड नं 1 नगर पंचायत इटौंजा अहमदपुर खेडा उम्र करीब 26 वर्ष को सीएचसी इटौंजा क्रासिंग एनएच 24 के पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ़्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने आरोपी की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया।

# गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा विवाह संस्कार गीत की कार्यशाला का दूसरा दिन



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

संस्था की संस्थापक रंजना मिश्रा ने बताया कि सोमवार को विकास खण्ड गोमतीनगर में संस्था ने वरिष्ठ लोकगायिका रीना टण्डन के निर्देशन में कार्यशाला में दूसरे दिन विवाह संस्कार के गीत में सुहाग गीत-बन्नो खडी मंदिरवा बीच सुहाग मांगे..महक गयो आज मैया... नाचत आए गणपति,.... आदि गीत सिखाई। उन्होने बताया कि वो लगभग 15गीत सिखाएगी जो विवाह संस्कार के सभी रस्मों पर आधारित होंगे। अध्यक्ष अनुमेहा गुप्ता ने बताया कार्यशाला में भारती श्रीवास्तव, भक्ति शुक्ला, अर्पणा सिंह, आशा श्रीवास्तव, सुषमा प्रकाश, कविता सिंह, मिथिलेश, अनिता,शशि सिंह रश्मि उपाध्याय, संगीता, नीलम सहित लगभग 30 महिलाओं ने प्रथम दिन की कक्षा में प्रतिभाग किया।यह कार्यशाला ऑनलाईन व ऑफलाइन दोनों प्रकार से 10दिसम्बर तक 8 दिवसीय होगी। कार्यशाला में ऑनलाईन ज्यादा उत्साह देखा गया कोई गुड़गांव से कोई हैदराबाद से तो कोई अमेरिका से संस्कार गीत सीख रहा। सुबह से ही बारिश के बाद भी सीखने का महिलाओं मे बड़ा उत्साह देखा गया जो हमारी संस्कृति व परम्परा के लिए अत्यन्त आवश्यक है और जो लोग सीखना चाहते है वो संस्था से संपर्क कर सकते हैं।

# सार्वजनिक शौचालय में लटक रहा ताला, सचिव नहीं दे रहे ध्यान

**✱ साल भर पहले घटिया निर्माण सामग्री से बने यह शौचालय नहीं आ रहे हैं ग्रामीणों के काम**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब विकासखंड की 94 ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण पूरा हो जाने के बाद भी कहीं छह माह से तो कहीं सालभर से ज्यादा का समय हो चुका है, लेकिन नगुवामऊ, सोनवां, महिगवां, सुबंशीपुर, सिंघामऊ, मोहम्मदपुर गढ़ी, सहित दर्जनों गांवों में उपयोग तक नहीं शुरु हो पाया है। अधिकांश शौचालयों में ताला लटक रहा है। ग्राम पंचायतों द्वारा सार्वजनिक शौचालयों का संचालन करने को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा है। क्योंकि प्रधान-सचिव खुद ये तर्क दे रहे हैं कि गांव में पहले से ही सभी घरों में शौचालय बन चुके हैं।इसीलिए वे लोग इसका उपयोग नहीं कर रहे। वहीं ऐसे में निर्माण होने के बाद शौचालयों को लावारिश की तरह अपने हाल में छोड़ दिया गया है। ऐसे में शासन के लाखों-करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं लेकिन फायदा लोगों को नहीं मिल पा रहा है। बता दें,कि पिछले साल 2020-21 से स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ हो चुके गांवों में सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को प्रसाधन की व्यवस्था सुलभ रुप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराना शुरु किया। पिछले वित्तीय साल में बीकेटी विकासखंड क्षेत्र की दुर्जनपुर,भाखामऊ,रेवामऊ को छोड़कर बाकी लगभग सभी ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।और शौचालयों की देखरेख के लिए स्वयं सहायता समूह से केयर टेकर भी रखे गए हैं। मगर विडंबना है, कि जिन पंचायतों में इसका निर्माण पूर्ण हो चुका है,लेकिन उनका कोई इस्तेमाल नहीं हो रहा है। अधिकांश जगहों पर ताला लटका मिल रहा है।

### एक शौचालय बनाने में सात लाख तक खर्च

सामुदायिक शौचालय के लिए राशि निर्माण पंचायत की आबादी के अनुसार जारी हो रही है। जिसमें लगभग सात लाख रुपए तक एक सामुदायिक शौचालय के लिए राशि दी जा रही है। जिसमें तीन योजना के अभिशरण के तहत निर्माण हो रहा है। अधिकांश जगहों पर पंचायत ही निर्माण एजेंसी है। ऐसे में पंचायत निर्माण तो करा रही है पर उपयोग करने को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# राहुल और प्रियंका की हार कांग्रेस के लिए बहुत बड़ा झटका

**विधानसभा चुनाव को लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा था, ऐसे में कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए हर पैंतरे का प्रयोग किया। प्रधानमंत्री मोदी पर सीधे हमले के साथ ही, जाति जनगणना और जनता को लुभाने के लिए वायदे भी जमकर किये गये। बावजूद इसके पार्टी हिंदी पट्टी में बुरी तरह हार गई। खासकर मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। लेकिन वहां बीजेपी 18 साल के अपने शासन को बरकरार रखने में सफल रही। बीजेपी ने 2018 के विधानसभा चुनाव से बड़ी जीत दर्ज की है। जो अपने आप में ऐतिहासिक है।**

*पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा था। खासकर हिंदी पट्टी के तीन राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के चुनाव नतीजों पर देशभर की आंखें टिकी हुई थीं। इन तीन राज्यों में जिस तरह भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को पछाड़ा है, वो काबिलेतारीफ है। वास्तव, में कांग्रेस को इस बात का भरोसा था कि वो छत्तीसगढ़ में अपनी सरकार बरकरार रखेगी और मध्य प्रदेश को भाजपा से छीन लेगी। राजस्थान को लेकर उसकी राय यह थी कि यहां कांटें की टक्कर होगी और हो सकता है कि अशोक गहलोत अपनी सरकार बचा पाने में सफल रहेंगे। लेकिन कांग्रेस के रणनीतिकारों के सारे अनुमान धरे के धरे रह गए। भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश में ऐतिहासिक जीत दर्ज की ही, वहीं उसने कांग्रेस से राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे दो अहम राज्य छीन लिए। भाजपा राजस्थान और मध्य प्रदेश को लेकर आश्वस्त थी, छत्तीसगढ़ तो बोनस की तरह उसकी झोली में आ गया है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा की 519 और लोकसभ की 65 सीटें आती हैं। अगर हिंदी पट्टी के राज्यों-जम्मू कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, दिल्ली, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और केंद्र शासित चंडीगढ़ एवं लेह लद्दाख में कुल 245 लोकसभा की सीटें आती हैं। वर्तमान में कांग्रेस के पास हिंदी पट्टी में मात्र 14 लोकसभा सांसद हैं। वर्तमान लोकसभा में कांग्रेस के कुल 51 सांसद हैं और हिंदी पट्टी के एकमात्र राज्य हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। केंद्र में किसकी सरकार बनेगी यह तय करने में हिंदी पट्टी के राज्य बड़ी भूमिका निभाते हैं। ताजा चुनाव नतीजों से कांग्रेस की लोकसभा चुनाव तैयारियों को बड़ा झटका लगना तय है। अगर हिन्दी पट्टी के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की बात की जाए तो यहां कांग्रेस की हालत किसी से छिपी नहीं है। पिछले तीन दशकों से पार्टी यूपी में अपनी जमीन तलाश रही है। यूपी में सारी रणनीति और पैंतरेबाजी के बावजूद वो ठीक से खड़ी नहीं हो पा रही है। साल 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का अब तक सबसे खराब प्रदर्शन दिखा। कांग्रेस को दो सीटों पर जीत हासिल हुई। इस चुनाव में देश की सबसे पुरानी पार्टी कई प्रधानमंत्री देने वाले राज्य में अब निराशाजनक प्रदर्शन के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। वर्ष 2017 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके लड़ा था। और उसे 7 सीटों पर जीत मिली थी। असल में कांग्रेस की यूपी में खराब हालत 1985 से ही जारी है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस तब से 50 सीटें भी नहीं जीत पाई है। कांग्रेस 1985 के बाद से अब तक 50 का आंकड़ा नहीं पार कर पाई। इस चुनाव में इतिहास का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन दिख रहा है। कांग्रेस को वर्ष 2012 में विधानसभा चुनाव में 28, वर्ष 2007 में 22 और वर्ष 2002 में 25 सीटें मिली थीं। यूपी में पिछले चार लोकसभा चुनाव के नतीजों पर गौर किया जाएगा तो कांग्रेस का सबसे बेहतर प्रदर्शन 2009 में ही रहा था। आज सिर्फ एक सीट वाली कांग्रेस ने 2009 में 21 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2009 के बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को जबरदस्त झटका लगा और कांग्रेस सिर्फ अपनी दो परंपरागत सीटों रायबरेली व अमेठी में ही जीत हासिल कर सकी। 2019 के चुनाव में कांग्रेस की सिर्फ एक सीट ही रह गई। इन चुनावों में सपा-बसपा के गठबंधन की वजह से कांग्रेस ने कई सीटों पर अपने प्रत्याशी नहीं उतारे।*

### एक्सप्रेस आलेख

**चुनावों के मध्य ही कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सम्बन्धों में खटास, नेताओं के अमर्यादित बोल,प्रधानमंत्री के लिए पनौती जैसी ओछी टिप्पणी और कांग्रेस का अति आत्मविश्वास जैसे तमाम कारण हैं जिस पर नतीजों का विश्लेषण हो सकता है। पर नतीजों ने यह जरूर साबित किया है कि सारा विपक्ष जितना ही मोदी को घेरता दिखता है, मोदी की छवि उतनी ही निखरती जाती है। भाजपा के पक्ष में जो सुनामी चली है, उसे प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे का जादू नही तो और क्या कहा जाय। इन चुनावों की खास बात यह भी रही कि हिन्दू मुस्लिम ध्रुवीकरण जैसी कोई बात नही नजर आई जिस इल्जाम को भाजपा पर आसानी से चस्पा कर दिया जाता था।**

# बरकरार है मोदी के चेहरे का जादू




रमा निवास तिवारी


**भाजपा ने तेलंगाना में भी अपने वोटों का प्रतिशत बढ़ाया है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले चार राज्यों के इन चुनावी नतीजों ने यह साफ कर दिया है कि मोदी का मैजिक बिलकुल भी फीका नही पड़ा है। इंडिया अलायन्स को मोदी से लड़ने के लिए अभी बहुत एकता और सटीक रणनीति के साथ मैदान में आना पड़ेगा।**

न मैं गिरा,न मेरी उम्मीदों के मीनार गिरे,मुझे गिराने में कई लोग सौ बार गिरे।देश के चार राज्यों में हुए चुनाव के नतीजों से जो संदेश निकला, उसे इन पंक्तियों के जरिये मोदी की लोकप्रियता के संदर्भ में समझा जा सकता है।चार राज्यों के चुनावी नतीजों के आइने में अगर देखें तो अब भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है।राजस्थान,मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की कांग्रेस पर जबरदस्त जीत ने यह साबित कर दिया है कि भारतीय राजनीति में मोदी के चेहरे का आकर्षण अब भी बरकरार है।कर्नाटक और हिमांचल प्रदेश में कांग्रेस की विजय से जनता में यह धारणा बनने लगी थी कि भाजपा और मोदी दोनों की लोकप्रियता कम होने लगी है।पर इन नतीजों ने उन धारणाओं को मानों निगल लिया है।इन चुनावों पर जनता के साथ साथ चुनावी पंडितों ने भी नजर बना रखी थी।सबमें यह जानने की उत्सुकता थी कि मोदी मैजिक अब भी बरकरार है या पुरानी छवि अब धूमिल हो चुकी है।कम से कम इन चुनावों में किसी भी प्रदेश में बिना कोई चेहरा दिये भाजपा चुनाव लड़ रही थी।मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान में विजय राजे सिंधिया को पार्टी ने किस तरह किनारे किया,यह किसी से छिपा नही था।विजयराजे सिंधिया और शिवराज सिंह चौहान के खुद के टिकट कितने अंत में फाइनल हुए।चुनाव विश्लेषकों की समझ से भी यह बात परे थी कि पार्टी ऐसा आत्मघाती कदम क्यों उठाने जा रही है।भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने यह रिस्क लिया।पिछले चुनावों से इस बार के चुनावों को उसने अलग तरह से लड़ा।स्थानीय नेताओं को बहुत अधिक महत्व न देकर केन्द्रीय नेतृत्व को पूरे चुनाव भर जनता के समक्ष रखा। एक अलग तरह का चुनावी कैंपेन नजर आया। मध्यप्रदेश में तो शिवराज सिंह चौहान और नरेंद्र मोदी को एक साथ मंच पर देखने को लोग तरस गये थे।शिवराज सिंह चौहान के समानांतर केन्द्र से भेजे गये सांसद और मंत्रियों को तैयार किया गया, इसके भी कुछ फायदे नजर आये होंगे पार्टी को, पर प्रयोग तो बिलकुल नये तरीके का था और रिस्क तो ऐसा था कि चुनाव परिणामों तक धुकधुकी बनी ही रही।किन्तु भाजपा नयी भाजपा के चरित्र के साथ चुनावों में लड़ती दिखी,जो अपने हर फैसलों पर जनता का ध्यान खींचती है



**यह बात सही है कि मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह के इतने लम्बे समय से शासन करने के बाद भी उनके खिलाफ उतना जनाक्रोश नही था,लोग उन्हें पसंद करते थे,मामा के रूप में बहनों का प्यार हमेशा उन्हें मिलता रहा है। लाडली बहना योजना उनकी वह योजना रही जो लोगों को भाजपा की ओर खींचने में कामयाब रही।**

और उसे सही सिद्ध करने की जिद बना लेती है।मध्य प्रदेश और राजस्थान में कांटे की लड़ाई को देखने वाले परिणामों को देख आश्चर्यचकित हैं उन्हें ऐतबार नही हो रहा है कि उनके आंकलन को नतीजों ने कैसे छिन्न भिन्न कर दिया है।इन परिणामों ने साफ कर दिया है कि जनता केन्द्र सरकार की योजनाओं और कामों को पसंद कर रही है। मोदी जी ने जो केन्द्र और राज्य सरकारों के समन्वय से जमीन पर योजनाओं के कार्यान्वयन की बातें कहीं,जनता ने उसमें भरोसा दिखाया है। यह बात सही है कि मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह के इतने लम्बे समय से शासन करने के बाद भी उनके खिलाफ उतना जनाक्रोश नही था,लोग उन्हें पसंद करते थे,मामा के रूप में बहनों का प्यार हमेशा उन्हें मिलता रहा है। लाडली बहना योजना उनकी वह योजना रही जो लोगों को भाजपा की ओर खींचने में कामयाब रही। ऐसी तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का एक बड़ा लाभार्थी वर्ग शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री रहते हुए तैयार किया जिसका असर चुनाव परिणामों में नजर आया। मध्यप्रदेश की जीत में निःसन्देह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की छवि शामिल है, लेकिन जिस तरह से कांग्रेस को बुरी तरह से यहां भाजपा ने पराजित किया है उसके पीछे मोदी का करिश्माई नेतृत्व ही है। तीन राज्यों में सत्ता के विरोध में जनादेश आया। जहां गैर भाजपाई सरकारें थीं। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकारें थीं जब कि तेलंगाना में बीआरएस की सरकार थी। कांग्रेस की स्थिति छत्तीसगढ़ में तो बहुत मजबूत मानी जा रही थी,यहां की हार वह कैसे पचा पायेगी? राजस्थान में अशोक गहलोत का किला भी ढह गया जो अमूमन चर्चा में लोगों को महफूज नजर आ रहा था।यहां कांटे की लड़ाई बताई जा रही थी। छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस आश्वस्त और विजयी मुद्रा में पहले से ही नजर आ रही थी।भूपेश बघेल के नाम पर कांग्रेस लट्टू होकर नाचने लगती थी। इन दोनों राज्यों में कांग्रेस न केवल हारी है बल्कि बुरी तरह से पराजित हुई है।कांटे की लड़ाई में हार जीत का अंतर दो चार दस सीटों का होता है लेकिन यहां तो पूरा खेल ही पलट गया है। तेलंगाना में जरूर कांग्रेस ने वीआरएस से सत्ता छीन ली।लेकिन राजस्थान छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की हार से मिले जख्म पर तेलंगाना का मरहम कमजोर पड़ेगा। भाजपा ने तेलंगाना में भी अपने वोटों का प्रतिशत बढ़ाया है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले चार राज्यों के इन चुनावी नतीजों ने यह साफ कर दिया है कि मोदी का मैजिक बिलकुल भी फीका नही पड़ा है। इंडिया अलायन्स को मोदी से लड़ने के लिए अभी बहुत एकता और सटीक रणनीति के साथ मैदान में आना पड़ेगा। कांग्रेस की हार और भाजपा की जीत के कारण बहुत हो सकते हैं। चुनावों के मध्य ही कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सम्बन्धों में खटास, नेताओं के अमर्यादित बोल,प्रधानमंत्री के लिए पनौती जैसी ओछी टिप्पणी और कांग्रेस का अति आत्मविश्वास जैसे तमाम कारण हैं जिस पर नतीजों का विश्लेषण हो सकता है। पर नतीजों ने यह जरूर साबित किया है कि सारा विपक्ष जितना ही मोदी को घेरता दिखता है, मोदी की छवि उतनी ही निखरती जाती है। भाजपा के पक्ष में जो सुनामी चली है, उसे प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे का जादू नही तो और क्या कहा जाय। इन चुनावों की खास बात यह भी रही कि हिन्दू मुस्लिम ध्रुवीकरण जैसी कोई बात नही नजर आई जिस इल्जाम को भाजपा पर आसानी से चस्पा कर दिया जाता था।

### एक्सप्रेस कविता

*दिमाग कहता दुनियादारों से बनाए रखना,*
*दिल कहता फकीरों से बनाए रखना*
*लोग सफलता को पचा नहीं पाते है ।*
*बस दूरी तुम अमीरों से बनाए रखनाद्य*
*धूप बहुत तेज होती है सफर में हमारे,*
*तुम छायादार सजरों से बनाये रखना।*

*हादसों से हौसले पस्त नहीं होने देंना,*
*तुम हौसलों के तारों से बनाए रखना,*
*जिंदगी भी एक ख्वाब की तरह है ,*
*दोस्ती गम के ठिकानों से बनाए रखना।*
*जो वादा करके भूल जाते हैं हमेशा,*
*दूरियां ऐसे हुक्मरानों से बनाए रखना।*
*दुनिया भी एक रंगमंच की तरह है प्यारे,*
*तुम भी दो चार किरदारों से बनाए रखना।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

***बुराई की विशेषता यह है, कि ये कभी हार नहीं मानती परन्तु, अच्छाई की विशेषता यह है, कि ये कभी हारती नहीं***

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 24:36 तक |
| नक्षत्रः | पूर्व फाल्गुनी 24:32 |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | विष्कंभ, 22:39 |
| सूर्योदयः | 07:03श्च0 |
| सूर्यास्तः | 17:19 |
| चंद्रमाः | सिंह राशि में |
| राहुकालः | 14:45-16:02 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:50-12:31 |

## जन एक्सप्रेस

### आज का यह ज्ञान !

*मिली करारी हार है।*
*ना जिसका था भान ।।*
*यही राजनीति है।*
*आज का यह ज्ञान ।।*
*लगा रहेगा उठापटक।*
*करना नया तलाश ।।*
*काश वो हो जाता।*
*जो सोचे थे ख़ास ।।*
*कहां हुई है चूक ?*
*उसका पता लगाना ।।*
*बड़ी जिनकी बातें।*
*उनको याद दिलाना ।।*
*है यह अब तो तय।*
*होना है प्रहार ।।*
*देखते हैं कब तक।*
*हो कुछ चमत्कार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में शहद के साथ खाएं लौंग और इलायची, सेहत को मिलेंगे कई फायदे




**सर्दियों** में सर्दी-खांसी जैसी कई समस्याएं हो जाती हैं, जिनसे बचने के लिए किचन में मौजूद मसाले कारगर साबित हो सकते हैं। आयुर्वेद में लौंग और इलायची का इस्तेमाल कई तरह की औषधियों को बनाने में किया जाता है। सर्दी के मौसम में शहद, लौंग और इलायची का सेवन स्वास्थ्य को सुधारने में मदद कर सकता है। शहद के साथ लौंग और इलायची के सेवन से हार्ट हेल्थ बेहतर रहती है और अन्य मौसम संबंधी बीमारियां कम होती हैं।

**लौंग, इलायची और शहद खाने से क्या होता है?:** डॉक्टर श्रेय ने बताया कि शहद की कोई तासीर नहीं होती है लेकिन जब आप इसे किसी दूसरी चीज के साथ मिलाकर सेवन करते हैं तो इसकी तासीर दूसरी चीजों पर निर्भर करती है। वहीं कई लोगों को गलतफहमी होती है कि लौंग की तासीर गर्म है जबकि ऐसा नहीं है। डॉक्टर ने बताया कि लौंग की तासीर ठंडी होती है और इलायची की तासीर भी ठंडी होती है। ऐसे में लौंग और इलायची के साथ अगर आप शहद का सेवन करते हैं तो ये मिश्रण सूखी खांसी को दूर करने में मदद करेगा। वहीं अगर आप बलगम वाली खांसी में शहद के साथ लौंग और इलायची का सेवन करेंगे तो कोई नहीं मिलेगा। जिन लोगों की तासीर गर्म होती है उनके लिए शहद के साथ लौंग और इलायची का सेवन फायदेमंद साबित हो सकता है। गर्म तासीर वाले लोगों में पीली बलगम के साथ हल्की खांसी में लौंग, इलायची और शहद खाने से फायदा हो सकता है। सर्दियों में शहद के साथ लौंग और इलायची के सेवन से आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर हो सकती है। शहद के साथ लौंग और इलायची का सेवन पाचन क्रिया को ठीक कर सकता है।

**शहदः** शहद में कई तरह के पोषक तत्व और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो सेहत के लिए फायदेमंद हैं। सर्दियों के मौसम में शहद के सेवन से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में मदद मिलती है, इसके साथ ही शहद का सेवन दिल संबंधित समस्याओं को कम करने में कारगर साबित हो सकता है।

**लौंगः** लौंग में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो शरीर को हेल्दी रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा, लौंग का सेवन करने से शरीर में ब्लड शुगर का लेवल कंट्रोल में रह सकता है।


**इलायचीः** इलायची में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो बॉडी टिश्यू को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा, इलायची का सेवन कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है।

**सावधानियांः** कोई शरीरिक समस्या से जूझ रहे लोग इन आयुर्वेदिक उपायों का सेवन करने से पहले अपने चिकित्सक से सलाह जरूर लें।

इन आयुर्वेदिक तत्वों का नियमित सेवन आपको सर्दियों में स्वस्थ रखने में सहायक हो सकता है लेकिन ध्यान रखें कि ये केवल सामान्य सुझाव हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# कोई भी संख्या पूर्ण से बड़ी नहीं होती




हृदयनारायण दीक्षित


**सत्य आधा नहीं होता। मित्रगण चर्चा में कहते हैं कि आपकी या हमारी बात 50 प्रतिशत सत्य है। कोई भी वचन प्रतिशत में सत्य नहीं होता। सत्य पूर्ण होता है। पूर्णता ही सत्य है और सत्य पूर्णता है। सत्य इससे कम नहीं होता। तैत्तिरीय उपनिषद में सत्यानुभूति की प्राप्ति के बाद का एक सुन्दर मंत्र है।**

**जानकारी मिली यह ज्ञान हुआ। हमने जाना सो हम ज्ञाता हुए। लेकिन ज्ञाता और ज्ञान का सम्बंध भी अंत में समाप्त होता है। बोध के अंत में ज्ञाता नहीं बचता। ज्ञाता भी ज्ञान हो जाता है। ज्ञान भी अंतिम अवस्था में कहां बचता है? ज्ञाता, विषय, ज्ञान आदि सभी विभाजन सम्पूर्णता के ही भाग हैं। सम्पूर्णता का बोध भारतीय चिन्तन की अनूठी उपलब्धि है।**

**अस्तित्व** में दो नहीं। यहां द्वैत नहीं है। वेदांत अनुभूति में इसे अद्वैत कहा गया। ऋग्वेद के एक ऋषि ने इसे पुरुष कहा और बताया कि जो भूतकाल में अब तक हो चुका और जो आगे होगा वह सब पुरुष ही है। पुरुष एक है। इसी के भीतर सम्पूर्णता है। यही बात ऋग्वेद में अदिति के लिए कही गई है और छान्दोग्य उपनिषद में भूमा के लिए। भूमा सम्पूर्णता का पर्याय है। पूर्ण भारतीय दर्शन की अनोखी खोज है। पूर्ण असीम विराट है। संख्या गणित का विषय है। विराट अस्तित्व के रहस्य गणित की पकड़ में नहीं आते। गणित में बड़ी से बड़ी संख्या भी पूर्ण का ही भाग होती है। कोई भी संख्या पूर्ण से बड़ी नहीं होती। पूर्ण वैदिक पूर्वजों का आत्मीय विषय रहा है। शतपथ ब्राह्मण उत्तर वैदिक काल का प्रमुख सामाजिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक व दार्शनिक ग्रंथ है। इसमें संख्या व गणित के तमाम उल्लेख हैं लेकिन इसी के अंश वृहदारण्यक उपनिषद (पांचवें अध्याय) में पूर्ण की रम्य व्याख्या है। बताते हैं-वह पूर्ण है, यह पूर्ण है-पूर्णमदः पूर्णमिदं। मन प्रश्न करता है कि क्या पूर्ण भी दो हो सकते हैं। एक यह पूर्ण और दूसरा वह पूर्ण। इस जिज्ञासा का उत्तर भी इसी मंत्र में है-यह पूर्ण उस पूर्ण का ही विस्तार है-पूर्णात पूर्णमुदच्यते। शंका तो भी शेष न रहे इसलिए आगे कहते हैं-पूर्ण में पूर्ण निकाल देने पर भी पूर्ण ही बचता है-पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते। भारतीय अनुभूति का यह पूर्ण उल्लासदायी है। प्रगाढ़ अनुभूति और दर्शन में पूर्ण पूरा पूर्ण है। हम सबको अनेक पूर्ण दिखाई पड़ सकते हैं। लेकिन उन्हें पूर्ण नहीं कहा जा सकता। जो वास्तविक पूर्ण है, उस पूर्ण में कुछ भी घटाओ, जोड़ो, गुणा करो, पूर्ण पूर्ण ही रहता है। निस्संदेह गणित में कोई भी अंश या संख्या पूर्ण से छोटी होती है लेकिन पूर्ण अनुभूति में अंश या संख्या भी पूर्ण ही होती है। सारी संख्याएं पूर्ण का ही अविभाज्य अंश हैं और अंश कभी पूर्ण से पृथक अस्तित्व नहीं रखते। इस दृष्टि से हम सब पूर्ण हैं। पूर्णता के बोध के अभाव में अपूर्ण जान पड़ते हैं। अपूर्ण होना दुख है, पूर्ण होना आनंद। वेदों में अनेक देवों की स्तुतियां हैं। पश्चिमी विद्वान इसी आधार पर भारतवासियों को बहुदेववादी बताते हैं। हम भारतवासी बहुदेववादी नहीं, बहुदेव उपासक हैं। ऋषि की घोषणा है कि इन्द्र, अग्नि तमाम देवता हैं लेकिन सत्य एक है, विद्वान उसे भिन्न-भिन्न ढंग से बताते हैं। तैत्तिरीय उपनिषद में कहते हैं-वह पुरुष और आदित्य में एक ही है। संभवतः कुछ विद्वान पुरुष को और कुछ सूर्य को अलग-अलग बताते रहे होंगे। ऋषि दोनों को एक बताते हैं। पूर्णता सनातन प्यास है। हम सब अपूर्ण हैं। भोजन या पानी की प्यास अपूर्णता का संदेश है। सांसारिक उपलब्धियों की इच्छा भी हमारी अपूर्णता की ही सूचना है। इच्छा, अभिलाषा या आकांक्षा अपूर्णता के ही बोधक हैं। तनावग्रस्त होने का कारण भी हमारी अपूर्णता है। हम अतृप्त हैं। हम किसी भी मार्ग या उपाय से समृद्धि चाहते हैं और समृद्धि अतिशीघ्र नई रिक्तता में बदल जाती है। सुख फिसल जाता है, दुख घेर लेता है। प्रकृति सृष्टि सम्पूर्णता है। सम्पूर्णता में ही रहती है। सम्पूर्णता में ही प्रकट होती है। यहां सामान्य गणित नहीं है। पूर्ण से पूर्ण घटा देने पर शून्य नहीं बचता। यहां अस्तित्व की सम्पूर्णता का सुन्दर विवेचन है-मेरा मन ऐसा ही मंत्र गढ़ने को उतावला है-मैं अपूर्ण हूं। हम सब अपूर्ण हैं। मैं में हम घटाओ तो अपूर्ण मैं ही बचता है। मैं दुख है, हम होना सुख है और सम्पूर्ण होना आनंद। सम्पूर्णता की प्यास स्वाभाविक ही गहरी ही होनी चाहिए। हम बोधरहित हैं सो अपूर्ण हैं। अपूर्ण हैं सो सांसारिक उपलब्धियों में पूर्णता खोजते हैं। सांसारिक उपलब्धियां क्षणभंगुर हैं। वे अपूर्ण से भी लघुतम हैं। हमारी अपूर्णता हमको बार-बार जगाती है। हम तनावग्रस्त होते हैं। अपूर्णता का ज्ञान अच्छा है। तब हम पूर्णत्व के बारे में विचार करते हैं। पूर्णता को प्राप्य मानते हैं। पूर्वजों ने शब्द संकेतों से ऐसा मार्गदर्शन किया है। संसार के साथ स्वयं का ज्ञान ही पूर्णता की दिशा तय करता है। कार्य और कारण की शृंखला में पूर्ण विराम की गुंजाइश नहीं। ब्रह्म पूर्णतम पूर्णता है। यह ब्रह्म ही कारण है और ब्रह्म ही कार्य। गीता के एक सुन्दर श्लोक (4.24) में ब्रह्म ही ब्रह्म को हवि अर्पण करता है-ब्रह्मार्पण ब्रह्म। ब्रह्म ही अग्नि है और ब्रह्म ही हवि। यह हवि ब्रह्म को ही मिलती है। इसका परिणाम भी ब्रह्म ही होता है। इसके पहले के श्लोक में ऐसा जानने वाले व्यक्ति के लिए ज्ञानावस्थित चेतसः-ज्ञान में स्थिर चेतना शब्द आए हैं। ऐसे व्यक्ति के सभी कर्म समग्रं विलीयते-सम्पूर्णता में विलीन होते हैं। लेकिन यह ज्ञान की उच्चतर स्थिति है। संसार का अध्ययन कार्य कारण की शृंखला के विवेचन से होता है। संसार की प्रत्येक घटना के कारण होते हैं। ऐसे कारण के भी कारण होते हैं। कार्य कारण के प्रत्यक्ष सम्बंधों का अवसान सम्पूर्णता के बोध में ही होता है।

# दिव्यांग दिवस पर एनटीपीसी टांडा में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर




दिव्यांग जनों के मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से एनटीपीसी टांडा द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। एन.एफ.एन. दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग जनों के लिए म्यूजिकल चेयर, निबंध, एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालोनी परिसर स्थित विवेकानन्द शिशुकुंज विद्यालय के दिव्यांग बच्चों ने लघु नाटक एवं नृत्य तथा गीत प्रस्तुत किया। जिसका लोगों ने भरपूर आनन्द उठाया। कार्यक्रम में 57 दिव्यांग जनों ने प्रतिभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (टांडा) बी.सी. पलेई एवं गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आरती पलेई द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सहा0 मुख्य चिकित्साधिकारी (चिकित्सा सेवाएँ) डा0 साधना तिवारी, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती मृणालिनी एवं अन्य वरि0 अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी को सम्बोधित करते हुए पलेई ने कहा कि एनटीपीसी टांडा द्वारा दिव्यांग जनों की शिक्षा, स्वरोजगार, पुनर्वास आदि के लिए वर्षभर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नैगमिक सामाजिक दायित्व क अन्तर्गत हम अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए श्री राम अवध अंध ज्ञान विद्यालय, अयोध्या में भी दृष्टिबाधित छात्रों को निरंतर सहायता पहुँचा रहे हैं। कार्यक्रम में नैगमिक सामाजिक दायित्व के तहत मुख्य अतिथि ने अशक्तजनों को 25 ट्राईसाईकिल, 8 जोडी एल्बो क्रच, 04 व्हीलचेयर, 04 हियरिंग एड्स, 6 आर्थोसिस एवं 02 प्रोस्थेसिस प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया।

कार्यक्रम के संयोजन में डा0 साधना तिवारी, सहायक मुख्य चिकित्साधिकारी, डा0 अजय सिंह (वरि0 कन्सलटेंट), डा0 अंजु सिंह (कन्सलटेंट), डॉ0 सीमा बुधवानी, दंत चिकित्सक एवं एन.एफ.एन. दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सभी सदस्यों का योगदान रहा। इसी श्रृंखला में परियोजना के दिव्यांग कर्मचारियों के लिए कर्मचारी विकास केन्द्र में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (टांडा) बी.सी.पलेई ने विश्व दिव्यांग दिवस के बारे मे विस्तार से चर्चा की। उन्होनें सभी दिव्यांग कर्मचारियों का हौसला बढाते हुए कहा कि शारीरिक दिव्यांगता प्रगति में बाधक नही है, सभी लोगों को मानसिक रुप से मजबूत होना चाहिए। इस अवसर पर दिव्यांग जनो के उत्साहवर्द्धन के उद्देश्य से दिव्यांगजनों के सफलता संघर्षो पर निर्मित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इसके उपरांत सभी दिव्यांग कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डा0 उदयन तिवारी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (परियोजना) श्री अतुल कुमार गुप्ता एवं अन्य वरि0 अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्र निर्माण में दिव्यांगजनों की भी अहम भूमिका: महंत गिरीशपति त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस | अयोध्या




कार्यक्रम को संबोधित करते महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मुस्कान पुनर्वास केंद्र कनीगंज अयोध्या में आयोजित समारोह में पधारे मुख्य अतिथि अयोध्या नगर निगम के यसस्वी महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी जी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि दिव्यांगजनों की समाज एवम राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका है। दिव्यांगजन किसी की दया, कृपा, सहानुभूति के मोहताज नहीं। अपने परिश्रम, लगन, दृढ़ संकल्प, एवं सब कुछ कर गुजरने का जज्बा उन्हें सक्षम आधार प्रदान करता है, इस आधार को प्राप्त करने की काबिलियत इन्हे मुस्कान पुनर्वास केंद्र की निर्देशिका डॉ रानी अवस्थी प्रदान करती है। दिव्यांग जन आज प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ रहे है। खेल, शिक्षा, कला, संगीत, चित्रकला आदि में इन्हे महारत हासिल हैं। महापौर ने डॉ रानी अवस्थी जी के कार्यों की सराहना की और कहा कि इनकी कितनी प्रशंसा की जाय कम है। महापौर ने दिव्यांग बच्चो द्वारा प्रस्तुत मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की।

समारोह के विशिष्ट अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद चतुर्वेदी कहा दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं, इनके द्वारा प्रस्तुत नृत्य, नाटक,अभिनय देखने से यह प्रतीत नहीं होता कि ये सामान्य बच्चे नही है। श्री चतुर्वेदी ने संस्था की निर्देशिका डॉ रानी अवस्थी एवम प्रबंधक राघवेंद्र अवस्थी की सराहना की विशिष्ट अतिथि किशोर न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अमित यादव ने दिव्यांग बच्चो की कला, प्रतिभा की भूरि भूरि सराहना की। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चे बोल,सुन नही सकते किंतु इनके सोचने,समझने की छमता में कोई कमी नही। संकेत की भाषा ये बच्चे अच्छी तरह समझते है इन्हें जोदिशा निर्देश प्राप्त होता है उसका वे सम्यक निर्वहन करते है। श्री यादव ने रानी अवस्थी एवम राघवेंद्र अवस्थी इस अवसर पर शिव कुमार मिश्र ने डॉ रानी अवस्थी एवम राघवेंद्र अवस्थी द्वारा दिव्यांग बच्चो के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों एवम दिव्यांग बच्चो द्वारा प्रस्तुत मनोहारी कार्यक्रमों की सराहना की। दिव्यांग बच्चो द्वारा अनेक मनोहारी नृत्य, नाटक प्रस्तुत किया गया जिसे दर्शकों ने सराहा। प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता यादव ने समारोह का संचालन किया। सभी अतिथियों ने बच्चों द्वारा हस्त निर्मित कलाकृतियों, सामानों की प्रदर्शनी का अवलोकन कर,बच्चो की कला की सराहना की।

# औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर का किया औचक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर

जनपद में मेडिकल स्टोर पर शासन द्वारा प्रतिबंधित दवाईयों के बिक्री को रोकने के लिए औषधि निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जनपद के मेडिकल स्टोरो से दवाओं के सैंपल लिए जा रहे हैं इसी क्रम में मून मेडिकल एजेंसी पटेलनगर अकबरपुर के औषधि भंडारण का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान औषधियों के रख रखाव को देखा गया मौके पर औषधियों के क्रय विक्रय अभिलेखों की भी जांच की गई, जांच के दौरान मून मेडिकल एजेंसी से 03 संदिग्ध औषधियों के नमूने भी संकलित किए गए तथा जांच के दौरान कुछ कमियां पाई गई जिसको 03 दिनों के अंदर ठीक करने का निर्देश दिया गया।

# विभागों के अधिकारियों को गैर हाजिर देख भड़के नगर विधायक

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



विकास खंड पूराबाजार के ग्राम पंचायत समाहा कला के पंचायत भवन पर सोमवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के चौपाल मजाक बन कर रह गई। यहां 26 विभागों के अधिकारियों को मौजूद रहना था, पहुंचे महज नौ के। 17 विभागों के अधिकारियों को गैर हाजिर देख नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता का पारा चढ़ गया। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों से जवाब-तलब किया है। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। इसलिए गांव-गांव चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। यदि चौपाल में सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित नहीं रहेंगे तो समस्या का समाधान कैसे होगा। विशिष्ट अतिथि मंडल प्रभारी दिनेश कुमार मिश्रा में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि ने सुकना पत्नी राम धीरज को प्रधानमंत्री आवास की चाभी सौंपी। रमेश कुमार, राम जग, सियाराम को किसान सम्मान निधि का प्रमाण पत्र प्रदान किया। चौपाल में खंड विकास अधिकारी मनीष मौर्य, एडीओ समाज कल्याण विवेक कुमार सिंह, बाल विकास एवं पुष्टाहार अधिकारी रवि श्रीवास्तव, राजेश पाठक, विनय शुक्ला, शोभाराम वर्मा, रमेश गौड, अमित मौर्य सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# एमएससी वनस्पति विज्ञान विभाग का आंतरिक मूल्यांकन आयोजित



जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एम एल के पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग के एमएससी प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं का आंतरिक मूल्यांकन सोमवार को आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार 4 दिसंबर को एमएलके पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में एमएससी प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया। परीक्षा 11ः00 से दोपहर 2ः00 तक वनस्पति विज्ञान विभाग में संपन्न हुई। विभाग के समस्त शिक्षकों ने इस परीक्षा में अपना सहयोग प्रदान किया। प्राचार्य प्रोफेसर जे0 पी0 पांडेय ने विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन व विभागीय सहयोगी डॉ मोहम्मद अकमल के साथ कक्षाओं का निरीक्षण किया।

# देवीपाटन मंदिर पर सात दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा संपन्न

जन एक्सप्रेस | तुलसीपुर बलरामपुर



तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर के ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की 23वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं संत सम्मेलन का आयोजन सोमवार को किया गया। सम्मेलन में मौजूद विभिन्न तीर्थ से आए संत महात्मा तथा जनप्रतिनिधियो ने ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खराब मौसम के कारण देवी पाटन नहीं पहुंच सके। मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जानकारी के अनुसार 4 दिसंबर को देवीपाटन मंदिर पर चल रहे हैं सात दिवसीय संगीतयी श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर मंदिर के ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की 23वी पुण्यतिथि संत महात्माओं तथा जन प्रतिनिधियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नईमीशरण के विद्या चैतन्य जी महाराज हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास वह बलराम दास हनुमानगढ़ बलरामपुर के महत्व महेंद्र दास विधायक सदर पलटू राम विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ सहित कई संत महात्माओं तथा जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में महंत महेंद्र नाथ के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। सभी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खराब मौसम के कारण उपस्थित ना हो पाने के कारण अफसोस जाहिर किया और कहा कि योगी जी के कार्य के माध्यम से हम सभी उन्हें हम मौजूद पा रहे हैं ।वक्ताओ ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के बाद देवी पाटन मंडल के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं, जिसका ताजा उदाहरण मंगल में मेडिकल कॉलेज बलरामपुर में विश्वविद्यालय तथा देवीपाटन तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की घोषणा के साथ जाहिर होता है। कार्यक्रम के दौरान योगी दीनानाथ कौशलेंद्र नाथ सर्वेश दास, सूरज नाथ चौघड़ा नेपाल, नारायण नाथ योगी दांग नेपाल के अलावा पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा, आदर्श नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, पलटू राम, पूर्व विधायक शैलेश सिंह शैलू, एमएलकेपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे, एमएलसी सकेत मिश्रा, पूर्व मंत्री हनुमत सिंह, योगी इंद्रनाथ जी महाराज हरियाणा, विनय कुमार मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता, आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर डीपी सिंह, कुसुम सिंह चौहान, अंजली मिश्रा, मीडिया प्रभारी डीप सिंह बॉयज अजय सिंह पिंकू, ब्लॉक प्रमुख प्रवीण सिंह विक्की, नेपाल के सांसद अभिषेक शाह, कथावाचक बालक दास जी महाराज सहित देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों से आए संत महात्मा तथा तमाम जनपद निधि व श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया।

## एलएलएम की शिवानी एवं अमित हुए बिहार सहायक अभियोजन पदाधिकारी पद पर चयनित

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में संचालित एलएल.एम. पाठ्यक्रम के 2021 सत्र के छात्र शिवानी सिंह एवं अमित पाण्डेय का बिहार सहायक अभियोजन पदाधिकारी पद पर चयन हुआ। इनकी सफलता पर विधि संकायाध्यक्ष प्रो0 अशोक कुमार राय एवं पाठ्यक्रम के शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रो0 अशोक कुमार राय के कुशल नेतृत्व में पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं निरन्तर प्रतिमान गढ़ रहे है। प्रो0 राय ने बताया कि हाल ही में एलएल.एम. पाठ्यक्रम की छात्रा आश्री शाह ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में बारहवाँ स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय की यशगाथा में एक नया अध्याय जोड़ा है। छात्रों की इस उपलब्धि पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 अजय कुमार सिंह, डॉ0 सन्तोष पाण्डेय, डॉ0 विवेक, डॉ वंदना गुप्ता सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अधिकारियों ने दोनों छात्रों को शुभकामनाएं दी।

# चाणक्य परिषद के 30वें स्थापना दिवस पर विशाल ब्राह्मण कुम्भ

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट की 15 जनवरी को तीसवां स्थापना दिवस भव्य ब्राह्मण कुम्भ मनाने पर पर विस्तार से विचार सिविल लाइन प्रेस क्लब अयोध्या में संपन्न बैठक में निर्णय लिया गया। जिसमें सर्वसम्मत से स्थापना दिवस भगवान भरत की तपोस्थली भरतकुंड पर मनाने का निर्णय लिया गया। काफी दिनों से सवर्ण आयोग आर्थिक आधार पर आरक्षण अयोध्या धाम में भगवान परशुराम के भव्य मंदिर निर्माण की मांग को लेकर सडक से दिल्ली के जंतर मंतर तक आन्दोलन रत है। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद परिषद। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार फैजाबाद की आवाज के संपादक अध्यक्ष प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या के सुरेश पाठक को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए भगवान परशुराम का चित्र देकर सम्मानित राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी ने किया गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से परिषद की एक प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश के ब्राह्मणों की प्रमुख समस्या ब्राह्मणों के सिरमौर भगवान परशुराम की जयंती अक्षय तृतीया पर एक दिन का सार्वजनिक अवकाश पर विचार के लिएपत्र भेजा है स्थापना दिवस एवं अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति की 16 जनवरी को होने वाली बैठक पर विचार किया गया।इस अवसर पर परिषद की बैठक का संचालन जिला महामंत्री लखनदार त्रिपाठी ने किया। पूर्व जिलाध्यक्ष अध्यक्ष, अवधूतनी हेमा भारती गिरी आदि उपस्थित रहीं।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला अधिकारी की बड़ी कार्रवाई, एपीओ मनरेगा को किया बर्खास्त

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनपद के जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने कड़ा रुख अपना रहे हैं। जिसका ताजा उदाहरण सोमवार को देखने को मिला, जब वित्तीय अनियमितता मिलने पर जिलाधिकारी ने मनरेगा के एपीओ अमित कुमार शर्मा को सेवा से बर्खास्त कर दिया। मामला वर्ष 2018 का विकासखण्ड पचपेड़वा ब्लाक का है जहां पर तत्समय तैनात एपीओ अमित कुमार शर्मा को वित्तीय अनियमितता और लापरवाही के आरोप में सेवा से पृथक कर दिया गया था। तत्कालीन मण्डलायुक्त के आदेश पर एपीओ को शर्तों के अधीन पुनः सेवा में रख लिया गया। सेवा में पुनः आते ही एपीओ द्वारा वृहद स्तर पर वित्तीय अनियमितता चालू कर दी गई और मुख्यालय से बजट मंगवाकर रोजगार सेवकों को मानदेय का अधिक भुगतान कर दिया गया। इस प्रकरण में एपीओ के खिलाफ जून 2020 में एफआईआर भी दर्ज कराते हुए सेवा से पृथक कर दिया गया। सेवा से हटाये जाने के बाद बर्खास्त एपीओ ने कानूनी दांव पेंच शुरू कर दिये और हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दिया। इसी बीच जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित त्रिस्तरीय जांच समिति द्वारा एपीओ के वर्ष 2018 से लेकर अब तक के कार्यों की जांच कराई गई जिसमें एपीओ पर लगाये गये आरोप सही पाये गये जिसके क्रम में एपीओ को सेवा से पृथक करने की कार्यवाही की गई है। जिलाधिकारी ने आगाह किया है कि शासन के नियमों एवं वित्तीय प्राविधानों का पालन न करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास, स्वास्थ्य सुरक्षा व स्वच्छता के संदर्भ में हुई बैठक

जन एक्सप्रेस | अयोध्या




नगर पंचायत गोसाईगंज सीमा अंतर्गत समस्त स्कूलों के वरिष्ठ अध्यापक व प्रिंसिपल के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी जायसवाल की अध्यक्षता में बच्चों के सर्वांगीण विकास, स्वास्थ्य सुरक्षा व स्वच्छता के संदर्भ में एक बैठक आहूत की। बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रतियोगिता की भावना उत्पन्न करना, नगर को स्वच्छ रखना, उनका स्वास्थ्य परीक्षण, उनकी सुरक्षा तथा सांस्कृतिक व खेलकूद के कार्यक्रम से उनका शारीरिक और मानसिक विकास करना रहा। उक्त बैठक में समस्त सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के प्रधानाध्यापक ने अध्यक्ष जी के इस कदम की सराहना की। अध्यक्ष जी ने आश्वासन दिया कि बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग प्रतियोगिता, क्विज लेखन व भाषण प्रतियोगिता के साथ-साथ स्वच्छ साथी क्लब के नाम से मासिक क्लीनलीनेस ड्राइव आयोजित किया जाएगा। बैठक में रामबली नेशनल इंटर व डिग्री कॉलेज, आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज, जीजीआईसी, बलदेव मेमोरियल कॉलेज, समस्त मदरसा, सरस्वती शिशु मंदिर, संस्कृत विद्यालय, प्राइमरी और माध्यमिक स्कूल समेत अन्य स्कूलों के प्रिंसिपल मौजूद रहे।

## इण्डियन कौंसिल ऑफ प्रेस की हुई बैठक

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

जनपद के सिविल लाइन स्थित सर्किट हाउस सभागार में इंडियन काउंसिल ऑफ प्रेस के प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव के निर्देशन में जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में संगठन की हुई बैठक, बैठक पत्रकारों से संबंधित व उनकी समस्याओं पर हुई चर्चा।

चर्चा में सभी सदस्यों की राय ली गई इस बैठक में पत्रकारों के हित की बात की गई सदस्यों की राय पर विचार करते हुए सभी पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने पर विशेष बल दिया गया साथ ही माह में दो बैठक कराने के लिए सभी पत्रकार साथियों ने आवाज लगाई प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव ने सभी को आश्वासन दिया व ज़िलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने महानगर सचिव राहुल श्रीवास्तव के लिए प्रस्ताव रखा जिस पर प्रदेश सचिव ने प्रस्ताव स्वीकार करते हुए राहुल श्रीवास्तव को महानगर सचिव व रविकांत आर्य को उपमंत्री की घोषण करते हुए सभी सदस्यों ने स्वागत किया।

इस अवसर पर रवि मौर्य ज़िला उपाध्यक्ष, जिला संगठन मंत्री राजेंद्र कुमार दुबे, कोषाध्यक्ष अनिल निषाद, महानगर अध्यक्ष नवनीत कौशल डब्बू, नरेंद्र मिश्रा, महेंद्र, गुलजार अहमद, रविकांत आर्य, अमित कुमार, राकेश सिंह, सुदीप्त भौमिक, करण प्रजापति, आशुतोष श्रीवास्तव, सुमित यादव, के साथ दर्शनों की संख्या में इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस के पदाधिकारी के साथ सदस्य गण मौजूद रहे।

# कार्यालय, नगर निगम अयोध्या

पत्रांक : 707/न0नि0अयो0/2023 दिनांक : 04.12.2023

नगर निगम अयोध्या के समस्त वर्ष 2023-24 में पंजीकृत/नवीनकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के आधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023-24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मुख्य अभियंता कार्यालय से निविदा के एक दिन पूर्व तक प्राप्त किये जा सकते हैं। सादे प्रार्थना पत्र पर निविदा किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

शासनादेश सं0-तक0सेल/07/निदे0/2019 दिनांक- 28 जून 2019 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में भविष्य में आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं में जिन निविदादाता का नगर निगम में पंजीकृत एवं नवीनीकरण नहीं है उनके लिये नगर निगम अयोध्या में निम्नानुसार सर्वनिम्न निविदादाता होने पर पंजीकरण एवं नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक होगा जो कि वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ही मान्य होगा। पेवर (HMP) से जो सड़कें बनायी जानी हैं उनके लिए आवश्यक होगा कि निविदादाता का हाटमिक्स प्लान्ट नगर निगम मुख्यालय से 50 किमी0 परिधि में होना चाहिए।

| श्रेणी | अधिकृत निविदा धनराशि | जमानती धनराशि | हैसियत प्रमाण पत्र | पंजीकरण/नवीनीकरण शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| सुपर ''ए'' (एचएमपी) | हाटमिक्स प्लान्ट से किये जाने वाले समस्त कार्य | 150000/- | 50 लाख | 50000/20000.00 |
| ''ए'' | रूपये 2 करोड़ से अधिक | 500000/- | 50 लाख | 50000/25000.00 |
| ''बी'' | रूपये 75 लाख से अधिक 2 करोड़ तक | 200000/- | 40 लाख | 30000/15000.00 |
| ''सी'' | रूपये 40 लाख से अधिक 75 लाख तक | 100000/- | 20 लाख | 20000/10000.00 |
| ''डी'' | रूपये 40 लाख तक | 50000/- | 05 लाख | 10000/5000.00 |

निविदा के सम्मुख अंकित जमानती धनराशि एवं निविदा शुल्क का भुगतान निविदा की वेबसाइट etender.up.nic.in पर उपलब्ध भुगतान लिंक के माध्यम से करते हुये उसकी रसीद लिफाफे में रखकर डालना अनिवार्य होगा। लिंक निम्नलिखित है- https://compulsive.payu.in/ayodhyamc

सामान्य निविदा के प्रत्येक कार्य की निविदायें अलग-अलग लिफाफे में बन्द की जानी चाहिये एवं लिफाफे के ऊपर कार्य का नाम सम्बन्धित वार्ड संख्या आगणन धनांक एवं ठेकेदार का नाम अंकित करना अनिवार्य है। इसी के साथ निविदा स्वीकृति की सूचना प्राप्त होने पर 7 दिन के अन्दर आवश्यक स्टाम्प पेपर जमा करने पर नगर निगम को निर्धारित प्रपत्रों पर कार्य पूरा कराने हेतु अनुबंध करना होगा।

नगर आयुक्त अयोध्या को बिना कारण बताये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने अथवा अन्य ठेकेदारों के मध्य कार्य विभाजन करने का अधिकार सुरक्षित है। समस्त निविदायें मुख्य अभियंता कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में नीचे दिये गये विवरण के अनुसार प्राप्त की जायेंगी साथ ही मुख्य अभियन्ता कार्यालय में निविदाओं की बिक्री की जायेगी। निविदा मूल्य की रसीद निर्माण विभाग से प्राप्त की जायेगी। कार्यों की निविदा नोटिस अयोध्या नगर निगम के नोटिस बोर्ड से प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त निविदायें ई-प्रोक्योरमेंट की वेबसाइट www://etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जायेंगी।

निविदादाता निविदा खुलने के समय उपस्थित रह सकते हैं। निविदा डालने अथवा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होता तो निविदायें अगले कार्य दिवस में निर्धारित समयानुसार डाली/खोली जायेंगी। निविदा सम्बन्धी अन्य शर्तें किसी भी कार्य दिवस में मुख्य अभियंता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

निविदा विवरण निम्न प्रारूप में उल्लिखित कार्यों का अलग-अलग विवरण उनकी आगणन लागत निविदा की अर्नेस्ट मनी निविदा मूल्य तथा समय अवधि आदि का विवरण मुख्य अभियंता कार्यालय में उपलब्ध कार्य विवरण सूची सूचना पट पर देखा जा सकता है। विवरण के अनुसार प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग निविदा आमंत्रित है।

**शर्तें:-**

1. जो निविदादाता निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित अर्नेस्ट मनी नहीं लगायेगा उस दशा में उसका पंजीकरण/नवीनीकरण निरस्त करते हुये लगाई गई अर्नेस्ट मनी जब्त कर ली जायेगी। एवं सामान्य निविदाओं में जमानत धनराशि लेखाधिकारी, नगर निगम अयोध्या के पक्ष में बंधक कराकर निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. सामान्य निविदा प्रपत्र एवं लिफाफे पर कार्य का नाम ठेकेदार का नाम के साथ निविदादाता के स्पष्ट हस्ताक्षर एवं मोहर होना आवश्यक है। यदि लिफाफे पर उक्त विवरण अंकित नहीं होंगे तो लिफाफा अवैध माना जायेगा एवं ऐसी निविदा का संज्ञान नहीं लिया जायेगा।
3. निविदा प्रपत्र के साथ निविदा मूल्य के रूप में नगद धनराशि लगाने वाले ठेकेदारों की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. निविदा प्रपत्र में प्रतिशत उच्च/निम्न को अंको एवं शब्दों में लिखना आवश्यक है।
5. ठेकेदारों द्वारा 10 प्रतिशत तक निम्न निविदा प्रदत्त करने पर शासनादेश के अनुसार 0.50 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदा प्रदत्त करने पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत निम्न दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी/परफार्मेन्स गारंटी के रूप में जमा करनी आवश्यक होगी।
6. निविदा शर्तों के विरुद्ध निविदा डालने वाले ठेकेदार की जमानती धनराशि जब्त करते हुये काली सूची में दर्ज कर दिया जायेगा।
7. एकल कर प्रणाली के अन्तर्गत कार्य के देयकों पर शासन द्वारा निर्धारित जीएसटी की दरों के अनुसार भुगतान व कटौती की जायेगी। कार्य के आंगणन में जीएसटी सम्मिलित है एवं निविदा की दर मूल आंगणन पर प्रभावी होगी। निविदा मूल्य पर 18 प्रतिशत जीएसटी देय होगी।
8. सड़क निर्माण/सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-715/ नौ-5-2018-120बजट / 2013 दिनांक 17 मार्च 2018 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. निविदा में किसी प्रकार के संशोधन (यथा निविदा तिथि में वृद्धि निविदा संशोधन कार्यों की संख्या/आगणन में परिवर्तन अथवा सुधार आदि) की सूचना मुख्य अभियन्ता के कार्यालय के सूचना पट पर पढ़ी व देखी जा सकती है। इस हेतु निविदा शुद्धि पत्र का प्रकाशन समाचार पत्रों में नहीं किया जायेगा।
10. उच्च श्रेणी का ठेकेदार अपने से निम्न समस्त श्रेणियों की निविदाओं में प्रतिभाग कर सकता है।
11. निविदा से संबंधित अन्य नियम व शर्तें निविदा की वेबसाइट etender.up.nic.in पर पढ़ी जा सकती है।
12. आगणन धनांक रू040.00 लाख से अधिक कार्यों में टी-2 प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न/अपलोड करना अनिवार्य है। धनांक रू0-40.00 लाख एवं इससे अधिक की धनराशि के समस्त कार्यों की निविदाएं टू-बिड् पद्धति से आमंत्रित की जायेंगी।
13. ऐसे निविदादाता जिनके 2 या 2 से अधिक कार्य प्रगतिधीन है लेकिन कार्यादेश के अनुसार निर्धारित समय के अन्तर्गत कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है तो उनकी निविदा मान्य नहीं होगी।
14. यदि फर्म द्वारा कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं किया जाता है तो नियमानुसार दण्डरोपण की कार्यवाही की जायेगी।
15. पार्टनरशिप फर्म होने की दशा में फर्म के समस्त पार्टनर के चरित्र प्रमाण पत्र एवं कम्पनी होने की दशा में कम्पनी का हैसियत प्रमाण पत्र संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
16. प्रत्येक रु0 05 लाख के ऊपर की निविदा में ठेकेदार/फर्म को सिविल प्रकृति के कार्य का अनुभव संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
17. ठेकेदार/फर्म को रु0 05 लाख से ऊपर की निविदा के साथ किसी राजकीय विभाग/नगर निगम में पंजीकरण की रसीद अपलोड करना अनिवार्य होगा।
18. स्व-घोषणा प्रमाण-पत्र रु0 100/- के स्टाम्प पेपर के प्रथम पृष्ठ पर कार्य का नाम बाल पेन से अंकित करना अनिवार्य होगा। मूल प्रति पर कार्य का नाम एवं शपथकर्ता के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। जिसे दोनो ओर से स्कैन कर अपलोड करना भी अनिवार्य होगा तथा पेन्सिल से अंकित किया गया कार्य का नाम होने पर शपथ पत्र मान्य नही होगा। ई-स्टाम्प के प्रथम पृष्ठ पर कार्य का नाम अंकित किया जाना अनिवार्य होगा तथा शपथकर्ता द्वारा शपथ पत्र के सभी पृष्ठ पर हस्ताक्षर करना भी अनिवार्य होगा तथा स्व-घोषणा प्रमाण-पत्र पर नोटरी, निविदा आमंत्रण दिनांक से निविदा के समाप्त होने के दिनांक तक ही मान्य होगी। (शपथ पत्र का प्रारुप T-6 अपलोड है।)
19. निविदा में निविदादाता को टैक्निकल बिड के साथ इस आशय प्रमाण पत्र रु0 10/- के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पर देना होगा कि बिड 90 दिनों के लिए वैध है तथा निविदादाता किसी बार काउन्सिल में रजिस्टर्ड नही है तथा निविदादाता के विरुद्ध किसी भी न्यायालय मे कोई वाद-विवाद दायर नही है। Affidavit that Bid is Valid for 90 days and Bidder has neither criminal record nor registered in any bar council on non judicial stamp paper of Rs.10/-
20. निविदादाता की फर्म के अधीन कार्यरत श्रमिकों का पंजीकरण श्रम आयुक्त उ0प्र0 के श्रम विभाग में होना अनिवार्य है। जिसे अपलोड करना भी अनिवार्य होगा।
21. एकल निविदा प्रथम बार में स्वीकृत नही की जायेगी।
22. उपरोक्त कार्य में प्रयुक्त सामग्री की परीक्षण परिणाम (टेस्टिंग रिर्पोट) मानक के अनुरुप आने के उपरान्त ही भुगतान किया जोयगा।
23. जिन ठेकेदारों पर 03 कार्यो से अधिक कार्य है और उनके द्वारा अनुबन्ध की कार्यवाही पूर्ण नहीं करायी जा रही है एवं कार्यादेश प्राप्त होने के पश्चात कार्य प्रारम्भ नहीं किये जा रहे है, ऐसी फर्मो/ठेकेदारों को निविदा की प्रक्रिया में प्रतिभाग करने से वंचित किया जाता है।
24. यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसका न्याय क्षेत्र जनपद अयोध्या ही होगा।
25. अपराधिक रिकार्ड वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
26. कोई भी निविदादाता जो स्टेट बार काउन्सिल में पंजीकृत है वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा तथा बाद में संज्ञान में आने पर निविदा निरस्त करते हुये नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
27. ठेकेदार/निविदादाता को निर्माण के समय यातायात के आवागमन को बिना किसी अवरोध के बनाये रखने हेतु पर्याप्त सुविधा/व्यवस्था करना अनिवार्य होगा।
28. कार्य स्वीकृत होने के पश्चात कार्य प्रारम्भिक फोटो, कार्य प्रगति की फोटो एवं कार्य समाप्ति की फोटो/वीडियोग्राफी पत्रावली में लगाया जाना अनिवार्य होगा।
29. रू. 25/- लाख से अधिक कार्यों में ठेकेदार/फर्म को Bid Capacity के प्रपत्र लगाना अनिवर्य होगा। प्रपत्र न संलग्न करने पर निविदा मान्य नहीं होगी।
30. शर्त युक्त निविदा मान्य नहीं होगी।

| | |
|---|---|
| निविदा अपलोड की तिथि | दिनांक 05.12.2023 |
| निविदा की अन्तिम तिथि | दिनांक 12.12.2023 सायं 06.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 13.12.2023 पूर्वान्ह 11.00 बजे तक |

| क्रमांक | कार्य का नाम | स्वीकृत आगणन धनराशि जी.एस.टी. सहित | स्वीकृत निविदा धनराशि जी.एस.टी. रहित | जमानती धनराशि | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य समाप्त करने की अवधि | मद का नाम | सक्षम स्तर से स्वीकृति तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ई-निविदा | | | | | | | |
| 1. | सीताकुण्ड वार्ड में मणिपर्वत के पीछे शीश पैगम्बर से दर्शन नगर रोड खजुआ कुण्ड तक सी0सी0 सड़क एवं आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 14266636.00 | 12090370.00 | 1209037.00 | 16874.00 | 30 दिन | पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना | 04.12.2023 |
| 2. | अवैधनाथ वार्ड के मोहल्ला दरगाही बगिया में सुशीला सदन से ब्रज मोहन मौर्या के मकान से विजय कुमार पाण्डेय एवं उर्मिला देवी के मकान होते हुए विमला हला से विद्याकुण्ड मेन रोड तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य। | 11027998.00 | 9345761.00 | 667300.00 | 13039.00 | 30 दिन | पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना | 04.12.2023 |
| 3. | राम की पैड़ी पर गांधी आश्रम से नयाघाट पम्प हाउस तक सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 13343196.00 | 11307793.00 | 765390.00 | 15753.00 | 30 दिन | पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना | 04.12.2023 |
| 4. | दशरथकुण्ड वार्ड के मो0आशिफबाग में रामू के मकान से हृदयराम के मकान होते हुए संतोष श्रीवास्तव के मकान से राजेश के मकान तक एवं पारस यादव के मकान से सौरभ श्रीवास्तव के घर होते हुए संतोष कुमार के घर तक सी0सी0 सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 7534511.00 | 6385179.00 | 519260.00 | 8909.00 | 30 दिन | पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना | 04.12.2023 |
| 5. | दर्शन नगर वार्ड में घनश्याम तिवारी के मकान से हरदेव बाबा चौरी से होते हुए सोमई चौधरी के मकान तक सी0सी0 सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 5786364.00 | 4903698.00 | 445185.00 | 6844.00 | 30 दिन | पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना | 04.12.2023 |
| 6. | चित्रगुप्त नगर वार्ड में गुरुनानक कॉलेज के सामने मुख्य मार्ग पर बड़ा बिजनेस से श्री उपेन्द्रमणि तिवारी, जयप्रकाश श्री संजय चौरासिया कान्हा दूध डेयरी से होते हुए पिंटू यादव के मकान तक सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 5761747.00 | 4882837.00 | 488284.00 | 6844.00 | 30 दिन | पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना | 04.12.2023 |
| 7. | मणिरामदास छावनी वार्ड के मोहल्ला पण्डिताना में गुड्डू के मकान से पद्रदीप कुमार चौबे के मकान एवं त्रिपुरी त्रिपाठी के मकान से अशोक गौड़ के मकान तक सी0सी0 सड़क एवं आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 4418222.00 | 3744256.00 | 374426.00 | 5251.00 | 30 दिन | पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना | 04.12.2023 |

शेष पृष्ठ 9 पर....

पृष्ठ 8 का शेष....

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. | दर्शन नगर वार्ड सूरजनाथ के मकान से गणेश मौर्य के मकान होते हुए महावीर के मकान तक सी0सी0 सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 4050923.00 | 3432985.00 | 343300.00 | 4838.00 | 30 दिन | पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना | 04.12.2023 |
| 9. | जयप्रकाश नारायण वार्ड में श्री राजेश श्रीवास्तव के मकान से बैगू टेलर्स अफजाल के मकान होते हुए श्री सुशील के मकान तक सी0सी0 सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 3986336.00 | 3378251.00 | 337826.00 | 4720.00 | 20 दिन | पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना | 04.12.2023 |
| 10. | चौधरी चरण सिंह घाट से पुराने पुल तक बन्धे पर पत्थर लगाने का कार्य। | 2047075.00 | 1734810.00 | 173481.00 | 2419.00 | 20 दिन | पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना | 04.12.2023 |
| 11. | बद्री विहार कालोनी भीखापुर में श्री आशुतोष शुक्ला के मकान तक सी0सी0 सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 1977804.00 | 1676105.00 | 167611.00 | 2360.00 | 20 दिन | पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना | 04.12.2023 |
| 12. | तुलसीदास घाट के पास स्थित रचनात्मक शौचालय के पीछे डलावघर एवं रैम्प का कार्य। | 508320.00 | 430780.00 | 43078.00 | 649.00 | 20 दिन | पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना | 04.12.2023 |

(राजवीर सिंह)
मुख्य अभियन्ता

# किसानों ने अधिग्रहित होने जा रही भूमि का चार गुना रेट की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**✻ बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से लगी भूमि को अधिग्रहित कर बनाया जाना है औद्योगिक कॉरिडोर**

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से लगे ग्रामीण क्षेत्र में औद्योगिक कॉरिडोर बनाने के लिए किसानों की भूमि को अधिग्रहित करने की कवायद तेज हो गई है, मगर इससे किसान असंतुष्ट नजर नहीं आ रहे है। अधिग्रहित हो रही 100 एकड़ भूमि से प्रभावित किसानों ने सर्किल रेट से चार गुना अधिक मुआवजा की मांग करते हुए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया है। तकरीबन 150 किसानों ने अपनी मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा है। किसानों ने साफतौर पर कहां कि यदि उन्हें मानक अनुरूप मुआवजा नहीं मिला तो वो अपनी जमीन नही देंगे वहीं इस मामले को लेकर अपर जिला अधिकारी ने शासन तक बात पहुंचाने की बात कही है। दरअसल आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से लगे ग्रामीण क्षेत्रों को विकसित करने की कवायद कर रही है जिसके तहत महोबा जनपद के खन्ना ग्रामीण क्षेत्र की 100 एकड़ जमीन को अधिकृत कर औद्योगिक कॉरिडोर बनाने की पहल शासन कर रहा है जिसको लेकर प्रशासन द्वारा भूमि अधिकृत करने के कार्य को गति दी गई लेकिन उससे किसान संतुष्ट नहीं है। आपको बता दें कि खन्ना क्षेत्र के लगभग डेढ़ सौ किसानों की 100 एकड़ भूमि को अधिकृत किया जाना है जिसकी मुआवजा राशि शासन द्वारा तय की गई है जिसको लेकर किसानों का कहना है कि इसी खेती के जरिए वह अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे है और उन्हें उम्मीद थी की सरकार भूमि अधिग्रहण के दौरान सर्किल रेट से 4 गुना अधिक मुआवजा देगी लेकिन ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा। कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि मानक के अनुरूप अधिग्रहित हो रही भूमि का मुआवजा उन्हें नहीं मिल रहा उन्होंने कहा कि उन्हें सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा चाहिए, यदि ऐसा नहीं होता है तो वह अपनी भूमि नहीं देना चाहते। किसान अरविंद, लल्लू राम, राकेश, रामाश्रय, मुकेश आदि किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौपा और भूमि की मलीयत सर्किल के रेट के आधार पर चार गुना दिए जाने की मांग की कई। किसान इस कदर मायूस और उदास दिखाई दिए कि रोते हुए शासन प्रशासन से उचित मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे हैं। किसान इस बात से चिंतित है कि उनकी भूमि सिंचित है और यदि ऐसे में उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिला तो उनके जीवन स्तर पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा।

## गांजा तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

सदर कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थ के तस्कर को 1 किलो 50 ग्राम सूखे गांजे सहित शहर के रॉयल पैलेस के पास से बंदी बनाकर जेल भेजा है। सदर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत भटीपुरा चैकी प्रभारी ने मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्कर सुजीत पुत्र रामपाल पटैरियां उम्र 21 वर्ष को शहर के रॉयल पैलेस के पास से एक थैले मे 1 किलो 50 ग्राम सूखे गांजे सहित बंदी बनाकर सुजीत के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा पंजीकृत कर जेल भेजा है। भटीपुरा चैकी प्रभारी निरीक्षक यत्यवेन्द्र सिंह ने बताया कि सुजीत पटेरियां के विरूद्ध थाना के थाना अजनर, श्रीनगर, कबरई मे 20 मुकदमे पंजीकृत है। और सुजीत पटेरिया महोबा शहर के अतिरिक्त जिले के अन्य कस्बाई इलाकों मे मादक पदार्थ जैसे अवैध कारोबार मे संलिप्त है।

## अवैध असलहाधारी दो युवक बंदी

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन पर जनपदीय पुलिस द्वारा चलाये जा रहे वांछित वारंटियों की धड़ पकड़ अभियान गति देते हुए जनपदीय पुलिस ने दो अवैध असलहाधारियो को बंदी बनाकर जेल भेजा है।
पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार थाना खन्ना पुलिस ने जगभान पुत्र छुट्टन निवासी ग्राम खन्ना को बस स्टैण्ड के पास से 315 बोर के अवैध असलहा तथा 2 जिंदा कारतूस सहित बंदी बनाकर जेल भेजा है। इसी श्रृखला मे थाना चरखारी पुलिस ने राहुल पुत्र उदयभान अहिरवार उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम चंदौली को मुखबिर की सूचना पर ग्राम लुहारी थाना चरखारी से 315 बोर के अवैध असलहा तथा 1 जिंदा कारतूस सहित बंदी बनाकर जेल भेजा है।

## छात्र संसद का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । महोबा**




सरस्वती विद्या मंदिर इ0का0 महोबा मे छात्रसंसद का शपथग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत महोबा के अपर मुख्य अधिकारी अमित प्रताप सिंह तथा प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने मॉ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन करके तथा दीप प्रज्जुलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा छात्र संसद के प्रधानमंत्री अंश खरे, अनुशासन मंत्री सनद विश्वकर्मा, खेलमंत्री अरविन्द्र कुशवाहा, न्यायमंत्री सूर्याश सोनी, सांस्कृतिक मंत्री यश बाजपेयी, उपअनुशासन मंत्री, श्रेयश उपाध्याय सूचना एवं प्रसारण मंत्री यश कुशवाहा, जलमंत्री पियूष राजपूत, वंदना प्रमुख, कृष्णा सोनी सहित समस्त मंत्रियों तथा छात्र सांसदों को शपथ दिलायी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सरस्वती विद्या मंदिरों मे छात्र संसद के माध्यम से छात्रों को नृेतत्व करने का ज्ञान कराया जाता है। उन्होने कहा कि यही छात्र आगे चलकर समाज प्रदेश तथा देश का नेतृत्व करते हैं। उन्होने बताते हुए कहा कि मुझे गर्व है कि मै भी सरस्वती विद्या मंदिर का छात्र रहा हूँ। कमलेश सिहं ने कहा कि छात्र संसद मे छात्रों को कर्तव्य पालन ईमानदारी तथा राष्ट्रभक्ति का पाठ पढ़ाकर उनके अंदर अनुशासित रहकर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र मे आगे बढ़ने को प्रेरित करने का कार्य आचार्य बंधुओं के द्वारा किया जाता है। संचालन कर रहे संगीताचार्य पं0 जगप्रसाद तिवारी तथा गिरीश कुमार सक्सेना, जयनारायण ने भी अपने सम्बोधन मे छात्रों को आगे बढ़ने का पाठ पढाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कमलेश सिंह सहित विद्यालय के समस्त आचार्यगण तथा छात्र उपस्थित रहे। समारोह का संचालन विद्यालय के संगीताचार्य पं0 जगप्रसाद तिवारी ने किया।

## पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



जनपद में पीड़ित, शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा एसपी कार्यालय में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज सोमवार को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों, जनसामान्य की समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## कानून तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने बावत पुलिस अधीक्षक ने राजपत्रित अधिकारियो, थाना प्रभारियों से किया संवाद

**जन एक्सप्रेस । महोबा**




पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से गोष्ठी कर जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने, जनपद स्तर पर चिन्हित शातिर अपराधियों का सत्यापन कराये जाने, बेहतर जनसुनवाई, प्रचलित अभियानों, अपराध नियंत्रण, विभिन्न पोर्टल पर सूचनाओं को अद्यावधिक किये जाने तथा महिला सम्बन्धी अभियोगों की पैरवी कर अभियुक्तगणों को सजा दिलाये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को निर्देशित किया गया कि पुलिस महानिदेशक (उ0प्र0) द्वारा दिये गये निर्देशों का भलीभांति अवलोकन करते हुये अपराध एवं कानून व्यवस्था पर नियंत्रण बनाये रखना सुनिश्चित करे तथा आगामी शीत ऋतु व शादी सीजन को दृष्टिगत रखते हुये लूट, छिनैती व टप्पेबाजी जैसी घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन किया जाये तथा जिस क्षेत्र मे अधिक शादियां है उन शादी समारोह स्थल पर पीआरवी वाहन व कोबरा वाहन की पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाये। विभिन्न प्रचलित पोर्टलों पर सम्बन्धित सूचनाओं को समय से अद्यावधिक किया जाये तथा पोर्टल पर दिख रहे सभी लम्बित प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये। सभी को निर्देशित किया गया कि थाना स्थानीय पर नियमित रुप से जनसुनवाई की जाये तथा थाना क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियो के साथ मासिक गोष्ठी का आयोजन कर क्षेत्र की समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तथा सभी से मधुर व्यवहार करें।

## एसपी के निर्देशन में एसपीईएल के तहत चयनित छात्र-छात्राओं को प्रदान कराया अनुभवात्मक शिक्षण

**जन एक्सप्रेस । महोबा**




पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग के तत्वाधान में आयोजित हो रहे कार्यक्रम स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम के तहत थाना कोतवाली नगर महोबा एवं महिला थाना में प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु वीर भूमि डिग्री कालेज, महोबा से चयनित छात्र, छात्राओं को थाना कोतवाली नगर एवं महिला थाना महोबा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुख्यालय महोबा अवस्थित आधारशिला वृद्धाश्रम का भ्रमण कराया गया। सभी छात्र-छात्राओं को वृद्धजनों के स्वास्थ्य एवं उनको प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कर उनको सामाजिक समस्याओं से अवगत कराते हुए अनुभवात्मक शिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा वृद्धाश्रम के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार के पूछे गये, जिनके समुचित प्रत्युत्तर अमित तिवारी, प्रबन्धक आधार शिला वृद्धाश्रम ने दिए साथ ही सभी को बाल विवाह एवं बाल मजदूरी की रोकथाम की शपथ दिलाई गई। इस दौरान प्रभारी महिला थाना श्रीमती सुषमा चैधरी, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए अभिषेक वर्मा मौजूद रहे।

## पैमाइश करने पहुंची राजस्व टीम पर पथराव, दो हिरासत में

**प्रयागराज।** फाफामऊ थाना क्षेत्र के शिवपुर में भूमि का सीमांकन करने पहुंची राजस्व और पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। एक पक्ष की ओर से ईंट और पत्थर चलाए गए। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया। शिवपुर में लवकुश एवं राजेश्वर मिश्र के बीच जमीन का विवाद चला आ रहा था। राजेश्वर मिश्र के प्रार्थना पत्र पर एसडीएम द्वारा गठित राजस्व टीम एवं पुलिस सोमवार को मौके पर सीमांकन करने पहुंची। आरोप है कि राजकुमार पक्ष के लोग जिसमें अधिकतर महिलाएं थीं, ईंट पत्थर फेंकने लगीं। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया। इसका विरोध करते हुए सड़क पर ईंट पत्थर फेंक कर जाम लगा दिया गया।

# अतीक-अशरफ के हत्यारोपियों पर सुनवाई एक बार फिर टली, अब 18 दिसंबर को तय हो सकता है आरोप

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



इलाहाबाद जिला न्यायालय में माफिया अतीक अहमद और अशरफ के हत्यारोपितों की सोमवार को होने वाली सुनवाई एक बार फिर टल गई है। अगली सुनवाई की तिथि 18 दिसंबर तय की गई है। अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के तीनों हत्यारोपितों सनी सिंह, लवलेश तिवारी और अरुण मौर्य फिलहाल चित्रकूट की जिला कारागार में निरुद्ध हैं। इन्हें जिला जज संतोष राय की अदालत में जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया गया। पिछली नियत तिथि पर आरोपित शनि की ओर से पैरवी करने के लिए अदालत ने रत्नेश कुमार शुक्ल को न्याय मित्र नियुक्त किया था। जिला जज के अवकाश में रहने के कारण विचाराधीन मुकदमे की सुनवाई नहीं हो सकी। आरोपियों के विरुद्ध एसआईटी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में 13 जुलाई को आरोप पत्र दाखिल किया था। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार गौतम ने आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद मुकदमे को परीक्षण के लिए सत्र न्यायालय को सुपुर्द करने का आदेश दिया था। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि हत्यारोपितों अरुण, लवलेश और सनी सिंह के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302, 307, 120 बी, 419, 420, 467, 468 आईपीसी एवं आर्म्स एक्ट तथा 7 क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट के तहत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया है। नियत तिथि पर इन्हीं धाराओं के अंतर्गत आरोपितों पर आरोप तय होना है।

## फास्ट फॉरवर्ड ⏭

### काशी एक्सप्रेस से घर आ रहे रिटायर्ड फौजी लापता

**जन एक्सप्रेस/लार, देवरिया।** काशी एक्सप्रेस से घर आ रहे एक रिटायर्ड फौजी बीच रास्ते से लापता हो गए। जिसको लेकर परिजन परेशान हैं। लार थाना क्षेत्र भरौली गांव निवासी हर्ष बर्धन दुबे फौज की नौकरी से रिटायर्ड होने के बाद गांव पर ही रहते थे। उनकी मानसिक हालत कुछ दिनों से खराब थी। वह प्रयाग राज में पुलिस विभाग में कार्यरत अपने भाई यशवर्धन दुबे के पास गए थे। वह काशी एक्सप्रेस ट्रेन से शनिवार को अपने भाई के साथ गांव आ रहे थे। वह लार रोड स्टेशन की जगह बीच रास्ते में कहीं उतर गए। जबकि मऊ स्टेशन तक भाई के साथ वह थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी देवरिया।** बनकटा विकासखंड के ग्राम परसौनी रघुनाथ एवं परसौनी आनंदघन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां लगाई गई एवं उन विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे जिन लोगों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से आमजन को अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सभाकुवंर कुशवाहा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक ने 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं का गोद भराई का कार्यक्रम भी संपन्न किया ।

### एनडीपीएस एक्ट में वांछित 25 हजार रुपए ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** मु0अ0सं0 303/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया में विगत कई माह से वांछित अपराधी मुन्ना चौरसिया पुत्र राम अवध चौरसिया निवासी अलावरपुर थाना भटनी जनपद देवरिया जो दिनांक 13.10.2023 थाना खुखुन्दू क्षेत्र से बरामद लगभग 6 कुन्तल 53 किलो 470 ग्राम मादक पदार्थ (गांजा) जिसकी अनुमानित मुल्य लगभग 1-5 करोड़ रुपये के मामले में मुख्य आरोपी था, जो घटना के दिन से बादस्तुर फरार चल रहा था जिस पर पूर्व से ही पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा 25000/- रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। जिसे रविवार को पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सलेमपुर महोदय के नेतृत्व में थाना खुखुन्दू पुलिस व एसटीएफ संयुक्त टीम द्वारा भरथुआ चौराहे से भटनी जाने वाले मार्ग पर गिरफ्तार किया गया।

### 6-7 को नि:शुल्क रोजगार मेले का किया जायेगा आयोजन

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 लखनऊ के निर्देश के क्रम में दो दिवसीय नि:शुल्क रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया एवं माडल कॅरियर सेन्टर, देवरिया के संयुक्त तत्वाधान में जिला सेवायोजन कार्यालय जी0आई0टी0आई0 कैम्पस देवरिया में किया जाएगा, जिसमे 06 दिसंबर को मारूती सुजूकी लिमिटेड एवं 07 दिसंबर को विभिन्न प्रकार की कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी।रोजगार मेला में सम्मिलित होने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों को उन्होंने अवगत कराया है कि विभिन्न कम्पनियों/पदों के लिए आवेदन करने के लिए सेवायोजन पोर्टल / एन0सी0एस0पोर्टल पर आवेदन कर निर्धारित तिथि को प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

### मंडलीय प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए खिलाड़ी

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** परिषदीय विद्यालय की मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन महराजगंज में आयोजित है। इसके लिए परिषदीय विद्यालयों की जिला स्तरीय टीम के 180 सदस्य सात बसों से महराजगंज के लिए रवाना हुए। इसमें अलग अलग वर्ग और खेलों के खिलाड़ी शामिल हैं।सदर बीआरसी में सुबह से ही जिले के अलग अलग परिषदीय विद्यालयों के खिलाड़ी शिक्षकों के साथ पहुंचने लगे थे। इन खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयन किया गया था। इसमें अलग अलग वर्ग के अलग अलग खेलो के 180 खिलाड़ियों कि चयन किया गया था। सभी खिलाड़ियों को जिला व्यायाम शिक्षक द्वारा आवश्यक समान उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही खिलाड़ियों के साथ शिक्षक भी पहुंचे थे। जहां पर सात बसों से खिलाड़ियों को महराजगंज में आयोजित परिषदीय विद्यालय की मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए रवाना किया गया। सदर के खंड शिक्षाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर खिलाड़ियों के बसों को रवाना किया।

### दुष्कर्मी को मिला 20 वर्ष का कठोर कारावास

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म की आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 15 हजार के अर्थदण्ड की सजा से नवाजा है। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग को दुष्कर्मी अखिलेश पुत्र रामकिशुन अहिरवार निवासी ग्राम बेड़ी साहपुर थाना लवकुशनगर जिला छतरपुर म0प्र0 रिस्ते मे नाबालिग बहिन को बहला फुसलाकर भगा ले गया था तथा उसके साथ जबरियां दुष्कर्म किया था। दुराचारी के चुंगल से छूटने के बाद बालिका ने अपने परिवारिजनो को साथ लेकर सदर कोतवाली पहुँचकर मुकद्मा अपराध संख्या 420/2020 को धारा 373,366,376 भादवि 4 पाक्सों एक्ट के तहत मुकद्मा पंजीकृत कराया था। सदर कोतवाली पुलिस ने बालिका की तहरीर पर मुकद्मा दर्ज करने के पश्चात् डॉक्टरी परीक्षण कराने के उपरांत अपराधी युवक अखिलेश पुत्र रामकिशुन को बंदी बनाकर जेल भेजा था, तथा मामले की विवेचना कर चार्जसीट न्यायालय को सौपी थी। न्यायालय मे सत्र परीक्षण के दौरान पीड़ित बालिका चिकित्सक तथा पुलिस के ब्यान होने के पश्चात विद्वान अधिवक्ताओं की दलीले सुनने और द्वेष सिद्ध हो जाने पर विद्वान न्यायाधीश अल्का चैधरी ने हवश के भूखे भेड़िये को 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 15- हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा से नवाजा है। पुलिस ने न्यायालय से ही बंदी बनाकर दुष्कर्मी को जेल भेजा है। अभियोजन पक्ष से मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजन पुष्पेन्द्र मिश्रा तथा अमन सिंह द्वारा की जा रही थी।

### स्टाफ नर्स यूनानी भर्ती के लिए आवेदन शुरू

**प्रयागराज।** स्टाफ नर्स यूनानी (पुरुष/महिला) परीक्षा-2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चार दिसंबर से शुरू हो गई। पहली बार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से इन पदों पर भर्ती होने जा रही है। आयोग ने सोमवार को भर्ती का विस्तृत विज्ञान वेबसाइट पर जारी कर दिया। स्टाफ नर्स यूनानी के कुल 27 पदों पर भर्ती होनी है। इनमें स्टाफ नर्स यूनानी (पुरुष) के दो पद और स्टाफ नर्स यूनानी (महिला) के 25 पद शामिल हैं। इन पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अंतिम तिथि एक जनवरी 2024 और ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि चार जनवरी 2024 निर्धारित की गई है। साथ ही ऑनलाइन आवेदन में सुधार/संशोधन की अंतिम तिथि 11 जनवरी 2024 निर्धारित की गई है। भर्ती में वही अभ्यर्थी शामिल होंगे, जो एक जुलाई 2023 को न्यूनतम 21 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं और 40 वर्ष की आयु से अधिक न हों। इस भर्ती के विस्तृत विज्ञापन में आवेदन की प्रक्रिया, शुल्क जमा करने की प्रक्रिया, जाति प्रमाण पत्रों का प्रोफार्मा, प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा के विषय और पाठ्यक्रम, परीक्षा केंद्रों के जिलों के नाम, आरक्षण एवं आयु में छूट के संबंध में निर्धारित महत्वपूर्ण निर्देश आदि उपलब्ध रहेंगे।

# सिद्धनगर में घोटाले की डीएम से शिकायत, टीम ने की जांच

* जांच करने पंहुची टीम पर मिलीभगत कि आरोप
* पंचायत में विकास कार्य के नाम पर जमकर घोटाला

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



पूरनपुर। ट्रांस शारदा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिद्धनगर में शौचालय व आवास घोटाले की शिकायत पर शारदा सागर खंड के सहायक अभियंता ने गांव पहुंचकर जांच की। टीम को जांच के दौरान कई अनियमितताएं मिली। सिद्धार्थनगर निवासी राजन पांडे ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया था कि गांव में पंचायत भवन का निर्माण होने के बाद भी सरकारी धन का दुरुपयोग कर नए पंचायत भवन का निर्माण कराने, पौधारोपण कराए बगैर बजट निकालने, मनरेगा में कार्य कराए बगैर सरकारी धन का बंदरबांट, रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण न करा कर सरकारी धनराशि निकालने का आरोप लगाया था। जिलाधिकारी ने शारदा सागर खंड सहायक अभियंता नन्दलाल को जांच के निर्देश दिए। सोमवार अभियंता ने सिद्ध नगर पहुंचकर छः बिंदुओं पर जांच की। जांच के दौरान टीम को परिसर में वृक्षारोपण नहीं मिला। जांच अधिकारी ने लाभार्थियों के घर पहुंचकर शिकायत का सत्यापन किया। मनरेगा से कराए गए कार्यों की भी जांच की। ग्रामीणों का आरोप है कि जांच अधिकारी खानापूर्ति कर चले गए। शिकायतकर्ता का कहना है कि जांच अधिकारी द्वारा ट्रेन हरवेस्टिंग सिस्टम के नाम पर निकिले गए सरकारी धन की जांच नहीं की गई। आधी अधूरी जांच कर शिकायत निस्तारण के लिए हस्ताक्षर का दबाव बनाया गया।

> "सिद्धनगर में छह बिंदुओं पर शिकायत की गई थी। जांच के दौरान पंचायत में निर्माण कार्य पाया गया है। जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी।
> –नन्दलाल,सहायक अभियंता शारदा सागर खंड

# पुलिस कर्मियों को चकमा देकर इमरजेंसी से फरार हो गया आरोपी, दौड़ाकर पकड़ा

* माधोटांडा से पूरनपुर सीएचसी मेडिकल कराने पंहुचे थे कांस्टेबल
* रजिस्टरी कार्यालय के सामने दौड़ा कर पकड़ा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल के लिए पूरनपुर सीएचसी लाया गया आरोपी मेडिकल के दौरान इमरजेंसी से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।पुलिसकर्मियों ने पीछा कर आरोपी को बिजली घर रोड स्थित रजिस्ट्री कार्यालय के सामने से पकड़ लिया। नाबालिक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व अवैध कच्ची शराब की कसीदगी करने वाले तीन आरोपियों को माधोटांडा पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपियों के पास से अवैध शराब बनाने के उपकरण व अतीक उर रहमान के पास से अवैध तमंचा बरामद किया गया। सोमवार दोपहर पकड़े गए तीन आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सक एक आरोपी का मेडिकल करने लगा। इसी दौरान मौका पाकर आरोपी अतीक उर रहमान इमरजेंसी से फरार हो गया। अचानक आरोपी के गायब होने से पुलिस कर्मियों मैं खलबली मच गई। पुलिस ने आनन फानन में आरोपी की तलाश शुरू कर की। सीएचसी गेट के सामने वाहनों का आवागमन अधिक होने के कारण आरोपी अधिक दूर तक नहीं भाग सका।पुलिस कर्मियों ने आरोपी का पीछा कर सीएचसी से दो सौ मीटर दूर बिजली घर रोड पर स्थित रजिस्ट्री कार्यालय के सामने से पकड़ लिया। आरोपी को पकड़ने पर पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली।

> "चिकित्सक के मेडिकल करने के दौरान एक आरोपी इमरजेंसी से निकल गया था। पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी का कोर्ट के लिए चालान किया गया है।
> –अचल कुमार,थाना प्रभारी माधोटांडा

# 38 लाख की लागत से जगमग हुआ टाइगर तिराहा





* राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया लोकार्पण
* डबल इंजन सरकार में तीसरा इंजन जोड़कर नगर पंचायत नौगवां पकड़िया की जनता ने सही निर्णय लिया हैं: संजय सिंह गंगवार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज सोमवार की शाम को आसाम रोड स्थित टाइगर तिराहा पर 38 लाख की लागत से नगर पंचायत पकड़िया नौगवां द्वारा लगाई गई 35 लाइटों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सही जनप्रतिनिधि का चुनाव करना ही विकास का मार्ग प्रशस्त करता है उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में तीसरा इंजन जोड़कर नगर पंचायत नौगवां पकड़िया की जनता ने सही निर्णय लिया हैं। क्योंकि नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने क्षेत्र में विकास कार्यों की निरंतर बनाए रखी हैं। उन्होंने कहा कि कि भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने हाल ही में तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा की हुई प्रचंड जीत के लिए जनता का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में किए जा रहे जनकल्याणकारियों कार्यों के प्रति जनता में निरंतर विश्वास बना हुआ हैं। उन्होंने नौगवां पकड़िया की अध्यक्ष श्रीमती संतोष संधू और उनके पति वरिष्ठ भाजपा नेता को क्षेत्र में कराई जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा एवं सराहना की। इस अवसर पर ललौरी खेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह, मनोज मिश्रा सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं प्रशासन के अधिकारी गण मौजूद रहें। राज्य मंत्री श्री गंगवार आज लखनऊ से सीधे चलकर टाइगर तिराहा स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थें।

## अवैध कब्जे की एसडीएम के बाद अब तहसीलदार करेंगे जांच

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बीसलपुर। नगर के बीसलपुर हाईवे पर ब्लॉक कार्यालय के सामने स्थित नगर पंचायत की बेस्ट कीमती जिस जमीन पर 3 महीने पूर्व की गई जांच में एसडीएम न्यायिक द्वारा अवैध कब्जा पाया गया था। उस पर अभी तक कोई कार्रवाई न होने पर डीएम ने अब तहसीलदार को जांच सौंपी है। नगर के मोहल्ला पक्का तालाब निवासी संतोष वर्मा की शिकायत पर एसडीएम न्यायिक एवं नगर पंचायत के प्रभारी ईओ ऋषिकांत राजवंशी ने ब्लॉक कार्यालय के सामने स्थित वेश कीमती नगर पंचायत की जमीन पर नगर के ही कुछ लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे की जांच की थी। जिस पर उन्होंने 20 अगस्त को अवैध कब्जा होने की पुष्टि करते हुए मुख्यमंत्री संदर्भ में रिपोर्ट दी थी लेकिन उसके बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो शिकायतकर्ता ने पुनः मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद तत्कालीन एसडीएम सचिन राजपूत ने मामले की जांच करने के साथ ही अवैध रूप से कब्जा करने वाले आरोपियों को तत्काल कब्जा छोड़ने का फरमान भी जारी किया। यही वजह रही कि शनिवार को आयोजित तहसील दिवस में शिकायतकर्ता ने डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार के समक्ष पेश होकर मामले की शिकायत कर कार्रवाई कराने और सरकारी जमीन से अवैध कब्जा छुड़वाने की गुहार की।

# अखिल भारत हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा के नेतृत्व में बैठक हुई संपन्न



* मयंक जायसवाल को जिला महामंत्री, शलभ गंगवार, अमन संजोग, गौरव शर्मा बने जिला उपाध्यक्ष
* सेवक विशाल को नगर अध्यक्ष तथा बॉबी चौधरी बने नगर महामंत्री
* युवा वर्ग टीम के मुकेश कुमार बने युवा जिला अध्यक्ष,आयुष सक्सेना को युवा जिला महामंत्री का मिला दायित्व

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

रविवार को अखिल भारत हिंदू महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक जनपद के गांधी स्टेडियम में महासभा के जिला अध्यक्ष पं. पंकज शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस बैठक में लगभग समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

इस अवसर पर इस महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष पं. पंकज शर्मा ने कहा कि अखिल भारत हिंदू महासभा का जिले में गठन कर लोगों को जोड़ा जाएगा जिससे लोगों में हिंदू महासभा के प्रति टीम बनाकर जनपद भर में लोगों की तमाम समस्याओं के प्रति कार्य किया जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि अब सभी लोग अधिक से अधिक लोगों को संगठन के प्रति जागरूक कर संगठन में जोड़कर हिंदू महासभा को मजबूत बनाएं। इस अवसर पर इस बैठक में महासभा की जिला, नगर एवं युवा की टीम की कुछ घोषणा की गई। साथ ही इसके इस महत्वपूर्ण बैठक में गौरक्षा समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की गई। बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी की राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में विजय प्राप्त करने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया एवं एक दूसरे को बधाई दी गई। जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा ने कहा कि अतिशीघ्र संगठन का विस्तार करके और नए पदाधिकारियों की घोषणा भी की जायेगी।

### इन्हें दिया गया दायित्व

हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष द्वारा जिले की घोषणा करते हुए मयंक जायसवाल को जिला महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष शलभ गंगवार, अमन संजोग, गौरव शर्मा को बनाया गया। नगर टीम की घोषणा करते हुए सेवक विशाल को नगर अध्यक्ष तथा बॉबी चौधरी को नगर महामंत्री नियुक्त किया गया। हिंदू महासभा युवा वर्ग टीम की जिम्मेदारी मुकेश कुमार को दी गई वहीं आयुष सक्सेना को युवा जिला महामंत्री का दायित्व प्रदान किया गया।

### यह कार्यकर्ता रहे उपस्थित

इस अवसर पर पं. पंकज शर्मा, मयंक जायसवाल, गौरव शर्मा, अमन संजोग, शलभ गंगवार, सेवक विशाल, मुकेश कुमार, आयुष सक्सेना, अंकित सक्सेना, स्वाति मिश्रा, बॉबी चौधरी, कृष्णा साहनी, गुडडू राठौर, अमित अवस्थी, प्रकाश अग्निहोत्री, भगवानदास वर्मा, अक्षत गुप्ता, अर्जुन, कुलदीप वर्मा, प्रदीप, राम सागर, राम वाजपेयी, सर्वेश कुमार, सानू, विष्णु कश्यप, प्रशांत, हृदयेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर वहां उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वंदन योजना समीक्षा बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में सांस्कृतिक, पौराणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर अवस्थापना तथा अन्य सुविधाओं के विकास हेतु वंदन योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक की समीक्षा के दौरान नगर पालिका परिषद पीलभीत ब्रहमचारी घाट व वाल्मीकी मंदिर का विकास किये जाने हेतु, नगर पालिका परिषद बीसलपुर के अन्तर्गत गुलेश्वर नाथ मंदिर पर हाल निर्माण, जल निकासी की व्यवस्था हेतु, प्रकाश व्यवस्था, विश्रामहाल का निर्माण, शेड हाल, मंदिर व परिसर का सौन्दीर्यकरण, सीसी रोड़ सहित अन्य व्यवस्था कराये जाने योग्य है तथा बीसलपुर के ऐतिहासिक देवी का बड़ा मंदिर सीसी रोड का निर्माण, विश्राम हाल का निर्माण, मंदिर का सौन्दर्यीकरण का कार्य, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाऐं करायी जानी है। नगर पालिका परिषद पूरनपुर की समीक्षा के दौरान अधिशासी अधिकारी पूरनपुर द्वारा अवगत कराया गया सांस्कृतिक एवं पौराणिक, धार्मिक स्थल देवी स्थान मंदिर परिसर में विश्रामहाल निर्माण एवं नगर पंचायत कलीनगर में पुराना शिव मंदिर, नगर पंचायत बरखेड़ा में शिव मन्दिर वार्ड संख्या–06 व सिद्धबाबा स्थल पर सम्पर्क मार्ग, विश्रामलय, वाटर किओस्क, छादक एवं साइनेज एवं प्रकाश व्यवस्था कराई जानी है। नगर पंचायत पकड़िया नौगवां में रामलीला मैदान व प्राचीन काली माता मंदिर, शिव मंदिर व श्री राम चन्द्र जी मंदिर पर विश्राम स्थल, शौचालय, स्नानघर, बेंच व स्वच्छ पेयजल सहित आदि व्यवस्थाऐं कराई जानी है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### महिला का मोबाइल छीन भागे उचक्के

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के गौसपुर बाजार के पास रविवार की शाम लगभग सात बजे पैदल घर आ रही महिला का बाइक सवार उचक्के मोबाइल छीन फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर लोगों ने उनका दूर तक पीछा भी किया। लेकिन वे पकड़े नहीं जा सके। महिला ने दो अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। सौरइयां मिल्की पट्टी गांव निवासी अंजू देवी पत्नी मायाशंकर गौतम अपने तीन छोटे बच्चों के साथ इमामपुर बाजार गई थी। जहां से वापसी के समय आटो न मिलने पर वह पैदल ही आ रही थी। गौसपुर बाजार के पहले ही सुनसान स्थल पर पीछे से आये एक बाइक पर सवार दो युवकों ने पहले उससे पूंछा कि कहा जाना है।वह बता रही थी तभी पीछे बैठा उचक्का उसके हाथ से मोबाइल छीन लिया। दोनों खुटहन बाजार की तरफ भाग गए। अचानक हुई घटना से पीड़िता हतप्रभ रह गयी। बाद में शोर मचाया तो वहां तमाम लोग जुट गए। कुछ युवकों ने उचक्कों का पीछा भी किया। लेकिन वे हाथ नहीं आये। पीड़िता ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व दस हजार की मोबाइल खरीदा था। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है छानबीन की जा रही है।

### सड़क सुरक्षा पर भाषण प्रतियोगिता में कृष्णा प्रथम

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन विकास खंड के ग्राम विकास इंटर कालेज 12 वीं के छात्र कृष्णा सिंह ने सड़क सुरक्षा बिषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में जिले में पहला स्थान हासिल किया है। इसी कालेज के 11 वीं के छात्र सत्यम यादव क्वीज प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह माध्यमिक स्तर की प्रतियोगिता जिले के जनक कुमारी इंटर कालेज में सोमवार को आयोजित की गई। प्रबंधक डॉक्टर रमेश यादव, प्रधानाचार्य अरविंद कुमार, सुनीलकांत तिवारी,ईश्वरदेव यादव आदि शिक्षकों ने छात्रों का हौसला अफजाई किया।

### नरमुंड मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुजानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऊँचगांव में शारदा सहायक नहर में मानव नरमुंड तथा शरीर के कुछ अंग मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।मिली जानकारी के मुताबिक आज सुबह कुछ लोग शौच करने हेतु नहर की तरफ गये जहां पर नरमुंड दिखाई पड़ा जिसकी सूचना गांवो मे पहुंची जिससे मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गयी। उपस्थित लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गयी मौके पर थानाध्यक्ष ने पहुंच कर नरमुंड तथा



शरीर के मिले अवशेष को अपने कब्जे में लेते हुए जांच हेतु जिला अस्पताल भेजा बताते चलें कि सारदा सहायक नहर के बगल ऊंचगाव गांव निवासी शैलेन्द्र सिंह 14 अक्टूबर नहर पर से ही गायब हो गये थे पुत्र अंकित सिंह द्वारा काफी खोजबीन के बाद न मिलने पर थाने पर तहरीर देते हुए पिता शैलेन्द्र सिंह की हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस द्वारा जांच में पुल के पास गुमशुदा का स्लीपर मिला था वहीं कुछ दूरी पर आज सुबह नरमुंड के साथ शरीर के अंगों के अवशेष मिले हैं जिससे गुमशुदा के पुत्र अंकित सिंह के साथ ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि गायब हुए शैलेन्द्र सिंह का ही शव है जो किसी ने मार कर नहर में डाल दिया जो पानी अधिक होने से उस समय शव खोजने के बाद भी नहीं मिला पर यह तो जांच के उपरांत ही सत्यता सामने आयेगी कि नरमुंड किसका है।

# अरहर के खेत में शव मिलने से सनसनी परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बरसठी थाना क्षेत्र के चतुर्भुजपुर(निकुम्भनपुर) गांव की एक महिला की अरहर के खेत में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। शव को देखकर परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। बता दें कि पूजा सिंह पत्नी सौरव सिंह उम्र लगभग 22 वर्ष की शादी एक वर्ष पूर्व उपरोक्त गांव में सौरव के साथ हुई थी सौरव का बाइक एक्सीडेंट हो गया था तभी से वह विकलांग हो गया था अभी कुछ दिन पूर्व शादी का साल गिरह 17 नवम्बर को बहुत ही धूमधाम से मनाया गया था परिवार में सब कुछ अच्छा चल रहा था रविवार की रात लगभग 9-10 के बीच परिवार के संग खाना खाने के बाद पूजा ने बताया की अब हम सोने जा रहे है घर में बिना किसी से बताये पूजा शौच के लिये घर से बाहर निकली।लेकिन रात बीत जाने के बाद भी घर वापस नहीं आयी।रात में ही परिजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन उसका कही पता नहीं चल सका। जब सुबह शौच के लिये महिलाएं गयी तो देखा कि अरहर के खेत में पूजा का शव पड़ा हुआ था महिलाएं ने इसकी सूचना मृतका के घर वालों को दी। पति सौरव ने विकलांग पैर से अरहर के खेत में आकर देखा तो हतप्रभ हो गया। इसी बीच घरवालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक गोविन्द देव मिश्रा ने देखा तो शव के बगल में सल्फास का पुड़िया रखा गया था और मृतका का मोबाइल घटना स्थल से लगभग 200 मीटर दूर दूसरे खेत में मिला। शव को देखने के लिये आसपास के लोग भी मौके पर जुट गये। इस सन्दर्भ में थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सल्फास को देखने से मामला संदिग्ध लग रहा है मौके पर डॉग स्क्वायड व फोरेनसिक टीम को बुलाया गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा हो पायेगा। सौरव तीन भाइओ में सबसे बड़ा था इनके पिता मुंबई में रहकर किसी प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। मृतका का मायका राईपुर,सुरेरी है समाचार लिखें जाने तक मृतका के पिता बचाऊ सिंह भी आ गये थे। इस घटना कि सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी चोब सिंह भी मौजूद रहे।

## आईजी के निर्देश पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस/बीसलपुर। बरेली परिक्षेत्र के अपर पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ करने तथा बचाने आई मां को हमला कर घायल कर देने की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर ली है। कोतवाली में दर्ज कराएगी रिपोर्ट में क्षेत्र के एक ग्राम निवासी महिला ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके पड़ोस में रहने वाला युवक उनकी पुत्री पर गलत नियत रखता है। 11 नवंबर को रात्रि में दीवार फांद कर मकान के अंदर घुस आया। उनकी बेटी चारपाई पर सो रही थी उसे दबोच लिया और छेड़छाड़ करने लगा। शोर सुनकर जब वह मदद को मौके पर गई तो युवक ने हमला बोलकर उसे भी घायल कर दिया और जान से मार डालने की धमकी देता हुआ भाग गया। प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## एथेनॉल उत्पादन के लिए जिले में लगेगा 7500 करोड़ का प्लांट

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। जिले में इंडियन ऑयल कंपनी की तरफ से 7500 करोड़ रुपये की विशेष परियोजना लगाई जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन की तरफ से शाहगंज तहसील के गैरवाह में एथेनॉल (बायोडीजल) के उत्पादन व भंडारण के लिए 35 एकड़ भूमि 99 साल के लिए लीज पर उपलब्ध करा दी गई है। इस कार्य को तीन से चार माह में शुरु कर देना है। इससे जनपद के करीब तीन से चार हजार युवाओं के हाथों में रोजगार उपलब्ध होगा। सरकार की तरफ से पेट्रोल व डीजल में 15 फीसदी एथेनॉल(बायोडीजल) मिलाकर बेचने के निर्देश के बाद अब कंपनियां भी निवेश के लिए सतर्क हो गईं। इसके लिए कंपनियों को अनुमति के बाद ही निर्माण करना होगा।

# मेडिकल कॉलेज के सामने दुर्गा डायग्नोस्टिक सेंटर खुला

* जांच में असहाय जरूरतमंदों को मिलेगी सहूलियत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सिद्धीकपुर के सामने दुर्गा डायग्नोस्टिक सेंटर खुल गया है। जहां से अब लोगों को किसी प्रकार की जांच के लिए कहीं नहीं भटकना पड़ेगा। उन्हें मेडिकल कॉलेज के सामने सभी तरह की जांच स्वास्थ्य चिकित्सा सहूलियत मिल जाएगी। असहाय जरूरतमंदों गरीबो को विशेष सुविधा प्रदान की जाएगी। दुर्गा डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाघाटन युवा नेता विवेक यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अब लोगों को भीड़भाड़ से होकर शहर में जांच के लिए नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें सभी तरह की स्वास्थ्य संबंधी जांच सुविधा इसी केंद्र पर उपलब्ध रहेगी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो को काफी लाभ पहुंचाएगा। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आलोक यादव ने कहा कि लोगों की सहूलियत के लिए यह जांच केंद्र खोला गया है और इसमें गरीब असहाय जरूरतमंदों को विशेष सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा जो और भी जरूरते होंगे। उसका निदान मुख्यालय दुर्गा डायग्नोस्टिक सेंटर से भी किया जाएगा। यहा स्वास्थ्य संबंधी सभी प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध है। और मरीजों को दूर दराज भटकना नहीं पड़ेगा।उन्हें जेब भी ढीली नहीं करनी पड़ेगी। रेडियो डायग्नोसिस विशेषज्ञ डॉक्टर स्वती यादव ने बताया कि महिलाओं के लिए जांच की विशेष सुविधाए है।

ज्यादातर महिला स्टाफ है जिससे महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। यह दुर्गा डायग्नोस्टिक सेंटर द्वितीय शाखा मेडिकल राजकीय मेडिकल कॉलेज के सामने बजरंग कॉलोनी में लोगों को परिपूर्ण जांच मिलेगी। इस अवसर पर पंडित अखिलेश मिश्रा, आरपी सिंह, दिनेश चौहान, अशोक यादव, मिथिलेश यादव, बृजेश यादव, दिलीप मास्टर, बुल्लू यादव, रतन कुमार, विकास, राहुल प्रजापति, मुकेश कुमार, राजेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# भाजपा शीर्ष नेतृत्व के विश्वास पर खरे उतरे भाजपा विधायक




* 33 साल बाद कांग्रेस से भाजपा ने छीनी सीट
* बदलापुर विधायक को लगा बधाई देने का तांता

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर जिले के बदलापुर भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र भाजपा नेतृत्व के विश्वास पर खरे उतरते हुए मध्य प्रदेश के भिंड जिले के लहार विधानसभा को 33 वर्षो बाद कमल खिला कर भाजपा भाजपा की झोली में डाल कर भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा किया विश्वास पर खरे उतरे सीट जीतने के बाद वहां के भाजपा कार्यकर्ताओं समेत प्रदेश के लोगों का बधाई का तांता लग गया। गौरतलब हो कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा भिंड जिले के लहार विधानसभा में प्रवासी विधायक के रूप में जिम्मेदारी प्रदान किया गया था। श्री मिश्र प्रवास के दौरान लहार विधानसभा के विभिन्न हिस्सों में जाकर केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों से जनता को अवगत कराया और विधानसभा जीतने की रणनीति मध्यप्रदेश के रणनीतिकारों को अवगत कराया था कुशल रणनीति से लहार विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के 33 साल के कुशासन का अंत हो गया। और भाजपा प्रत्याशी अम्बरीष शर्मा गुड्डू को 12900 मतों से शानदार विजय प्राप्त हुई। विधायक रमेश चंद्र मिश्र लहार विधानसभा के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं समेत लहर विधानसभा लोगों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी

# जिले के दो युवकों की लखनऊ में सड़क हादसे में मौत, एक घायल

**✻ भांजे के तिलक में शामिल होकर लौटते समय हुआ हादसा**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जिले के हसनगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी दो युवकों की बीती देर रात लखनऊ में टैंकर की टक्कर से मौत हो गई। उनके साथ रहा एक युवक घायल है जिसका इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है। तीनों भांजे के तिलक समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। सोमवार दोनों के शव गांव पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के नेवालगंज गांव निवासी रमेश के भांजे का तिलक रविवार लखनऊ के महतवा शिवरी में था। उसी में शामिल होने के लिए वह अपने भाई रामजीवन और पड़ोसी भोला के साथ गया था। कार्यक्रम संपन्न होने पर देर रात तीनों बाइक से गांव वापस लौट रहे थें। तभी लखनऊ के पानखेड़ा के पास डामर के टैंकर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने रमेश और भोला को मृत घोषित कर दिया। यह सूचना गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रमेश की पत्नी रज्जो, बेटे रोहित, मोहित और बेटी काजल समेत अन्य परिजन रो रोकर बेहाल हैं। यही हाल कमोबेश भोला के परिवार का भी है। उसकी पत्नी ममता और दो बेटे आशीष और बउआ का भी रो रोकर बुरा हाल है। हसनगंज कोतवाल राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया की कोतवाली क्षेत्र दो युवकों की लखनऊ में सड़क हादसे में मौत हुई है।





# डंपर की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**✻ एक माह पूर्व माखी के थाना गांव के पास हुआ था हादसा**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

माखी थाना क्षेत्र में हरदोई मार्ग पर डंपर की टक्कर से घायल युवक की लखनऊ के केजीएमयू में मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर लौट आए। सूचना पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के खोखापुर गांव निवासी छविनाथ(41) पुत्र शिव मंगल किसान था। बीती तीन नवंबर को वह अपने काम से उन्नाव आया था। वापस लौटते समय माखी क्षेत्र में हरदोई रोड पर थाना गांव के पास तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मारी थी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया था। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां उसकी हालत गंभीर देख उसे डाक्टर ने रेफर कर दिया। परिजनों ने छविनाथ को केजीएमयू लखनऊ में इलाज ले लिए भर्ती कराया था। सिर में आई गंभीर चोट के कारण वह एक माह से लखनऊ में भर्ती था। रविवार शाम को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर लौट आए। सूचना पर सफीपुर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पत्नी नीलम और मां शांति देवी जवान बेटे की मौत से रो-रो कर बेहाल है। पिता का साया सिर से उठने से बेटे मुकेश, हर्षित, प्रांशु व बेटी अनामिका भी सिसकती रही।

# टीम अंकित शुक्ला गौशाला में ठंड से ठिठुर रहे गोवंश का बनी सहारा



जन एक्सप्रेस । बिछिया/उन्नाव

राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला भीषण ठंड को देखते हुए जनपद भर के आवारा पशु व गोवंश का सहारा साबित हो रहे हैं हजारों गौवंश को ठंड से बचाने के लिए कंबल रजाई बोरा झूल प द्यहना कर ठंड से बचाया जा रहा है, अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने कहा कि हर कोई ठिठुर रहा है गर्म कपड़ों में भी ठंड नहीं थम रही ऐसे में जिले में बनी अस्थायी गोशालाओं में रहने वाले गोवंश भी बेहाल हैं टीनशेड और तिरपाल के नीचे रह रहे गोवंश भी ठंड से ठिठुर रहे हैं कुछ तो ठंड लगने से बीमार भी हो गए हैं, उनका कहना है कि जब उन्होंने अस्थायी गोशालाओं की जांच पड़ताल की तो हकीकत सामने आई कि अस्थायी गोशाला में प्रतिदिन सैकड़ों गोवंश ठंड से पीड़ित होकर मर रहे हैं ठंड से बचाने के लिए उन्होंने गोवंशों को सीमेंट की चादर वाले पक्के छह बरामदों में रखा और हवा ठंड रोकने के लिए रात में तिरपाल लगवाया और गोवंश को रंजाई कंबल से उन्हें ठंड से बचाया जा रहा है। उनके साथ अश्वनी अंकुश मोहित गोपाल आदित्य अर्पित अमन आलोक यथार्थ दुबे सत्यम सिंह सत्येंद्र कुमार द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

# नशे की हालत में सिर के बल गिरा युवक, मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बिहार थाना क्षेत्र में नशे की हालात में एक युवक की सिर में चोट लगने से मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। बिहार थाना क्षेत्र के पुरंदरपुर मजरे थरि निवासी गुड्डु(42) पुत्र बृजेन्द्र बहादुर रविवार रात अत्यधिक नशे की हालात में होने के कारण घर वापस आते समय गिर पड़ा और उसके सिर में गम्भीर चोट लग गयी। जिससे उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घर आते समय रास्ते मे कई बार गिरता पड़ता आया। मृतक की करीब 3 वर्ष पूर्व शादी हुई थी लेकिन आपसी संबंधों में खटास आने के कारण उसकी पत्नी शादी के 2 माह बाद ही छोड़कर चली गयी थी। जिसके कारण वह काफी तनावग्रस्त रहने लगा और अत्यधिक नशे की आदत डाल ली। घटना की जानकारी पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मृतक का एक भाई रोहित है। एक बहन भी है जिसकी शादी हो चुकी है। पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

# रजबहों की सफाई के नाम पर जिम्मेदार अधिकारी सरकार को लगा रहे लाखों का चूना

**✻ रजबहों में अभी भी जमा हैं कूड़े के ढेर**

जन एक्सप्रेस । कोमल सिंह



चौबेपुर। उत्तर प्रदेश सरकार एक और जीरो टॉलरेंस पॉलिसी को अपनाए हुए हैं वहीं अधिकारी अभी भी सरकार की नीतियों को चुनौती देते हुए नजर आ रहे हैं। चौबेपुर विकासखंड के अंतर्गत रजबहों की सफाई के नाम पर जिम्मेदार अधिकारी जमकर घोटाला कर रहे हैं। अधिकारियों के मिली भगत के चलते कागजों में तो सफाई हो रही हैं लेकिन वास्तविकता में लाखों रुपये का गोलमाल किया जा रहा हैं। आपको बताते चलें कि जहां एक तरफ प्रदेश सरकार समाज कों भ्रष्टाचार से मुक्त करने का प्रयास कर रही हैं वही दूसरी ओर सिचाई विभाग के कुछ जिम्मेदार अधिकारी सरकार के इस प्रयास कों पलीता लगा रहे हैं ऐसा ही कुछ देखने कों मिला जब जन एक्सप्रेस समाचार पत्र के संवाददाता ने ग्राउंड जीरो पर जाकर पड़ताल की तो देखा कि चौबेपुर विकास खण्ड अंतर्गत जहां सिचाई विभाग के जिम्मेदारों ने रजबहों(बम्बे) की सफाई के लिए पैसे दिखा कर सरकार से लाखों रुपये ले तो लिए हैं लेकिन सफाई की जगह पर बम्बो में सिर्फ जेसीबी चला कर माटी कों उलट पलट ही किया हैं वो भी पुरे बम्बे की नहीं बल्कि कागजों में दिखाने के लिए बम्बे के कुछ हिस्से की ही साफ सफाई की है। जबकि सिचाई विभाग द्वारा सफाई के लिए सरकार से भारी रकम लेके ठेका उठाया जाता हैं। जिससे बम्बा साफ रहे ओर किसानो कों फसलों की बुआई आदि में साफ पानी मिल सके लेकिन भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी के चलते सफाई के बावजूद कई बार बम्बा चोक हो जाता हैं और किसानो कों उसका पानी तक नहीं मिल पाता हैं। इस लापरवाही के चलते कई बार तो बम्बे पटरिया तक फट जाती हैं जिसके कारण उसके आस पास खड़ी किसानों की फ़सल जलमग्न हो कर नष्ट हो जाती हैं। लेकिन इससे शायद उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उन्हें तो सिर्फ अपने कमीशन से मतलब हैं। चौबेपुर विकासखंड के कई गांव में मात्र 100 मी0 ही रजबहों की साफ सफाई की गई है। अब देखने वाली बात यह होगी कि जिलें के आला अधिकारी इस और ध्यान देते हैं या फिर कमीशन खोर अधिकारियों की यूं ही बल्ले बल्ले होती रहेगी।

# राजमार्ग किनारे नवजात का शव पड़ा मिलने से मचा हड़कंप

**✻ जिस बैग के अंदर नवजात बच्चे का शव मिला है उस बैग में तौलिया, स्वेटर, साड़ी आदि कपड़ो से भरा हुआ था**

**✻ पुलिस के अनुसार नवजात बच्चे की उम्र एक से दो माह की है।जबकि ग्रामीणों के अनुसार बच्चे की उम्र एक साल तक की लग रही थी**

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ कानपुर राजमार्ग के किनारे अजगैन के बख्तू खेड़ा गांव के पास झाड़ी में एक कपड़े से भरे बैग में एक दो माह का नवजात बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आसपास के लोगो में घटना की जानकारी होने पर घटना स्थल पर भीड़ जमा हो गई। लोगो ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नवजात शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया नवजात बच्चे के शरीर पर किसी भी तरह के चोट के निशान नही दिख रहे थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान में ग्रामीणों को दी स्वावलंबी बनने की जानकारी




जन एक्सप्रेस । चौबेपुर

विकास खंड के ग्राम पंचायत बहलोलपुर, पारा प्रतापपुर, इटरा, बन्सठी व राय गोपालपुर ग्राम पंचायतों में विकसित भारत अभियान संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपरोक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिवों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा सरकार द्वारा चलायी जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओ के बारें में जानकारी दी। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना, कृषि बीज में सब्सिडी, प्रधानमंत्री प्रोत्साहन राशि योजनाओ के बारें में बिंदुवार तरीकें से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी एस एन कश्यप एवं ब्लाक प्रमुख चौबेपुर राजेश शुक्ला ने परंपरागत तरीके से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर ए डी ओ पंचायत मुकेश यादव, एडीओ आई एस बी अनुज मिश्रा, एडीओ कृषि उमाशंकर यादव, ग्राम प्रधान ऋषि दुबे, ग्राम प्रधान मुन्नी देवी पत्नी धनीराम कुशवाहा, प्रधान प्रतिनिधि राजेश कोरी, ग्राम पंचायत सचिव शिवप्रताप सिंह, सत्यम पटेल, अरुण सोनकर, राजेश कुमार कृषि विभाग, राघवेंद्र कुशवाहा पशु पालन विभाग, लाखन सिंह रोजगार सेवक, ज्योत्सना पंचायत सहायक एवं सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिरैचा मऊ गांव में तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील के थाना शिवराजपुर क्षेत्र के बिरैचामऊ गांव में रविवार देर रात नशे की हालत में आकर एक के बाद एक किसान के सर पर वार कर मौत के घाट उतार दिया पुलिस को घटना स्थल पर से खाली देशी शराब के पाऊज बोतल खाली पानी की बोतल मिली नमकीन के पैकेट मिले है डीसीपी वेस्ट विजय ढुल एडीसीपी आकाश पटेल एसीपी बिल्हौर अजय कुमार त्रिवेदी ने घटना स्थल पर पहुंचकर डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम की मदद से कई अहम सबूत एकत्रित कर गांव के तीन आरोपी पप्पू, विनय, आशीष को गिरफ्तार कर लिया है रविवार को बिरैचामऊ गांव निवासी प्रकाश पाल(45) वर्ष का शव गांव के बाहर खेतो में पेड़ के नीचे पड़ा मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया था फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर कई अहम सबूत एकत्रित किए है डीसीपी वेस्ट विजय ढुल एडीसीपी आकाश पटेल बिल्हौर एसीपी शिवराजपुर थाने की पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी थी परिजनों ने गांव के तीन युवकों पर हत्या कर शव फेकने का आरोप लगाया था पुलिस ने तीनों आरोपियों को देर रात तक गिरफ्तार कर चुकी थी सोमवार को थाने में प्रकाश पाल के बेटे रवि पाल की तहरीर पर गांव के ही तीन आरोपी पप्पू विनय आशीष के खिलाफ नामजद हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है शिवराजपुर क्राइम स्पेक्टर व कार्यवाहक थाना प्रभारी शिवशंकर पटेल ने बताया की तीनों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी आला कत्ल का कोई सबूत नही बरामद हुआ है सोमवार को एडीसीपी आकाश पटेल बिल्हौर एसीपी अजय त्रिवेदी दिन भर गांव में कई लोगों से बातचीत और सबूत इकट्ठा करने में जुटे रहे। मंगलवार को खेरेश्वर घाट पर मुखाग्नि दी जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### रेलवे लाइन के किनारे घायल अवस्था में पड़ा मिला सेवानिवृत्त कर्मचारी, मौत

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में जैतीपुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिरकर एक सेवानिवृत्त कर्मचारी गंभीर रूप घायल हो गया। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को नवाबगंज सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। लखनऊ के आलम नगर बेती निवासी नागेंद्र पाल गोपाल उम्र 65 पुत्र बी.एस.गोपाल रेलवे विभाग में एमसीएम पद से रिटायर कर्मचारी है। रविवार देर रात जैतीपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन के किनारे रिटायर कर्मचारी को ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ देखा तो सूचना स्टेशन मास्टर को दिया। स्टेशन मास्टर की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने उसे एम्बुलेंस की मदद से नवाबगंज सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने रिटायर कर्मचारी के जेब में मिले कागजात और रेलवे आईडी कार्ड से शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### पंकज यादव की माता की पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। अंबिकापुरम निवासी पूर्व सभासद पंकज यादव(पत्रकार) की मां स्व. राम जानकी यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर राजधानी मार्ग पर विशाल भंडारे का आयोजन कराया। इससे पहले उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। जिसके बाद आने जाने वाले लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा। भंडारा दोपहर से देर शाम तक अनवरत चलता रहा। जहां सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे और प्रसाद चखा। इस मौके पर धर्मेन्द्र यादव, वीरेन्द्र शुक्ला, मिन्टू वर्मा, योगेन्द्र टीटू, विजय यादव, धीरज यादव, अभिषेक द्विवेदी, अंकित यादव, मौजूद रहे।




### बारिश के बाद बढ़ी सर्दी, छाता लगाकर निकले लोग

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। सोमवार सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। दोपहर में अचानक मौसम बदला और बारिश होने लगे। जिसके बाद शाम करीब चार बजे शुरू हुई झमाझम बारिश से सर्दी बढ़ गई। जरूरी काम को आने जाने वाले लोग छाता लगाकर निकले। वहीं नगर के सर्वोदय नगर, गोपीनाथ पुराम, श्री नगर, कंचन नगर, आदर्श नगर में जल निकासी न होने से लोग परेशान रहे। वहीं जलनिकासी न होने पर बारिश के कारण कंचन नगर मुख्य मार्ग समेत आदर्श नगर, गांधी नगर, पोनी रोड, मंशा खेड़ा, नाथूखेड़ा, बिंदा नगर, ब्रम्ह नगर, श्रीनगर, नेहरू नगर में जलभराव की स्थिति बन गई। लोगों को जलभराव से होकर गुजरना पड़ा। वहीं पोनी रोड पर बारिश बंद होने के बाद जलभराव बना रहा। वहीं बारिश होने से सर्दी बढ़ गई। जिससे हर कोई ऊनी कपड़ों में दिखाई पड़ा।



### कानपुर और शुक्लागंज की ओर से ई बसें निकलने से संकरे मार्ग में फंसी

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे नवीन पुल पर संकरे मार्ग के कारण जाम लगना शुरू हो गया। इसी बीच कानपुर और शुक्लागंज की ओर से ई बसें निकलने से संकरे मार्ग में फंस गई और जाम तीखा हो गया। जाम को देख मौजूद पुलिस ने जाम छुड़ाने का प्रयास किया। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम लगने के कारण कानपुर आने जाने वाले लोग विलंबित हो गये। वहीं पोनी रोड तिराहे पर ई रिक्शा और टेंपो आड़े तिरछे खड़े होने से फोरलेन पर भी जाम की स्थिति बनी रही। इसके अलावा बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर आरओबी का कार्य होने के कारण भी पूरे दिन रूक रूक कर जाम लगता रहा। जिससे जाम में तमाम वीआईपी, एम्बुलेंस भी फंसी रही।

# तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

मौसम विभाग का पूर्व आकलन है कि आगामी पांच दिवस के मध्य आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के चलते आज पांच दिसम्बर को तेज हवाओं के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने की संभावना अति प्रबल है। उक्त जानकारी सोमवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि कानपुर मण्डल के आस–पास सोमवार दिन का अधिकतम तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

# बिल्हौर एसीपी ने मकनपुर दरगाह पहुंचकर थानाध्यक्ष सहित पुलिस कर्मियों के कार्य को सराहा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील ही नहीं पूरे भारत में मशहूर मकनपुर जिंदा शाह उर्स में कोने-कोने से जायरीन आते हैं इसी कड़ी में रविवार सुबह जिंदा शाह मदार के 607वें तीन दिवसीय उर्स का समापन हो गया। कमेटी ने सोमवार को उर्स के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताया। इंतजामिया कमेटी के शज्जादा नसीन नजीबुल बाकी व मोहतमीम मौलाना फैजुल अनवार, मकनपुर प्रधान मजाहिर हुसैन आदि ने बताया कि एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी, इंस्पेक्टर अरौल प्रेमचन्द्र कनौजिया और मकनपुर चौकी इंचार्ज राजेश कुमार सिंह सहित दर्जनों पुलिसकर्मी लगातार उर्स के दौरान चप्पे चप्पे पर तैनात रहकर नजर बनाए रहे हैं। उनकी सक्रियता से शांति व्यवस्था पर जर्रा बराबर भी आंच नहीं आई और उर्स सकुशल संपन्न हुआ। वे उर्स इंतजामियां व मोहतमीम कमेटी की ओर से प्रशासन का आभार प्रकट किया और उन्होंने समापन के दिन युवक नदी में डूब कर मौत हो जाने के बारे में भी जनता से चर्चा की जिसमें यह चीज साफ हो गई की चिन्हित स्थान पर पुलिस प्रशासन और बैरिकेडिंग लगी थी लेकिन यह युवक अपने दोस्तों के साथ काफी दूर जाकर एकांत में स्नान कर रहे थे जो किसी ने नहीं देख पाया बाद में जब शोरगुल हुआ तो आगे काफी दूरी पर स्नान करने वाले लोगों ने उसकी तलाश की तो वह युवक का शव मिल गया था हालांकि उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया लेकिन डॉक्टर ने बताया उसकी मौत पहले ही हो चुकी थी। अरौल थानाध्यक्ष प्रेमचंद कनौजिया ने बताया कि विगत कई वर्षो पहले उसमें भी कुछ लोगों की डूबने से मौत हो चुकी थी जिसके चलते बेरीकटिंग और पर्याप्त पुलिस सुरक्षा मे नदी के घाट पर स्नान के स्थान पर लगाया गया था। बेरीकटिंग स्थान से पूर्व दिशा में काफी दूरी पर युवक दोस्तों के साथ नहाते हुए डूबा है।

### मधुमक्खियों के हमले से युवक गंभीर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। बिहार थाना अंतगर्त सुमेरपुर मोड़ पर मधुमक्खियो के हमले एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सुमेरपुर चौराहे पर सोमवार दोपहर करीब 3 बजे अचानक मधुमक्खीयो के झुंड ने एक व्यक्ति पर हमला बोल दिया। घायल युवक आशुतोष सिंह निवासी बिहार सुमेरपुर स्थित बाबू जयशंकर गयाप्रसाद महाविद्यालय में माइक्रोबायोलॉजी का प्रवक्ता है। करीब आधा घंटे तक युवक जमीन पर पड़ा कराहता रहा लेकिन मधुमक्खीयों ने पीछा नही छोड़ा। राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस ने बड़ी मसक्कत से युवक को गाड़ी में बैठा सुमेरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उसका उपचार चल रहा है।

# बहुत ही जल्द संपूर्ण विश्व सनातन मय होगा पं0 शिवाकांत महाराज




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

हँसारी झाँसी। साप्ताहिक श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा एवं सनातन महोत्सव के छठे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य पं0शिवा कान्त जी महाराज ने महारास का वर्णन करते हुए भगवान श्री कृष्ण के वृंदावन में यमुना तट पर महारास कराए जाने का वर्णन किया रास्ते में आए कामदेव ने परीक्षा लेने की बात कही और शर्त रख दी कि अगर वह सफल हो गए तो मैं आपका पुत्र बनकर आऊंगा और अगर मैं सफल हो गया तो आप मेरे पुत्र बनाकर आओगे कामदेव पराजित हुआ यही कामदेव भगवान का प्रद्युमन नाम का पुत्र बनकर आया व्यास जी ने कंस वध की कथा सुनाते हुए कहा कि मथुरा का राजा कंस सनातन धर्म को नुकसान पहुंचाने के लिए ब्राह्मण संतों पर अत्याचार एवं वेद पुराण शास्त्रों को जलाने का काम किया भगवान श्री कृष्णा इसीलिए अवतरित हुवे और आताताई का विनाश किया अंतरराष्ट्रीय साजिश हो रही है ब्राह्मण गए संत और वेद पुराणों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है वह समय दूर नहीं जब भगवान किसी न किसी रूप में अवतरित होकर सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए इस धरती पर आएंगे पं0शिवा कान्त ने श्री कृष्ण के विवाह का वर्णन करते हुए कहा विवाह उत्सव की बधाई पर मौजूद श्रद्धालु झूम कर नाचते हुए दिखाई दिए उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा एवं सनातन सत्संग महोत्सव के दौरान बताया कि जिसमें मनुष्य के मन में भी जो नकारात्मक सोच होती है वह दूर हो जाती हैं मनुष्य के जीवन में बहुत से परिवर्तित हो सकता है इसलिए भगवान की कथा अवश्य सुनना और करवाना चाहिए प्रत्येक मनुष्य को अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास पं0 शिवा कान्त महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के विवाह उत्सव की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने 16108 विवाह किए थे यह सब वेद के रचाए थे आज की कथा में दिल्ली एवं छतरपुर मध्य प्रदेश आदि जगहों से श्रोता एकत्रित हुए बड़ी संख्या में श्रोता एकत्रित होकर कथा का रसपान कर रहे हैं कार्यक्रम आयोजक एवं प्रधान यजमान पूजा पत्नी नितेंद्र रघुवीर राय फौजी आदि।

# बिल्हौर ब्लॉक के राढा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपन्न

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के लगभग हर ग्राम सभा में ब्लॉक प्रमुख और अन्य अधिकारियों द्वारा हर विभाग की योजनाओं के लाभार्थियों को कार्ड वितरण कार्यक्रम चल रहे हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र जनों को मिल सके इसके लिए चलाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत विकासखंड क्षेत्र के राढा गांव में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा विविध योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र आयुष्मान कार्ड आदि वितरित किए गए। ग्राम पंचायत राढा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम मे उपस्थित लोग बिल्हौर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती मनोरमा कठेरिया, समाज कल्याण अधिकारी पुष्पेंद्र, राशन एवं खाद्य अधिकारी ओमप्रकाश राणा व सचिव समीर गुप्ता ग्राम प्रधान शर्मिला अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे उन्होंने किसान सम्मन निधि प्रमाण पत्र, आवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, सहकारी समिति सदस्यता प्रमाण पत्र वितरण किए गए व सरकार द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया ने बताया कि सत्कार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ अगर मिला है तो उसको प्रमाण पत्र जरूर मिलना चाहिए जिससे यह पता चलेगा कि पात्र लोगों को इस योजना का लाभ मिला या अपात्र को भी दे रहे हैं।

# मिजोरम में जेडपीएम की सरकार

## 40 में से 27 सीट जीतीं, जोरमथंगा ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल

जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) को मणिपुर विधानसभा की 40 में से 27 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत मिला। इसके अलावा मिजो नेशनल फ्रंट को 10, भाजपा को भाजपा को दो और कांग्रेस को एक सीट मिली। भाजपा ने पलक और सैहा सीट अपने नाम की, जबकि कांग्रेस ने लांग्तलाई वेस्ट सीट पर जीत हासिल की। जीत दर्ज करने वाले जेडपीएम के प्रमुख नेताओं में पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालदुहोमा शामिल हैं। उन्होंने सेरछिप सीट पर मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के जे. माल्सावमजुआला वानचावंग को 2,982 वोटों से हराया। इस बीच मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथंगा ने सोमवार शाम को राज्यपाल हरी बाबू कंभमपति से मुलाकात की। उन्होंने विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी मिजो नेशनल फ्रंट की हार के बाद अपना इस्तीफा सौंप दिया।




### छह दलों के गठबंधन से बनी थी जोरम पीपुल्स मूवमेंट

जोरम पीपुल्स मूवमेंट पार्टी शुरुआत में छह क्षेत्रीय दलों का गठबंधन था। जिसमें मिजोरम पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, जोरम नेशनलिस्ट पार्टी, जोरम एक्सोडस मूवमेंट, जोरम डिसेंट्रलाइजेशन फ्रंट, जोरम रिफॉर्मेशन फ्रंट और मिजोरम पीपुल्स पार्टी शामिल थीं। 2018 में जेडपीएम ने इसी गठबंधन के साथ चुनाव लड़ा था और आठ सीटें जीतीं। इसके बाद चुनाव आयोग ने आधिकारिक तौर पर जुलाई 2019 में पार्टी को रजिस्टर्ड किया। सबसे बड़ी संस्थापक पार्टी मिजोरम पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, 2019 में गठबंधन से बाहर हो गई थी और बाकी बची पांच पार्टियां एक में शामिल हो गईं, जिसे जेडपीएमनाम दिया गया।

### सीएम समेत कई दिग्गज हारे

निर्वाचन आयोग के मुताबिक, मुख्यमंत्री जोरमथंगा आइजोल ईस्ट-प्रथम सीट पर जेडपीएम उम्मीदवार लालथनसांगा से 2,101 मतों से हार गए। चुनाव में जिन दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा, उनमें उप मुख्यमंत्री और एमएनएफ उम्मीदवार तावंलुइया शामिल हैं। उन्हें तुइचांग में जेडपीएम उम्मीदवार ने हराया। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री और एमएनएफ उम्मीदवार आर लालथंगलियाना दक्षिण तुईपुई में जेडपीएम के जेजे लालपेखलुआ से हार गए। ग्रामीण विकास मंत्री लालरुआत्किमा को आइजोल वेस्ट-द्वितीय सीट पर जेडपीएम के उम्मीदवार लालनघिंगलोवा हमार से हार झेलनी पड़ी।

### कौन हैं जोरम पीपुल्स मूवमेंट के नेता लालदुहोमा

एमएनएफ और कांग्रेस के अलावा मिजोरम में तीसरी बड़ी पार्टी जोरम पीपुल्स मूवमेंट है। इसके नेता लालदुहोमा एक पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं। जो पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की सिक्योरिटी संभाल चुके हैं। अभी राहुल गांधी की जब संसद सदस्यता गई थी तो लालदुहोमा एक बार फिर चर्चा में आ गए थे। दरअसल, लालदुहोमा ने 1984 में मिजोरम से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा सीट जीती थी। बाद में उनका राज्य कांग्रेस के नेताओं से मतभेद हो गया और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। वे 1988 में दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित होने वाले पहले लोकसभा सांसद बने।

### जेडपीएम और कांग्रेस ने 40-40 सीटों पर चुनाव लड़ा

एमएनएफ, जेडपीएम और कांग्रेस ने 40-40 सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि भाजपा ने 23 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। आम आदमी पार्टी (आप) ने चार सीटों पर चुनाव लड़ा था। इसके अलावा 17 निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में थे।

# लोकसभा में रिपोर्ट पेश होने तक मैं कुछ नहीं बोलूंगी : महुआ मोइत्रा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सदन में रिश्वत लेकर सवाल पूछने के मामले पर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। लोकसभा की एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट पर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने टिप्पणी करने से इकार कर दिया है। उन्होंने कहा, संसद में रिपोर्ट पेश होने के बाद मैं इस पर बोलूंगी। जब यह रिपोर्ट सदन में पेश ही नहीं हुई, तो मैं इस पर कैसे कुछ बोल सकती हूं। बता दें रिश्वत के बदले सवाल पूछने के मामले पर लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश की है।

### मुझे नहीं पता कि आचार समिति की रिपोर्ट में क्या है

वहीं दूसरी ओर, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सोमवार को गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने टीएमसी सांसद मोइत्रा पर आचार समिति की रिपोर्ट को सदन में पेश करने से पहले ही लीक कर दिया। साथ ही मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि आचार समिति की रिपोर्ट में क्या है।

### रिपोर्ट के पेश होते ही मैं इस पर टिप्पणी करूंगा : निशिकांत

रिपोर्ट से जुड़े सवालों पर जवाब देते हुए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि रिपोर्ट एक बार सदन में पेश होने दीजिए। मुझे नहीं पता कि रिपोर्ट में क्या है। मेरी जो शिकायतें थी, वो पहले ही मैंने कमेटी के सामने कह दिया था। रिपोर्ट के पेश होते ही मैं इस पर टिप्पणी करूंगा।

### समिति ने मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश की

बता दें एथिक्स कमेटी टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ रिश्वत के बदले सवाल पूछने के आरोपों की जांच कर रही है। कयास लगाए जा रहे थे कि चार दिसंबर को संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन लोकसभा में अपनी रिपोर्ट रखने वाली थी। लोकसभा आचार समिति ने पिछले माह स्पीकर ओम बिरला को रिश्वत के बदले सवाल पूछने के आरोपों से संबंधित अपनी मसौदा रिपोर्ट सौंपी थी। सूत्रों ने बताया कि समिति ने मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश की है।

## इमरान खान को राहत नहीं, साइफर केस में पूर्व पाक सेना प्रमुख और अमेरिकी अधिकारियों को बनाएंगे गवाह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गोपनीय राजनयिक केबल (साइफर) के मामले में मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इस बीच, सोमवार को उन्होंने अदियाला जेल में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि वह मामले में अपने बचाव में गवाह के तौर पर पूर्व सेना प्रमुख (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा और अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों को शामिल करेंगे। यह मामला इन आरोपों पर आधारित है कि पीटीआई पार्टी के प्रमुख इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने मार्च 2022 में वाशिंगटन में दूतावास द्वारा भेजे गए एक संचार को संभालने के दौरान देश के गोपनीय कानूनों का उल्लंघन किया। सोमवार को एक विशेष अदालत ने फैसला सुनाया कि इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी को गोपनीय राजनयिक केबल लीक करने के मामले में 12 दिसंबर को अभ्यारोपित किया जाएगा। मामले की सुनवाई के दौरान पत्रकारों के साथ बातचीत में पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि जनरल बाजवा और अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों को (मामले में) गवाह के तौर पर शामिल करेंगे। जनरल बाजवा ने सब कुछ डोनाल्ड लू के निर्देश पर किया। लू अमेरिका के राजनयिक हैं और दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री हैं। इमरान खान ने आरोप लगाया कि लू अविश्वास मत के जरिए उनकी सरकार को उखाड़ फेंकने की विदेशी साजिश में कथित तौर पर शामिल थे। सरकारी गोपनीयता कानून 2023 के तहत स्थापित विशेष अदालत ने अदियाला जेल में खुली सुनवाई की। पिछले साल मार्च में वॉशिंगटन में देश के दूतावास द्वारा भेजे गए एक गोपनीय राजनयिक केबल का खुलासा करके आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का कथित तौर पर उल्लंघन करने के लिए इमरान खान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।




# दोस्तों संग मिलकर भाई ने बहन के साथ किया दुष्कर्म

## फिर मौत के घाट उतारा, सभी आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ओडिशा के कंधमाल जिले में एक व्यक्ति ने अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर अपनी बहन के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया और फिर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### भाई के भाभी से थे अवैध संबंध : पुलिस

पुलिस ने बताया कि यह घटना तीन नवंबर को चाकापड पुलिस थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस द्वारा मामले का खुलासा करने के बाद व्यक्ति और उसके दोस्तों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि महिला (25 वर्षीय) को पता चल गया था कि उसके भाई का उसकी भाभी के साथ अवैध संबंध हैं। उसने उसे इसे खत्म करने के लिए कहा और चेतावनी दी कि अन्यथा वह दूसरों को इसके बारे में बता देगी।

### 'दोस्तों को बुलाया, बारी-बारी से किया दुष्कर्म'

उन्होंने बताया कि बहन को रोकने के लिए उसने एक योजना बनाई। घटना के दिन महिला पास के जंगल में सियाली के पत्ते लेने गई थी। उसका बड़ा भाई भी अपनी गायों के साथ वहां था। उसने अपने चार दोस्तों को जंगल में बुलाया, उन्हें नशे में धुत किया और शराब के नशे में उन्होंने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया।

### 'गला घोंटा और फिर कुल्हाड़ी से हमला किया'

चाकापड पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक ललित मोहन सागर ने बताया कि महिला ने जब इसका विरोध किया तो उन्होंने उसका गला घोंट दिया। फिर कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि भाई ने छह नवंबर को पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत भी दर्ज कराई थी।

जंगल में क्षत-विक्षत मिला था शव

उन्होंने बताया कि महिला का क्षत-विक्षत शव सात नवंबर को जंगल में मिला था। पोस्टमार्टम में पाया गया कि उसके साथ कई लोगों ने दुष्कर्म किया और फिर उसकी हत्या कर दी।



## पीएम मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। पीएम मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की समृद्ध समुद्री विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिवाजी ने ही सिंधुदुर्ग किले सहित कई तटीय किलों का निर्माण कराया था। बता दें कि मराठा साम्राज्य के संस्थापक की मुहर से ही नौसेना का नया ध्वज प्रेरित है। इसे पिछले साल तब अपनाया गया था, जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत का जलावतरण किया था। पीएम मोदी नौसेना दिवस के अवसर पर भारतीय नौसेना का प्रदर्शन भी देखेंगे।

# भारी बारिश के कारण चेन्नई के कई इलाकों में जलभराव, पुडुचेरी के तटीय इलाकों में धारा 144 लागू



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चक्रवात मिचौंग के पश्चिमी मध्य बंगाल की खाड़ी, दक्षिण आंध्र प्रदेश और उत्तरी तमिलनाडु से टकराने की उम्मीद है। इस संभावना को देखते हुए पुडुचेरी के जिला अधिकारी ने समुद्री इलाकों के आसपास धारा 144 लागू कर दिया है। जिला अधिकारी ने तीन दिसंबर की शाम सात बजे से पांच दिसंबर की शाम छह बजे तक लोगों को सुमद्री तटीय इलाकों में नहीं जाने का निर्देश दिया है। इस निर्देश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निर्देश का उल्लंघन करने वाले को जुर्माना या छह महीने की जेल की सजा सुनाई जाएगी। मौसम विभाग ने शुक्रवार को तमिलनाडु के उत्तर तटीय क्षेत्र, पुडुचेरी और करईकल में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में तीन दिसंबर से चार दिसंबर तक भारी बारिश होने की संभावना है।

### भारी बारिश के कारण चेन्नई में जलभराव

बंगाल की खाड़ी के ऊपर उठ रहे चक्रवात मिचौंग के आंध्र प्रदेश के वेलोर और मछलीपट्टनम में मंगलवार की दोपहर को 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के चलने की आशंका है। यह चक्रवाती तूफान फिलहाल दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के पास उठ रहा है। भारी बारिश के कारण चेन्नई में जलभराव हो गया। इस वजह से अलंदूर के थिलई गंगा नगर सबवे को बंद कर दिया गया है। तेज हवाओं के साथ भारी बारिश के बीच कनाथुर क्षेत्र में एक निर्माणाधीन दीवार ढह गई। इस हादसे में दो की मौत और एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### तमिलनाडु के राज्यपाल ने जारी किए निर्देश

चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण पूर्वी तटीय क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। चक्रवात के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। केंद्र और राज्य के एजेंसियों को लोगों की सुरक्षा और आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए भेजा गया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने कहा, स्थिति पर राज्य और केंद्र सरकार द्वारा उच्चतम स्तर पर देखा जा रहा है। मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे राज्य सरकार के निर्देश का पालन करें और घर पर ही सुरक्षित रहें।

### भारी बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की उम्मीद

चेन्नई के क्षेत्रीय मौसम विभाग के डायरेक्टर बालाचंद्रन ने कहा, 'चक्रवात मिचौंग उत्तरीपूर्वी और पूर्वी चेन्नई से केवल 100 किमी की दूरी पर है। पिछले छह घंटों में इसकी रफ्तार 10 किमी प्रति घंटा हो चुकी है। चक्रवाती तूफान के नेलोर और मछलीपट्टनम में शाम के चार बजे तक पहुंचने की संभावना है। चेन्नई में भारी बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की उम्मीद है।

### चेन्नई सेंट्रल ने 11 ट्रेनें कर दी रद्द

चक्रवात मिचौंग को देखते हुए चेन्नई सेंट्रल ने 11 ट्रेनें रद्द कर दी है। भारी बारिश के कारण व्यासरपाड़ी और बेसिन ब्रिज नंबर 14 पर पानी का स्तर खतरे के निशान से ऊपर चला गया है। तूफान के कारण चेन्नई, तिरुवल्लुर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू जिले के सभी स्कूल, कॉलेज, दफ्तर, बैंक और अन्य सरकारी दफ्तरों को पांच दिसंबर तक बंद रखा गया है। भारतीय सेना की 12 मद्रास यूनिट ने चेन्नई के मुगलिवक्कम और मनापक्कम इलाकों में भारी बारिश और जलभराव से प्रभावित लोगों के बचाव में जुटे हुए हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# 'सचिव ने मुझे मृत दिखा दिया मेरी पेंशन रोक दी गई साहब'

**✱ जनता दर्शन में गये फरियादी की डीएम के आदेश पर मौके पर ही फरियादी की पेंशन हुई बहाल**

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



सोमवार तहसील मितौली क्षेत्र के मैगलगंज गांव निवासी राधिका देवी पत्नी रज्जन लाल अपनी फरियाद लेकर सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के सामने उपस्थित होकर कहा कि साहब सत्यापन के दौरान कागजों में सचिव ने मुझे मृत दिखा दिया, जिस कारण मेरी पेंशन रोक दी गई है। डीएम ने तत्काल जिला समाज कल्याण अधिकारी को तलब किया। उसकी पेंशन तत्काल शुरू कराने की कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए। दोषी कर्मियों के खिलाफ जांच के निर्देश भी दिए हैं।डीएम के निर्देश पर कलेक्ट्रेट पहुंचे डीएसडब्लूओ सुधांशु शेखर ने पूरे मामले को चेक कराया, जिसमें पेंशनभोगी महिला की शिकायत सही मिली। सत्यापन के दौरान सचिव ने फरियादी महिला को मृतक दिखा दिया, जिस कारण इसकी पेंशन ब्लॉक कर दी।उन्होंने पेंशन को ऑन स्पॉट अनब्लॉक कराया। फरियादी महिला की केवाईसी कराते हुए विकास भवन स्थित इंडियन बैंक पहुंचकर एनपीसीआई कराया। अगले माह को मिलने वाली किस्त में महिला को पेंशन का लाभ मिलेगा। डीएम की दरियादिली से खुश होकर गरीब वृद्ध ढेरों दुआएं देता हुआ चैंबर से विदा हो गया। डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि सत्यापन की जांच कर दोषी अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाए।डीएम ने डीएसडब्लूओ से संबंधित महिला की पेंशन रोके जाने को लेकर पूरी रिपोर्ट तलब की है। पेंशनभोगी महिला को सत्यापन में मरा दर्शाने के पीछे किसकी लापरवाही है। डीएम ने कहा कि किसी जिंदा व्यक्ति को कागजों में मृत दिखा देना गंभीर लापरवाही है। इस बात की जांच कराई जा रही है कि महिला का सत्यापन किसने किया था। लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ गंभीर कार्रवाई होगी। महिला का पेंशन बहाल करने के आदेश दिए गए हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची विधानसभा श्रीनगर में



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा विधानसभा श्रीनगर में वि0खं0 लखीमपुर के ग्राम मुर्तिहा एवं रामपुर गोकुल मे, विधानसभा पलिया में वि0खं0 पलियाकलां के ग्राम मझगईं एवं गुलरा में, विधानसभा पलिया में वि0खं0 बांकेगंज के ग्राम रोशननगर एवं कोरैया लोहरना में, विधानसभा लखीमपुर में वि0खं0 नकहा के ग्राम रवही एवं रूखिया तथा विधानसभा निघासन में वि0खं0 निघासन के ग्राम कड़िया एवं सिंगाही देहात में पहुंची। विधायक सदर योगेश वर्मा द्वारा ग्राम रवही में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों तक पहुंच सके तथा वह लाभार्थी उस योजना का लाभ ले सके इसलिए इस यात्रा को गांव-गांव ले जाकर योजनाओं की जानकारी मुहैया कराई जा रही है।जिससे कोई भी लाभार्थी जिस योजना में वह पात्र है उस योजना से वंचित न रह सके।विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी ने ग्राम मुर्तिहा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा जो भी महत्वकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है उन्हें जन-जन तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। हम सब एकजुट होकर इन महत्वकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाए तथा उन्हें इन योजनाओं का लाभ दिला सके। साथ-साथ ग्रामवासियों से कहा कि आप सभी विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सपने विकसित भारत को पूरा करने में हमारा सहयोग करें।

कार्यक्रम में विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी, आलोक वर्मा खण्ड विकास अधिकारी फूलबेहड़, खण्ड विकास अधिकारी नकहा, ब्लाक प्रमुख पलिया वीरेन्द्र शुक्ला, ब्लाक प्रमुख नकहा पवन गुप्ता, ब्लाक प्रमुख फूलबेहड़ विश्वनाथ सिंह, शिव कुमार वर्मा सहा0वि0अ0 (आई0एस0बी0), गोबर्धन प्रसाद सहा0वि0अ0 (पं0), अनूप कुमार शुक्ला सहा0वि0अ0 (सह0), अनुज शुक्ला 'बीटू', शशि शंकर शुक्ला, गजराज, अजय, शिवराज राणा, धीरज शुक्ला 'मोनू', राजू चौरसिया, गोविंद चौहान, प्रेम बाजपेई, नागेन्द्र सिंह सेंगर, विकास मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष संदीप मौर्या, दीपक मिश्रा, राजेश दीक्षित, ग्राम प्रधान नौरंगाबाद, नितिन वर्मा सहित भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत,सामान लेकर घर जा रहा था

जन एक्सप्रेस/सुनहरा

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर में एनएच 730 पर बाइक से अपने घर जा रहे युवक की सामने से आ रहे ट्रेक्टर ट्राली से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों की उपस्थिति में पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।रविवार को देर सायं एनएच 730 पर कस्बा खमरिया से कुछ सामान लेकर बाइक से घर जा रहे उत्तम कुमार (21) पुत्र राजित को सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि उत्तम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जिनकी जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं अचानक हुए हादसे में उत्तम की मौत होने के बाद परिवार में चीख पुकार मची हुई है। इस बाबत उपनिरीक्षक सुनील बाबू अवस्थी ने बताया कि शव का पंचनामा भरवाकर पीएम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड को राष्ट्रीय ऊर्जा कुशलता पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया

जन एक्सप्रेस । पलियाकलां खीरी




बजाज ग्रुप की बजाज एनर्जी व ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड को राष्ट्रीय ऊर्जा कुशलता पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार काउंसिल आफ एनवायर एक्सीलेंस (सीईई) द्वारा दिया गया है। बजाज ग्रुप की तरफ से यह पुरस्कार सीनियर वाइस प्रेसीडेंट नरेंद्र बाधवा ने ग्रहण किया। बजाज की दोनों कंपनियों ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने पर यह सम्मान हासिल किया है। पहली दिसंबर को नई दिल्ली में सीईई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बजाज एनर्जी लिमिटेड (बीईएल) ने नेशनल एनर्जी इफीशिएंट टीम आफ दि इयर पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार कंपनी को उसकी असाधारण समर्पण, नवाचार और उत्कृष्टता के कारण दिया गया है। ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (एलपीजीसीएल) को भी नेशनल एनर्जी इफीशिएंट प्लांट आफ दि इयर पुरस्कार दिया गया। इस श्रेणी में कंपनी की विशेष उपलब्धि को रेखांकित किया गया है। इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए देश के कुल 152 प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच मुकाबला था जिसमें से बजाज ग्रुप की बीईएल व एलपीजीसीएल कंपनी ने बाजी मारी। एलपीजीसीएल को यह पुरस्कार पावर जेनरेशन सेक्टर में उत्कृष्ट कार्य करने और प्रतिबद्धता के साथ काम करने के लिए दिया गया है। कंपनी की तरफ से दोनों पुरस्कार सीनियर वाइस प्रेसीडेंट नरेंद्र बाधवा ने ग्रहण किया। राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजे जाने के बाद बीईएल के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह बकोटी ने कहा कि हमें नवाचार व सहयोग और पर्यावरणीय प्रबंधन के लिए पुरस्कृत किया गया है। यह उपलब्धि हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। साथ ही हमें एक स्थायी भविष्य की ओर चलने के लिए प्रेरित करती है। यह हमारी कार्यकुशलता की परिणति नहीं बल्कि ऊर्जा दक्षता और स्थिरता में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए मार्गदर्शक है। एलपीजीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अलहद नारायण सार ने कहा हम इस सम्मान से अभिभूत है जो ऊर्जा दक्षता में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए दिया गया है। यह हमारे समर्पण को दर्शाता है साथ ही इसका सकारात्मक प्रभाव हमारे भविष्य के कार्यो में दिखेगा।उन्होंने अपनी टीम को बधाई दी और कहा कि हमें इसी तरह काम करते हुए इस परंपरा को आगे भी बनाए रखना है।

## 5 दिन से लापता युवती का शव पेड़ से लटका मिला, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** के धौरहरा क्षेत्र में पांच दिन से लापता 19 वर्षीय युवती का शव गांव के बाहर खेत में पेड़ से लटकता मिला। उसकी चप्पलें पेड़ के नीचे पड़ी थीं। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। पुलिस ने युवती का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।गांव टेकी कुंडा निवासी चेतराम की पुत्री गामिनी (19) पांच दिनों से लापता थी। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। काफी खोजबीन के बाद भी युवती का पता नहीं चला। बताया जा रहा है कि युवती को तलाश रहे परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को नहीं दी थी।अमेठी गांव के ग्रामीणों ने दी सूचना रविवार की देर शाम करीब छह बजे अमेठी ग्राम सभा के ग्रामीणों ने पेड़ से युवती का शव लटकता देखा। शव मिलने का पता चला तो आसपास गांवों के ग्रामीण जमा हो गए। युवती की पहचान चेतराम पासी की पुत्री गामिनी के रूप में हुई। सूचना पर परिजन और पुलिस पहुंची।

# गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने सीखा बाल विकास और पोषण का तरीका

**✱ किसान पीजी कॉलेज में प्रबंध समिति के सचिव ने की चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ**

जन एक्सप्रेस । बहराइच



किसान पीजी कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग की ओर से सोमवार को चार दिवसीय कार्यशाला एवं व्याख्यान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डा.एसपी सिंह तथा प्राचार्य डॉ. विनय सक्सेना ने किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए मेज़र सिंह ने कहा कि गृह विज्ञान विषय का मौजूदा समय में महत्व बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि कालेज का गृह विज्ञान विभाग इस मामले में बेहतर है कि यहां शिक्षक और छात्र छात्राओं के बीच बेहतर तालमेल है। यह भविष्य निर्माण के बेहतर संकेत है। प्राचार्य डॉ. सक्सेना ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्र छात्राओं में नमी चेतना का संचार होता है। इस मौके पर भूगोल विभाग के प्रो. कृष्ण कुमार, अंग्रेजी विभाग के डा. शिव कुमार, बीएड विभाग के डा. मो. उस्मान, चित्र कला विभाग की सविता वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में छात्रा हिफ्जा जफर, खुशबू, खुशी खान, सौम्या, रुचि सिंह, अर्चना सिंह, मनीषा,श्वेता तिवारी, महशर, कीर्ति, रुचि शर्मा पोषण एवं बाल विकास के महत्व के बारे में सभी बच्चों ने व्याख्यान की प्रस्तुति की। कार्यक्रम का निर्देशन गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. तसनीम फातिमा ज़ैदी ने किया। उन्होंने कहा कि विभाग के द्वारा यह पूरी कोशिश की जाती है कि बच्चों का विकास विभिन्न क्रिया कलापों के द्वारा किया जाए, जिसमें पोषण एवं बाल विकास माडल की प्रस्तुति प्रस्तुति की गई। डॉ. जैदी ने कहा कि चार दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने विषय पर अपने व्याख्यान दिए।अन्य छात्राओं द्वारा 5 दिसंबर को व्याख्यान कराया जाएगा। 6 दिसंबर को विशेष अतिथियों के द्वारा व्याख्यान किया जाएगा साथ ही बच्चे कार्यशाला का आयोजन भी करेंगे साथ को सलाद डेकोरेशन से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। आज के व्याख्यान के दौरान छात्राओं से कुछ प्रश्नों को भी पूछा गया, जिसमें हिरामनी एवं चंचल मिश्रा ने सही उत्तर देकर पुरस्कार की विजेता बनीं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मोबाइल फोन की दुकान में लगी आग

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** शहर के घंटाघर के निकट पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर के कार्यालय से चंद कदम दूर स्थित थोक मोबाइल फोन की दुकान में देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें मोबाइल दुकान पूरी तरह से जलकर राख हो गई। अग्निकांड में लाखों का नुकसान हुआ है। कोतवाली नगर के चौक घंटाघर के निकट पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय लगभग दस गए की दूरी पर एक मोबाइल की दुकान संचालित है। चांदपुरा मार्ग पर एसबी थोक और फुटकर मोबाइल के विक्रेता हैं। रविवार देर रात को मोबाइल की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आसपास के लोगों ने सोमवार सुबह चार बजे दमकल विभाग को सूचना दी। प्रभारी अग्नि शमन अधिकारी गेंदालाल, लाखन सिंह, सरफराज चालक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग शार्ट सर्किट से लगने की संभावना जताई जा रही है। दुकान मालिक के मुताबिक तीन से चार लाख के बीच नुकसान हुआ है।

### इस बार 80 केंद्रों में संचालित होगी यूपी बोर्ड की परीक्षा

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा परिषदीय हाईस्कूल एवं इण्टर परीक्षा 2024 हेतु जनपद में 88 परीक्षा केन्द्रों की प्रस्तावित सूची जनपदीय समिति द्वारा परीक्षण किये जाने हेतु आनलाइन उपलब्ध करायी गयी। प्रस्तावित सूची पर विज्ञप्ति प्रकाशित कराते हुए आमंत्रित किये गये आपत्तियों पर विचार-विमर्श हेतु शनिवार को देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में तहसील स्तरीय समिति के सदस्यों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों पर उपलब्ध संसाधनों, परीक्षार्थियों के बैठने की क्षमता, विद्यालय भवन की स्थिति, शासन द्वारा निर्धारित अन्य मानकों इत्यादि का भौतिक सत्यापन कर लिया जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, नानपारा अजीत परेस, कैसरगंज पंकज दीक्षित, महसी राकेश कुमार मौर्या, मोतीपुर संजय कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसौदिया, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### जिले में निशुल्क खाद्यान्न का वितरण आज से

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह दिसम्बर 2023 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अन्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 05 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2023 तक किया जायेगा। यह जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि वितरण अवधि में प्रत्येक अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूॅ) तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को प्रति यूनिट की दर से 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूॅ) का वितरण नि:शुल्क किया जायेगा। इसके अलावा वितरण अवधि में अन्त्योदय कार्ड धारकों को 18 रू0 प्रति किग्रा0 की दर से प्रति कार्ड 03 किग्रा0 चीनी का वितरण भी किया जायेगा डीएसओ श्री तिवारी ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 20 दिसम्बर 2023 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। डीएसओ श्री तिवारी ने कार्डधारकों से अपील की है कि वितरण अवधि के दौरान ई-पास मशीन पर अंगूठा लगाने के पश्चात तत्समय ही अपना खाद्यान्न नि:शुल्क सम्बन्धित उचित दर विक्रेता से अवश्य प्राप्त कर लें। उन्होनें जिले के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। यदि किसी विक्रेता के विरूद्ध चौहद्दी के बाहर गांव एवं नगर में घूम-घूम कर अंगूठा लगवायें जाने सम्बन्धी शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## कन्या जन्मोत्सव: उत्साह, उल्लास से मना कन्या जन्मोत्सव, लिया बेटियों को बचाने, पढ़ाने का संकल्प

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना पखवाड़ा के माध्यम से भ्रूण हत्या व बाल लिंग अनुपात में सुधार को लेकर सोमवार को जिला महिला अस्पताल पर कन्या जन्मोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें नवजन्मी बालिकाओं के अभिभावको को बेबी किट मिष्ठान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कैलेंडर, बधाई पत्र आदि प्रदान किए। प्रशासन की इस पहल पर कन्याओं के जन्म लेने पर परिजनों में खुशियां और उत्साह देखने को मिला।सीएमएस डॉ ज्योति मल्होत्रा ने कहा कि बेटियां बेटों से किसी भी मामले में कम नहीं होती है। हर माता-पिता को अपनी बेटियों को पढ़ने का अवसर जरूर देना चाहिए। जिस गति से शिशु लिंगानुपात घट रहा है। उससे आने वाले दिनों में कई तरह की सामाजिक समस्याएं आएंगी। बेटों की तुलना में बेटी माता-पिता का ज्यादा ख्याल रखती है। महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्रा बिष्ट ने कहा कि हमें बेटी के जन्म पर भी खुशी मनानी चाहिए। देश, समाज के विकास के लिए बेटी की परवरिश पर बराबर ध्यान दिया जाएं। बेटियों की शिक्षा के प्रति लोग जागरूक बनें और उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही।

# विधायक ने कोतवाल की कुर्सी पर बैठकर लगाई फटकार, कहा-कोतवाली परिसर में घुसने न पाए नपाप अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । बहराइच



विधानसभा क्षेत्र नानपारा से अपना दल एस के विधायक मारपीट के एक मामले में कुछ दिन पूर्व रात के वक्त कोतवाली पहुंचे थे। विधायक ने कोतवाल की कुर्सी पर बैठकर सीओ और कोतवाल को फटकार लगाते हुए यह कहा था कि नगर पालिका अध्यक्ष नानपारा किसी भी कीमत पर कोतवाली परिसर में घुसने न पाए। इस दौरान उनके समर्थक भी मौजूद थे। मामला करीब 10 दिन अधिक पुराना है। लेकिन इसका वीडियो अब बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। जिसको लेकर हर तरफ चर्चाएं हो रही है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली नानपारा थाना क्षेत्र के भोपतपुर बेलवा गांव पंचायत के पास मार्ग दुर्घटना में करीब दस दिन पूर्व कुछ लोग घायल हुए थे। जिसमे एक घायल विधायक की पार्टी का कार्यकर्ता भी था। विधायक नानपारा राम निवास वर्मा अपने कार्यकर्ता को देखने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा पहुंचे थे। जहां पर आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के साथ भी मेडिकल रिपोर्ट बदलने को लेकर कहासुनी हुई थी। बताते यह भी हैं कि विधायक ने चिकित्सक को थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद विधायक कोतवाली नानपारा पहुंचे थे। विधायक के समर्थक भी उनके साथ थे। विधायक ने कोतवाल के चेंबर में घुसकर उनकी कुर्सी पर बैठने के बाद कोतवाल और क्षेत्राधिकारी नानपारा को फटकार लगाई और यह आदेश दिया कि किसी भी कीमत पर नगर पालिका अध्यक्ष नानपारा अब्दुल वहीद कोतवाली परिसर में घुसने न पाए। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को भी निर्देश दिया कि यदि कोतवाली में नगर पालिका अध्यक्ष दिखाई पड़े तो तुरंत इसकी सूचना उन्हें मोबाइल पर दी जाए। वह थाने में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी निकवाएंगे। उन्होंने धमकी भरे लहजे में नगर पालिका अध्यक्ष को भी देख लेने की बात कही है। मौजूद कुछ लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया और अब जब मामला करीब ठंडा पड़ चुका है। तब यह वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें विधायक साफ तौर पर कोतवाल और क्षेत्राधिकारी नानपारा को फटकार लगाते नजर आ रहे हैं। हजारों लोगों ने वीडियो देखा है और इसकी चर्चाएं क्षेत्र में तेजी से हो रही है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में भ्रष्टाचार की शिकायत डीएम से

जन एक्सप्रेस । बहराइच

**✱ मामले की जांच के लिए डीएम ने गठित की तीन सदस्यीय टीम**

**रुपईडीहा।** नव सृजित नगर पंचायत रुपईडीहा में आवासहीन लोगों को आवास मुहैया कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत आवास का आवंटन किया जाना था। नगरीय विकास अभिकरण की ओर से पात्र लाभार्थियों का चयन भी कर लिया गया। शासन की ओर से आवास निर्माण के लिए धन भी आवंटित कर दिया गया है। लाभार्थियों को प्रथम किस्त दी जा रही है। लेकिन इसी बीच डूडा के एक कर्मचारी की ओर से नगर पंचायत के एक सभासद के माध्यम से कमीशन लेने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी शिकायत नगर पंचायत के कुछ लोगों ने जिला अधिकारी से की है। इस पर जिलाधिकारी ने जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। जांच टीम जल्द ही अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को देगी। इसके बाद कार्रवाई होना तय है। वैसे इस मामले में सभासद की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सामने आई है। जिसमें उन्होंने डूडा के कर्मचारी को रिश्वत दिलाने की बात साफ तौर पर कही है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत नव सृजित नगर पंचायत रुपईडीहा का भी चयन किया गया था। नगर पंचायत क्षेत्र में 873 आवास बनने थे। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ उमाशंकर वैश्य ने बताया कि उप जिला अधिकारी नानपारा की ओर से लेखपाल के माध्यम से लाभार्थियों की सूची तैयार कराई गई थी। इसके बाद डूडा के अधिकारियों की ओर से भी इन लाभार्थियों का सत्यापन किया गया और सूची को अंतिम रूप दिया गया था। जिसके बाद शासन ने भवन निर्माण के लिए धन का आवंटन कर दिया। अब लाभार्थियों को भवन निर्माण के लिए धन का आवंटन किया जा रहा है। बताते हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत प्रति लाभार्थी ढाई लाख रुपए भवन निर्माण के लिए मिलने हैं। ऐसे में प्रथम किस्त ?50000 की लोगों के खाते में आ रही है। लेकिन इस मामले में बड़ा खेल किया जा रहा है। डूडा कार्यालय में तैनात एक कर्मचारी की ओर से प्रति लाभार्थी 10000 लिए जा रहे हैं। इसके लिए कार्यालय में तैनात कर्मचारी ने नगर पंचायत के एक सभासद को माध्यम बनाया है। सभासद के माध्यम से कुछ लोगों ने डूडा के कर्मचारी को रुपए दिए हैं। रुपए न देने पर कर्मचारी की ओर से लाभार्थियों को इस बात की धमकी दी जा रही है कि दूसरी किस्त नहीं दी जाएगी। ऐसे में लाभार्थी डरे सहमें है। इस मामले की शिकायत नगर पंचायत के करीब एक दर्जन लोगों ने सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी से मिलकर की है। जिस पर जिलाधिकारी ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। जांच समिति में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ तहसीलदार नानपारा को भी शामिल किया गया है। वैसे इस मामले की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी वायरल हो रही है। जिसमें नगर पंचायत के सभासद ने साफ तौर पर कहा है कि वह कुछ लोगों के साथ डूडा कार्यालय गए थे और कर्मचारी को रुपए दिलवाए हैं। वायरल ऑडियो की सच्चाई का पता तो जांच के बाद चलेगा। फिलहाल नगर पंचायत के लोगों में नगरीय विकास प्राधिकरण बहराइच के अधिकारियों कर्मचारियों की ओर से किए जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर रोष व्याप्त है। जिलाधिकारी की ओर से कराई जा रही जांच के बाद सही तथ्य उजागर होंगे। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नवाबगंज ललित कुमार त्रिपाठी का कहना है कि कहना है कि लाभार्थियों से की जा रही है अवैध वसूली का मामला गंभीर है। शासन स्तर पर इसकी शिकायत की जाएगी।

## भारत रत्न डॉ. एपीजे अबदुल कलाम मेमोरियल आल इण्डिया फुटबाल टूनार्मेंट का हुआ उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस/सिंगाही खीरी।** रिमझिम बारिश के फुहारों के बीच आज शुरू हुये भारत रत्न डा0 एपीजे अबदुल कलाम मेमोरियल आल इण्डिया फुटबाल टूनार्मेंट का उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद जफर अली नक्वी ने फीता काट कर किया इसके बाद खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर बालभव में किक मार कर खेल का शुभारम्भ किया। टूनार्मेंट मे टीएफसी धनबाद और डीएफए कानपुर की टीमों के मध्य खेला गया। जिसमे टीएफसी धनबाद टीम विजयी हुई।भारत रत्न डा0 एपीजे अबदुल कलाम मेमोरियल आल इण्डिया फुटबाल टूनार्मेंट में टूर्नामेंट के आयोजक मोहम्मद कय्यूम ने मुख्यातिथि सांसद जफर अली नक्वी को वेलकम बेच व माल्यापर्ण कर स्वागत किया गया।